आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	34°C	27°C

इनसाइड न्यूज

भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

गुरुवार 11 सितंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 325 www.janexpresslive.com/epaper

बंगाली में और ज्यादा बोलो, डरने की... 12

नेपाल के बाद अब फ्रांस में बवाल

बजट कटौती के विरोध में 1 लाख लोग सड़क पर, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 300 उपद्रवी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पेरिस

नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया, प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को ब्लॉक एवरीथिंग नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

पिछले साल भी बजट पेश करने के बाद पीएम को इस्तीफा देना पड़ा था

फ्रांस की राजनीति में बजट हमेशा टकराव का बड़ा कारण रहा है। हर साल इसके जरिए यह तय होता है कि सरकार किन क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाएगी और कहाँ कटौती करेगी, और यही सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच खींचतान की जड़ बनता है। पिछले साल 2024 में भी यही हुआ। प्रधानमंत्री मिशेल बार्नियर ने संसद में बजट पेश किया, लेकिन उस पर भारी विवाद खड़ा हो गया। वामपंथी दलों ने आरोप लगाया कि बजट गरीब और आम जनता के खिलाफ है, क्योंकि इसमें सामाजिक कल्याण योजनाओं में कटौती की गई है। दूसरी तरफ दक्षिणपंथी दलों को शिकायत थी कि टैक्स और वित्तीय नीतियां उनके हितों पर चोट करती हैं। आम तौर पर एक-दूसरे के धुर विरोधी ये दोनों खेमे इस बार सरकार के खिलाफ एकजुट हो गए। उन्होंने संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाकर कहा कि बार्नियर की सरकार अब भरोसे के लायक नहीं रही। दिसंबर 2025 में हुए मतदान में सरकार अल्पमत में आ गई और प्रस्ताव पास हो गया। इसके साथ ही बार्नियर की सरकार गिर गई और राष्ट्रपति को नया प्रधानमंत्री चुनना पड़ा।

विरोध प्रदर्शनों के बीच लेकोर्नू ने प्रधानमंत्री पद संभाला

फ्रांस के नए प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने विरोध प्रदर्शन के बीच बुधवार को पदभार संभाला लिया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के करीबी और पूर्व रक्षा मंत्री लेकोर्नू पिछले दो सालों में पांचवें प्रधानमंत्री बने हैं। लेकोर्नू प्रधानमंत्री निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू से मुलाकात की। बायरू को संसद ने बजट घाटा कम करने की योजना को लेकर असहमति के चलते पद से हटा दिया था।

उपद्रवियों ने पेरिस के रेलवे स्टेशन में घुसने की कोशिश की

पेरिस पुलिस ने बताया है कि करीब एक हजार प्रदर्शनकारियों ने गारे दु नॉर्ड रेलवे स्टेशन में जबरन घुसने की कोशिश की। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक इस कोशिश को नाकाम कर दिया गया और स्थिति को काबू में ले लिया गया। फ्रांस के दक्षिणी बंदरगाह शहर मार्सेय में पुलिस ने 200 प्रदर्शनकारियों को मुख्य सड़क को ब्लॉक करने से रोक दिया। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी सड़क जाम करने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

वामपंथी और ग्रीन पार्टी का प्रदर्शनकारियों को समर्थन

फ्रांस में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों को वामपंथी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबाउड के नेता जां-ल्यूक मेलेंशों ने अगस्त में ही इस आंदोलन का समर्थन किया था। अब इससे अन्य वामपंथी दल भी जुड़ गए। दो प्रमुख मजदूर संघठनों ने प्रदर्शन में हिस्सा लेने की घोषणा की है। हालांकि ज्यादातर यूनियन 18 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल का इंतजार कर रही हैं। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नए प्रधानमंत्री, सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं। एक दिन पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

वेतन वृद्धि की मांग पर पेरिस में प्रदर्शन

पेरिस में बुधवार को श्रम मंत्रालय के बाहर सैकड़ों कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सीजीटी यूनियन के नेता अमार लाघा ने कहा कि 10 साल काम करने के बाद भी कर्मचारियों को 1600 यूरो नेट से ज्यादा वेतन नहीं मिलता। औशां, कार्फूर और मोनोप्रिक्स जैसी कंपनियों के कर्मचारी इसमें शामिल हुए। यूनियनों को उम्मीद है कि यह प्रदर्शन 18 सितंबर की राष्ट्रीय हड़ताल का रास्ता बनाएगा।

300 लोग गिरफ्तार

फ्रांस में बुधवार को हुए प्रदर्शनों में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे तक कुल 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 171 पेरिस में हुए। करीब 29 हजार लोग इसमें जुटे हैं। सुबह से 106 जगहों पर सड़कें खाली कराई गईं और 105 आगजनी की घटनाएं दर्ज हुईं। चार सुरक्षाकर्मी हल्के रूप से घायल हुए।

प्रदर्शन की 4 वजह

राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

बजट में कटौती

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

2 साल में 5 पीएम

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके।

अयोध्या से वाराणसी का सफर होगा महज दो घंटे में

एनएचएआई ने एक्सप्रेसवे के लिए डीपीआर तैयार करने को मांगी निविदाएं

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में सफर करने वालों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब अयोध्या से काशी जाने के लिए न तो घंटों जाम में फंसना होगा और न ही संकरी सड़कों से गुजरना पड़ेगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एन एच आई ने अयोध्या से वाराणसी तक एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए हैं। इस परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के लिए एनएचएआई ने निविदाएं आमंत्रित कर ली हैं। प्रस्तावित एक्सप्रेसवे की लंबाई लगभग 200 से 210 किलोमीटर होगी। इसकी खास बात यह होगी कि यह एक्सप्रेसवे पूरी तरह एक्सेस-कंट्रोल्ड होगा, यानी इस पर केवल तय इंटरचेंज से ही एंट्री और एग्जिट मिल पाएगी। इससे न केवल गति बढ़ेगी, बल्कि यात्रा और अधिक सुरक्षित भी हो जाएगी।

यात्रा का समय घटकर होगा आधा

वर्तमान में अयोध्या से वाराणसी पहुंचने में सड़क मार्ग से लगभग चार घंटे का समय लगता है। रास्ता कई जगहों पर संकरा है और यातायात का दबाव भी काफी अधिक रहता है। लेकिन इस नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद यह दूरी महज दो घंटे में तय की जा सकेगी। इससे न केवल आम यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि कारोबारियों और पर्यटकों को भी बहुत लाभ मिलेगा।

तीर्थ, पर्यटन और व्यापार को मिलेगी नई गति

यह एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा को सुगम बनाएगा, बल्कि इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। अयोध्या और वाराणसी दोनों ही शहर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व सांस्कृतिक केंद्र हैं। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे में यह एक्सप्रेसवे तीर्थाटन को नया आयाम देगा। इसके साथ ही, इस मार्ग पर पड़ने वाले कस्बों और गांवों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। एक्सप्रेसवे के इर्द-गिर्द व्यवसाय, लॉजिस्टिक्स, होटल और अन्य सेवाओं के विस्तार की संभावना बढ़ेगी। स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

क्या कहते हैं अधिकारी

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, अयोध्या-वाराणसी एक्सप्रेसवे की डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। एक बार डीपीआर तैयार हो जाने के बाद भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृति और निर्माण कार्य के लिए प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि, एक्सप्रेसवे के रूट की योजना इस प्रकार तैयार की जा रही है कि यह कम से कम कृषि भूमि को प्रभावित करे और अधिक से अधिक आबादी को जोड़ सके। हमारी प्राथमिकता है कि निर्माण कार्य 2026 की शुरुआत तक शुरू कर दिया जाए।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की है विशेष रुचि

बताया जा रहा है कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष प्राथमिकता में शामिल है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ धाम के विस्तार के बाद यह दोनों शहर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से उभरे हैं। ऐसे में दोनों शहरों के बीच तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा का मार्ग आवश्यक हो गया था। बहरहाल अयोध्या-वाराणसी एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा के समय को आधा करेगा, बल्कि यह पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और रोजगार को नई दिशा देगा। जल्द ही डीपीआर तैयार होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हो सकता है, जिससे यूपी के विकास को एक और रफ्तार मिलनी तय है।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होगा कनेक्शन

एनएचएआई की योजना के अनुसार, इस नए एक्सप्रेसवे का एक इंटरचेंज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा। इसका सीधा लाभ यह होगा कि नेशनल कैपिटल रीजन एनसीआर अयोध्या और वाराणसी के बीच निर्बाध यात्रा सुनिश्चित की जा सकेगी। एनसीआर से वाराणसी जाने वाले यात्रियों को राजधानी लखनऊ या दूसरे रास्तों से होकर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

छात्रों का फूटा गुस्सा: पेट्रोल लेकर कॉलेज की छत पर चढ़े एबीवीपी कार्यकर्ता, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

- गोपेश्वर पीजी कॉलेज में तीन सितंबर से आंदोलन जारी
- पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा, छात्रों ने डीएम से मिलकर रखी मांगें
- शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

जन एक्सप्रेस। चमोली

गोपेश्वर। उत्तराखंड में छात्र आंदोलन ने बुधवार को उग्र रूप ले लिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े छात्रों का गुस्सा प्रदेश सरकार पर इस कदर फूटा कि वे पेट्रोल की बोतल लेकर गोपेश्वर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) की छत पर चढ़ गए और आत्मदाह की चेतावनी देते हुए जमकर नारेबाजी की। छात्रों का यह आंदोलन कॉलेज में शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर चल रहा है, जो 3 सितंबर से जारी है। मंगलवार को छात्रों ने आमरण अनशन शुरू किया और बुधवार को आंदोलन की गंभीरता और बढ़ गई। छात्र शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते रहे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने गेट खोलकर छत पर पहुंचकर छात्रों को शांत कराया और नीचे उतारा। बाद में छात्र जिलाधिकारी से मिले और अपनी मांगों से अवगत कराया। डीएम ने विवि को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। अभी तक शासन की ओर से छात्रों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे छात्र संगठन और अधिक आक्रोशित हैं। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

प्रमुख मांगें

- परीक्षा परिणाम में त्रुटियों को तत्काल ठीक किया जाए।
- पीजी कॉलेज गोपेश्वर को श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का स्थायी कैंपस घोषित कर डायरेक्टर की नियुक्ति हो।
- परीक्षा संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क स्थापित की जाए।
- समर्थ पोर्टल की लॉगिन और आईडी कॉलेज प्रशासन को सौंपी जाए।
- कॉलेज में शुद्ध पेयजल के लिए सभी संकायों में वॉटर फिल्टर लगाए जाएं।
- शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- छात्रावासों की मरम्मत व रंग-रोगन किया जाए।
- रिक्त पदों पर शिक्षकों और सफाई कर्मियों की तत्काल नियुक्ति हो।
- गृह विज्ञान और संगीत की कक्षाएं आरंभ की जाएं।
- छात्राओं के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था की जाए।

नेपाल के सरकार विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 25 की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में जेन-जेड समूह के नेतृत्व में दो दिन चले सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 600 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस और अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संसद भवन की इमारत के सामने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 19 लोगों की मौत हुई, जिनमें अधिकांश युवक शामिल थे। नेपाल पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि काठमांडू के कोटेश्वर इलाके में मंगलवार को भीड़ के हमले में तीन पुलिस कर्मी भी मारे गए। इसके अलावा, कालीमाटी थाने में पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प में तीन प्रदर्शनकारी मारे गए। गृहमंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों के दौरान कुल 633 लोग घायल हुए हैं। इस दौरान नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी व विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा भी प्रदर्शनकारियों के हमले में घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने उनके बुद्धनीलकंठ स्थित निवास में उन पर हमला किया। उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं, नेपाल की सेना ने बुधवार को विरोध प्रदर्शनों की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिए। यह कदम बड़े पैमाने पर सरकारी विरोधी प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के एक दिन बाद उठाया गया है।

30 कन्नड़ और 200 तेलुगू लोगों समेत कई फंसे

नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद भी राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन हिंसक होने के बाद से नेपाल में कई भारतीय फंसे हुए हैं। इन सबके बीच भारत के कई राज्य अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने काठमांडू हवाई अड्डे पर फंसे 30 कन्नड़ भाषी लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि लगभग 200 तेलुगू लोग फंसे हुए हैं और उनकी सरकार ने नई दिल्ली के आंध्र भवन में एक आपातकालीन सेल स्थापित की है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय दूतावास से संपर्क कर हालात का जायजा लिया है। दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल के पर्यटक दो दिन में वापस लाए जाएंगे। और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी वहां फंसे लोगों को वापस लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

सपा ऑफिस के बाहर युवक ने खुद को आग लगाई

भाई के साथ अलीगढ़ से आया था, बोला, सपा नेता का भाई मकान हड़पना चाहता है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में सपा ऑफिस के बाहर एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। वह जेब में पेट्रोल भरी बोतल लेकर आया था। सपा ऑफिस के बाहर ही उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। युवक के आग लगाते ही वहां भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोग दौड़ते हुए आए और आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि बुझ नहीं पा रही थी। जैसे-तैसे कंबल डालकर आग बुझाई गई। तब तक युवक करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी घायल युवक को ई-रिक्शा से सिविल अस्पताल ले गए। वहां उसकी हालत गंभीर है। घटना सपा ऑफिस के बाहर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। वहीं, अखिलेश यादव ने भी घटना को लेकर यूपी सरकार को घेरा है। वहीं, सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा- युवक 80 प्रतिशत जला है। उसकी स्थिति नाजुक है। लगभग पूरा शरीर जल गया है। सीने और चेहरे का कुछ हिस्सा ही बचा है। प्रारंभिक उपचार किया गया है। जरूरत पड़ने पर केजीएमयू रेफर किया जाएगा। योगेंद्र ने सीएम योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को संबोधित पत्र भी लिखा है। इसमें उसने लिखा- मेरे मोहल्ले के रहने वाले शमीम अहमद के बेटे दानू उर्फ दानिश, वसीम, और मास्टर (जो सट्टेबाजी करता है) अक्सर मुझसे जबरन पैसे मांगते हैं। साथ ही दबंगई दिखाते हैं। कई बार वे मुझसे रुपए छीन चुके हैं। 24 मई, 2020 की रात 10.30 बजे दानू, वसीम, नदीम और मास्टर जबरन मेरे घर में घुस आए। गालियां देने लगे और मुझसे 6 लाख रुपए मांगे। जब मैंने पैसे देने से मना किया, तो उन्होंने मुझे लाठी-डंडों से मारा और तमंचा दिखाकर धमकाया। शोर सुनकर मेरी बहन शमा, शहजाद और मलमान मुझे बचाने आए, तो उन्हें भी मारा-पीटा। दानू और वसीम ने शमा के साथ अश्लील हरकत कर बेइज्जत किया और जान से मारने की धमकी दी। वे लोग बार-बार कहते हैं कि तू हिंदू है, तुझे यहां नहीं रहने देंगे। मौका मिला तो जान से मार देंगे। पुलिस और प्रशासन पर हमारा पैसा चलता है, तुझे झूठे मुकदमों में फंसा देंगे। इन लोगों का मकसद मुझे भगाना और जबरन मकान पर कब्जा करना है। मैंने पहले भी इनकी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं 2020 से लगातार मुख्यमंत्री दरबार और अन्य अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देता आ रहा हूं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही।

सरकार घायल युवक का बेहतर इलाज कराए: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि निर्मम भाजपा सरकार से हताश होकर एक युवा ने आत्मदाह के द्वारा सरकार को जगाने के लिए जो कोशिश की है, वो बेहद दर्दनाक है। भाजपा सरकार घायल युवक को अच्छे से अच्छा इलाज सुनिश्चित करे और युवक को न्याय दे। नाइंसाफी, नाउम्मीदगी और निराशा भाजपा सरकार की पहचान बन गई है।

युवक बोला, सपा नेता के भाई मकान हड़पना चाहते हैं

युवक की पहचान अलीगढ़ के रहने वाले योगेंद्र उर्फ बॉबी (48) के रूप में हुई है। बुधवार को योगेंद्र अपने भाई गुड्डू और गांव की ही अपनी परिचित महिला सबा परवीन के साथ लखनऊ आया था। सिविल अस्पताल में योगेंद्र ने कहा- मेरे 6 लाख रुपए 3 भाइयों दानिश, वसीम और नदीम ने हजम लिए हैं। आज तक दरोगा और इंस्पेक्टर ने उनकी गिरफ्तारी नहीं की। मेरी बहन से बदतमीजी में भी एफआईआर नहीं दर्ज की। उसमें भी ढाई लाख रुपए लेकर रफा-दफा कर दिया। मैंने 6 लाख की कमेटी डाली थी। जब योगेंद्र से पूछा गया कि सपा कार्यालय के बाहर आग क्यों लगाई? इस पर उसने कहा- मैंने सपा कार्यालय के सामने इसलिए आग लगाई है, क्योंकि सपा विधायक शमीम अहमद के भाई ठेकेदार हैं। मेरा घर हड़पना चाहते हैं। लखनऊ ट्रेन से परसों आया था। भूखे पेट हूं। सपा कार्यालय आने से पहले योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक के यहां शिकायत दी है। बार-बार शिकायत देता हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।परसों डीआईजी साहब के यहां भी गया था।

नो हेलमेट–नो फ्यूल अभियान के तहत डीएम–एसपी ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा एक से 30 सितम्बर तक चलाए जा रहे 'नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान' के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन जागरूकता एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम व एसपी ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई तथा हेलमेट पहनाकर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो अत्यंत दुखद है। प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फिर भी बहुत से लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते, जिनके कारण सड़क दुर्घनाएं होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया तथा परिजनों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने को कहा। साथ ही विद्यार्थियों को तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल से वीडियो न बनाने, मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह दी। डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को तहसील स्तर पर नो हेलमेट नो फ्यूल कार्यक्रम आयोजन कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि जनपद में बीती एक जनवरी से 31 अगस्त तक जनपद में 265 सड़क दुर्घनाएं हुई, जिनमें 139 लोगों की मृत्यु हो गई, वहीं 263 लोग घायल हुए है। कहा कि सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कहा कि चार पहिया वाहन चालक सीटबेल्ट अवश्य लगाएं।

संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम अभियान की शुरुआत की गई है।

बताया कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं में 15 से 35 वर्ष के लोगों की कारण हेलमेट न पहनना है। ऐसे में सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं तथा दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दें। बताया कि सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति की मदद करते हुए अस्पताल पहुंचाएं, जिससे समय रहते उसका इलाज हो सकें। बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद करने वालों को सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

समस्या निराकरण न होने पर करेंगे जोरदार आंदोलन: शैलेन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

समस्याओं से अवगत कराए जाने के बावजूद निस्तारण न होने पर किसानों ने सिंचाई बंधु बैठक में नाराजगी का इजहार किया। साथ ही भाकियू के सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने चेतावनी दी कि अगली बैठक से पूर्व समस्याओं का निराकरण न होने पर सीधे आंदोलन होगा।

जिला मुख्यालय स्थित सिंचाई विभाग सभागार में सिंचाई बंधु उपाध्यक्ष दिनेश सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु की बैठक हुई। जिसमें भाकियू के सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व में हुई बैठक में भी किसान समस्याओं की जानकारी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दी गई थी। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि रबि सत्र की तैयारी के लिए शीघ्र ही जनपद की सभी नहरों की सिल्ट सफाई कराई जाए। जिससे समय से फसल बुवाई के लिए किसानों को पानी मिल सके। इसके अलावा मानिकपुर क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए बने ददरीमाफी के माडो बांध का गेट खराब होने से पानी का रिसाव बना रहता है। इसके अलावा सम्बन्धित नहरों के टूटने और कटने से फसले असिंचित रह जाती है। इसके अलावा लंकापुरवा, खांच, सपहा, बरहुनीतीर व कुसहाई गांव के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह ने बताया कि चिल्लीमल पम्प कैनाल की नहरों की देखरेख न होने से सभी 12 माइनर में किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है और क्षेत्रीय किसान मायूस होते है। विभागीय अधिकारी शासन को झूठी रिपोर्ट भेजकर गुमराह करते है। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल बघेल ने कहा कि गनींवा, बछरन, देवकली की नहरों को समय से साफ कराकर किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाए। कृषक रामेश्वर सिंह ने बताया कि बनकट पम्प कैनाल की नहर टूटी होने से कसहाई व बनवारीपुर नहर शाखा में सफाई न होने से पूरे खरीफ सत्र में किसानों को पानी नहीं मिला। कृषक श्रीकेशन राजपूत ने कहा कि पयस्वनी डॉयवर्जन नहर और लोढ़वारा क्षेत्र में अवैध कब्जे हटाकर नहर की मरम्मत कराई जानी चाहिए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, शिव सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता एसके प्रसाद, लघु डाल विभाग के अवर अभियंता नितिन कुमार आदि मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़ा अभियान की सफलता के लिए पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत सभागार में किया। जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यशाला में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि मोदी का जीवन सेवा का जीवंत उदाहरण है। सेवा ही संगठन का प्रतीक है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा अभियान में सक्रिय होकर कार्य करें। भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति के विकास की नीति पर कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर अभियान को सफल बनाते हुए अभियान के लक्ष्य व उद्देश्य को पूर्ण करें। कार्यशाला का संचालन करते हुए जिला महामंत्री तथा अभियान के संयोजक आलोक पाण्डेय ने कहा कि सबको तथ्यों के आधार पर जनसामान्य से संवाद करते हुए सकारात्मक वातावरण बनाना है। सबके सकारात्मक प्रयास से ही देशविरोधी तत्व सार्वजनिक होंगे। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत रक्तदान कैम्प, स्वास्थ्य शिविर, स्वदेशी मेला, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी, संगोष्ठी जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, दिनेश तिवारी, हरिओम करवरिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास हीरो मिश्रा, अंजू बर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, विनय, विकास, रमाकांत, अनूप, श्रद्धांशु, अखिलेश, दिव्या त्रिपाठी, राखी चैबे, राजेश्वरी द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, प्रेमलाल बाल्मीकि, रवि गुप्ता, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

सेवा पखवाड़ा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेगा

जन एक्सप्रेस । बांदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गाँधी जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी। जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। सेवा पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान,स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, रक्तदान, नमो मेराथन एवं चित्रकला जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने उक्त कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देशन पर सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत चुनाव, शिक्षक स्नातक चुनाव व मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रमों को गति दी जाएगी। पंचायत चुनाव में मतदाता पूरीक्षण अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अपने विचार धारा के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। यदि सभी लोग मतदाता का पूरीक्षण करेंगे तो सभी चुनाव जीतेंगे। वोट बढ़ाना अपना दायित्व है। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि एम एल सी चुनाव जीतने के लिए संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि योजनाबद्ध तरीके से कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी अपने दायित्यों का निर्वहन करेंगे तो चुनाव जीतना बहुत ही सरल होगा। सभी को मतदाता पुनरीक्षण अभियान में वोटरों को बढ़ाने के लिए सक्रियता से लगना होगा। एमएलसी चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी को लड़ाना होगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने भी सेवा पखवाड़ा पर प्रकाश डाला। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना ने कहा कि पूरीक्षण का कार्य शुरू हो गया है। सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वोट बढ़ाने व फर्जी मतदाता को कटवाने का कार्य करें। कार्यक्रम को नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, सेवा पखवाडा के संयोजक संतोष गुप्ता संतू व एमएलसी चुनाव के संयोजक धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने भी सम्बोधित किया।

निरीक्षक से उपाधीक्षक बने राजेश नारायण

जन एक्सप्रेस । बांदा

जनपद में नियुक्त निरीक्षक राजेश नारायण को पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा सिल्वर स्टार लगाकर उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बता दें कि राजेश नारायण मूल रुप से जनपद कानपुर के रहने वाले हैं तथा वर्ष-1998 में जनपद लखनऊ से उपनिरीक्षक पद पर भर्ती हुए थे व वर्ष-2015 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। अब तक वे रायबरेली, लखीमपुर-खीरी, प्रयागराज, कौशाम्बी तथा प्रतापगढ़ में सेवा दे चुके हैं। वर्ष-2021 से वे यहीं जनपद में नियुक्त हैं तथा इस दौरान वे प्रभारी निरीक्षक जसपुरा तथा प्रभारी क्राइम ब्रांच के दायित्वों को निर्वहन कर चुके हैं।

राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित हुईं सृष्टि श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस/बांदा। आपको बताते चलें कि सृष्टि श्रीवास्तव निवासी–अतर्रा, जो कि मनोज कुमार श्रीवास्तव जो अधिवक्ता हैं एवं पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल अतर्रा रह चुके हैं। सृष्टि वी.आई.टी. झाँसी में एमबीए की छात्रा रहीं है। जिन्होंने ए.के.टी.यू. के 23वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।यह स्वर्ण पदक उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया गया। सृष्टि जो एक होनहार छात्रा है। सभी शुभचिंतकों एवं परिजनों ने उसकी इस उपलब्धि पर बधाईयां दे शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

बीएससी व एमएससी में प्रवेश के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में होगी काउंसिलिंग

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीएससी (कृषि) में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 29 और 30 सितंबर को कैंपस में की जाएगी। इसके अलावा एमएससी (कृषि) की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसिलिंग 17 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में होगी। प्रवेश समिति अध्यक्ष प्रो एचएस कुशवाहा ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित पीएटी परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों, अहर्ताकारी परीक्षा में मेरिट और श्रेणी के आधार पर काउंसिलिंग के लिए इच्छुक उम्मीदवार को एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 21 सितंबर तक पंजीकरण करना होगा। बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी आरक्षण श्रेणी, कट ऑफ मार्क्स सहित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। फ्री सीट के लिए काउंसिलिंग 29 सितम्बर को व पेमेंट सीट के लिए काउंसिलिंग 30 सितंबर को होगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय में संचालित एमएससी (कृषि) की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसिलिंग 17 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में होगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बांदा

जैसा कि हम सब को ज्ञात है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। जो सदैव छात्र हितों के लिए वर्ष भर कार्य करता है। विद्यार्थी परिषद जनपद इकाई द्वारा छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुए लिखित पांच मांगे की गयीं।

पहला-कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। जो अलग-अलग कमरों में चल रही है।प्रवेश प्रक्रिया में लगे शिक्षक एवं कर्मचारियों का नाम मोबाइल नंबर एवं उनके कॉलेज में उपस्थित रहने का समय निर्धारित कर चस्पा किया जाए।

दूसरा-फॉर्म जमा काउंटर एवं फीस जमा काउंटर के बाहर भी उनका नाम मोबाइल नंबर और कॉलेज में उपस्थित रहने का समय चस्पा किया जाए।

तीसरा-कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रवेश के दौरान कॉलेज में आने वाले छात्र-छात्राओं के बैठने एवं पेय जल की समुचित व्यवस्था की जाए।

चौथा-प्रवेश प्रक्रिया के दौरान कॉलेज में कोई अराजक तत्व आकर छात्राओं को परेशान ना कर पाए इसके लिए मुख्य द्वार पर कॉलेज द्वारा सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त किया जाए।

पांचवां-प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को आने वाली समस्या के लिए कमेटी का गठन करना एवं जिन शिक्षकों को शैक्षणिक अभिलेखों की अनुपस्थिति में हस्ताक्षर के लिए जिम्मेदारी दी गई है उनकी उपस्थिति का समय सुनिश्चित करना। नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी ने बताया कि ज्ञापन में प्रवेष प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को होने वाली समस्याओं के संबंध मे ज्ञापन सौंपा है। यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडे, प्रांत सहमंत्री दिव्या मिश्रा, नीतीश कुमार निगम, स्वतंत्र साहू, श्लोक द्विवेदी, सुभाष त्रिपाठी, सतेन्द्र शर्मा, राज सिंह, अभय साहू, विवेक यादव, आलोक यादव, सतेंद्र सिंह, दीपक गुप्ता, सर्वेश साहू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस टीम व समाजसेवियों ने 3 परिवारों को बिखरने से बचाया

जन एक्सप्रेस । बांद

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 3 परिवारों को टूटने से बचाया। आवेदिका ममता पुत्री नत्थू निवासी बडोखर खुर्द थाना कोतवाली नगर ने अपने पति कमलेश पुत्र रामशरण निवासी देविन नगर थाना नरैनी, रजुलिया पुत्री भोला निवासी सिकलोढी थाना बिसंडा ने अपने पति चुन्नु पुत्र केशन निवासी पिपरी मजरा ओरन थाना बिसंडा, विनीता वाल्मीकि पुत्री लक्ष्मण निवासी जानकी कुण्ड जनपद सतना (म0प्र0) ने अपने पति दिलीप वाल्मीकि पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम मोतियारी थाना नरैनी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच किए पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने हेतु सलाह दी गयी। और सभी को खुशी खुशी घर भेज दिया गया।

आत्मनिर्भर बनने के लिए श्रीअन्न की खेती को देना होगा बढ़ावा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश संकल्प 2047 के तहत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों को विकसित भारत लक्ष्य में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में उप निदेशक कृषि राजकुमार ने जिले की कृषि स्थिति, उत्पादन एवं चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि जिले में ÷श्री अन्न÷ का उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने जिले की औसत पैदावार, प्रमुख फसलों का क्षेत्रफल, आधुनिक कृषि तकनीकों की आवश्यकता, 1.5 एवं 2.5 एकड़ मॉडल प्रणाली, किसानों की आय में पशुपालन, मत्स्यपालन और उद्यानिकी के योगदान, बदलते मौसम का प्रभाव एवं कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। बैठक में किसानों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए जिले में वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, पॉलीहाउस, केचुआ खाद, फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा देने तथा एफपीओ को सरकारी दर पर डीएपी व यूरिया उपलब्ध कराने की मांग रखी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ रामचंद्र सिंह ने विदेशी तकनीकों के भारतीयकरण पर बल दिया। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ धर्मेंद्र कुमार ने इकोनॉमी होल्डिंग, बीज प्रतिस्थापन, जैविक खेती, बीज शोधन एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) उत्पादन पर विचार रखें। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जगतराज ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मार्केट लिंकिंग, एकीकृत खेती प्रणाली और अन्ना प्रथा पर सुझाव दिए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कृषि को आय वृद्धि का प्रमुख साधन बताते हुए हर व्यक्ति की आय बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन सचिव अभय महाजन ने **हरेक खेत-खलिहान योजना**, नस्ल सुधार, जलवायु अनुकूल खेती और भूमि की उर्वरता के समुचित उपयोग को आत्मनिर्भर किसान बनाने का आधार बताया और किसानों से संकल्प-2047 की दिशा में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस मौके पर प्रसार वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी, किसान आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने चोरी के माल के साथ शातिर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत राठ पुलिस ने मु0अ0सं0 405/2025 धारा 303(2)/324(4)बीएनएस के फरार चल रहे धनौरी निवासी 30 वर्षीय मुल्जिम हरनारायण पुत्र दयाराम को दो बोरी में सोलर पम्प की केबिल (वायरिंग) सहित एक कटर के साथ धमना तिराहे के पास राठ, से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। पुलिस की पूछतांछ के दौरान मुल्जिम ने बताया कि 8 सितम्बर 2025 की रात में उसने दीपेन्द्र सिंह पुत्र लाल दीमान निवासी अकौना सहित तीन दूसरे लोगों के सोलर पम्प की केबिल कटर से काट कर चोरी कर ली थी। शातिर चोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई रामनरेश राजपूत सहित एस आई पी0आर0 गौरव शामिल रहे।

गर्भवती महिलाओं को खून जांच के लिए लगाना पड़ता है चक्कर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट।

जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को खून जांच के लिए दो दिन चक्कर लगाना पड़ता है। इससे महिलाओं को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं महिलाओं ने जांच कक्ष में तैनात कर्मचारियों पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाया है। यहीं हाल अन्य मरीजों का है। जिनको एक दिन में रिपोर्ट नहीं दी जाती है। मजबूरी में मरीज प्राइवेट पैथोलॉजी से जांच कराते हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का एएनसी का दिन था। इसमें डॉक्टर को दिखाने के बाद खून की जांच, वजन, अल्ट्रासाउंड कराया जाता है। तब उनकी पूरी प्रक्रिया होती है। सुबह करीब नौ बजे कर्वी की गर्भवती अर्चना देवी अपनी दूसरी जांच कराने पहुंची। डॉक्टर को दिखाया तो खून जांच, वजन व अल्ट्रासाउंड लिखा। खून जांच कक्ष पहुंची तो पंजीयन कराने के बाद सैंपल देने के लिए बैठ गईं। वहां तैनात कर्मचारी मोबाइल में व्यस्त रहे।

महिला ने टोका तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए डांट दिया। सैंपल लेने के बाद दूसरे दिन आने की बात कहकर लौटा दिया। बनकट की ललिता ने बताया कि वह खून की जांच कराने के लिए गईं तो सैंपल देने के बाद जांच रिपोर्ट के बारे में पूछा तो कर्मचारी ने कहा कि जाओ यहां से, रिपोर्ट लेने कल आना।

महिला ने गर्भवती होने की बात कही तो कर्मचारी ने डांट कर भगा दिया। यहीं हाल अन्य गर्भवती महिलाओं के साथ किया गया।

लापरवाह बैंक अधिकारियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

कलेक्ट्रेट के डा0 एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने जिले के बैंकर्स के साथ सरकार की कल्याणकारी रोजगारपरक योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, पीएमएफएमई योजना की समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीणा बैंकर्स के काम से बेहद खफा और नाराज दिखाई दिये।

जिलाधिकारी ने बैंकर्स के कर्ज बंटवारे की योजनाओं के हालात बेहद खराब बताये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जमा कर्ज अनुपात, वार्षिक कर्ज योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, पीएमएफएमई योजना, एनपीए खातों की हालत, कृषक अवस्थापन निधि, आरसेटी की रफ़्तार के हालात के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि जिले का जमा कर्ज अनुपात बेहद खराब है, इसमें जल्द ही बेहद सुधार की जरूरत है। सरकार की कल्याणकारी रोजगारपरक योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, पीएमएफएमई योजना के तहत कर्ज वितरण की हालात बेहद खराब है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जिले में अब तक 1195 कुल आवेदन किये गये, जिसमें सिर्फ 380 आवेदन मंजूर किये गये, जबकि इससे कहीं ज्यादा 571 आवेदन रिजेक्ट किये गये हैं, जो बेहद शर्मनाक है। इस योजना के तहत अभी भी 400 मामले पेंडिंग है, जो बैंको की बड़ी लापरवाही और उदासीनता को उजागर करता है। समीक्षा बैठक में सबसे ज्यादा मामले पैंडिंग रखने वाले बैंक आफ बड़ौदा, इडियन बैंक के साथ ही एसबीआई के अधिकारियों के काम पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुये फटकार लगाई, साथ ही सभी बैंको को 11 से 4 बजे तक विकास भवन में दो दिन का कैम्प लगाकर खास अहमियत देकर सभी 400 पैंडिंग मामले डिस्पोजल करने की सख्त हिदायत दी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बैंकर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि रोजगारपरक योजनाओं के तहत कर्ज बंटवारे में किसी भी तरह की लापरवाही, कमीशनखोरी के साथ ही फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वरना जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

अच्छी और कमजोर सीटों के बीच संतुलन...

बिहार में महागठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत के बीच कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि सीटों का बंटवारा करते समय अच्छी और कमजोर सीटों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। साथ ही, अगर नए दल गठबंधन में शामिल होते हैं... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

टीईटी की अनिवार्यता: केंद्र पर दबाव बनाने के लिए यूपी में शिक्षकों का विरोध शुरू, अक्तूबर में दिल्ली करेंगे कूच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के बाद प्रदेश भर के शिक्षक चिंतित और डरे हुए हैं। अगर केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय इस मामले में हस्तछेप नहीं करते हैं तो उनके सामने बडी विकट स्थिति उत्तपन्न हो जाएगी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के आह्वान पर बुधवार को प्रदेश भर से शिक्षकों द्वार पहले दिन ही 97890 पत्र प्रधानमंत्री के नाम भेजा गया। यह कार्यक्रम 20 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश भर के शिक्षक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 25 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा की 55 साल का शिक्षक कैसे परीक्षा पास कर पायेगा। अब शिक्षक बच्चों को पढ़ाए या अब खुद पढ़े। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के कानून और सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश से प्रदेश के काफी शिक्षकों की नौकरी पर संकट गहराया है। केंद्र सरकार व एनसीटीई चाहे तो शिक्षकों को राहत मिल सकती है। अगर इस समस्या का समाधान नहीं निकलता है तो अक्तूबर में देश भर के शिक्षक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे।दूसरी ओर एक शिक्षक संगठन की ओर से प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर बुधवार को प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से पीएम को ज्ञापन दिया गया। संगठन के सुशील कुमार पांडेय ने मांग की कि आरटीई लागू होने से पहले के शिक्षकों को इससे मुक्त रखा जाए। आरटी ई एक्ट में संशोधन किया जाए। वहीं विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन 11 से 25 सितम्बर के बीच पीएम और शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर इस मामले में हस्तक्षेप की अपील करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने हम पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देने के लिए अभियान चलाएंगे। प्रदेश महासचिव दिलीप चौहान ने कहा कि संगठन शिक्षकों के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा।

प्रदेश में बदलेगी बिजली व्यवस्था, नया कनेक्शन लेने पर लगेंगे सिर्फ प्रीपेड मीटर, पुराने मीटर भी बदलेंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेने पर अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इस संबंध में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने सभी विद्युत वितरण निगम के निदेशकों को निर्देश जारी कर दिया है। प्रदेश में पहले से लगे मीटरों को बदला जा रहा है। उन्हें हटा कर नया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है। अब तक प्रदेश में करीब 37 लाख मीटर लगाए गए हैं। ऐसे में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने सभी निगमों को निर्देश दिया है कि नए कनेक्शन देते वक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर ही लगाया जाए। ताकि भविष्य में उसे बदलने की जरूरत न पड़े। यह भी निर्देश दिया है कि कृषि उपभोक्ताओं को अभी इसके दायरे में नहीं रखा जाएगा।। अन्य सभी उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदलने अथवा भार वृद्धी पर मीटर बदलने के दौरान प्री-पेड स्मार्ट मीटर ही लगाए जाएंगे। जहां अभी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वहां पर जब यह कार्य प्रारंभ किया जाएगा तो वहां भी स्वतः ही यही व्यवस्था लागू होती रहेगी।

मीटर बदलते समय बरते सावधानी

प्रबंध निदेशक ने यह भी निर्देश दिया गया है कि मीटर बदलते समय विशेष सावधानी बरते। जिन उपभोक्ताओं के यहां मीटर खराब हैं, जले हुए हैं, टर्मिनल प्लेट जली है, नो डिस्प्ले या अन्य प्रकार की खराबी है, वहां स्मार्ट मीटर लगाते समय सभी औपचारिकता पूरी की जाए।

महोना नगर पंचायत में तैनात कर्मचारी को मारा-पीटा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना नगर पंचायत में तैनात क्लर्क द्वारा सफाईकर्मियों से सफाई करने के लिए कहना भारी पड़ गया। बुधवार को सुबह हुई इस घटना में सफाईकर्मियों ने एकजुट होकर क्लर्क पर फावड़ा और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया।जिसके चलते कर्मचारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लिपिक ने इस सम्बन्ध में थाने में लिखित तहरीर दी है। इटौंजा क्षेत्र के महोना नगर पंचायत कार्यालय में तैनात क्लर्क हरीश कुमार पुत्र गेन्दन लाल निवासी मोहल्ला मालीपुरा नगर पंचायत मीरगंज जिला बरेली जोकि महोना स्थित प्रथम पेयजल योजना (टंकी) में स्थित भवन में निवास करता है। जहां बुधवार सुबह टंकी पर सफाई करने के लिए सफाईकर्मी अंगद गिरि पुत्र राम सरन गिरि निवासी गोविंदपुरी नगर पंचायत महोना थाना इटौंजा लखनऊ, उमेश पुत्र लाखन व सुनील पुत्र मोहन लाल निवासी वार्ड संख्या 2 कटरा मोहल्ला नगर पंचायत महोना से टंकी के आसपास घास और गंदगी सफाई करने के लिए कहा तभी तीनो सफाईकर्मी एकजुट होकर फावड़ा और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे क्लर्क हरीश के सर पर गंभीर चोटें लग गईं। तभी वहां मौजूद नगर पंचायत कर्मी शकील बेग व मिलन रावत बीच-बचाव कर छुड़ाया, तथा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं तहरीर में क्लर्क ने लिखा है कि अंगद गिरि, उमेश और सुनील आपराधिक पृवत्ति के हैं। वहीं सभी आरोपियों ने बाबू को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शक्ति केन्द्र मंडल और बूथ के बीच की कड़ी: धर्मपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सशक्त शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच की मजबूत कड़ी है। शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना से बूथ की संरचना मजबूत होगी और मजबूत बूथ से भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर जवाबदेही का कल्चर तैयार करना है।श्री सिंह ने जौनपुर व मछलीशहर में मंडल अध्यक्ष तथा शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक के साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित किया और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, सेवा पखवाड़ा तथा बूथ विजय की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और अनुशासित व समर्पित कार्यकर्ताओं का समृद्ध संगठन है। संगठन विस्तार की सतत प्रक्रिया के तहत नए लोंगो को संगठन से जोड़ना तथा युवाओं व महिलाओं को कार्यक्रमों व अभियानों में भागीदारी देकर उन्हें सक्रिय करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धान्त पर चलते हुए सभी वर्गों के साथ ही अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक व सामाजिक विकास तथा राजनैतिक भागीदारी के लिए सतत कार्य कर रही है।

छात्रों को बांटे गए निशुल्क चश्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मलिहाबाद। स्कूली बच्चों के बीच दृष्टि दोष जांच के पश्चात चश्मा वितरण कार्यक्रम जहां लोकप्रिय हो रहा है। बुधवार दोपहर को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक विद्यालय मुजासा, बाकी नगर, कसमंडी कला के बच्चों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया सीएचसी पर आंखों की मुफ्त जांच की जा रही है। डॉ. राकेश कुमार दिवाकर ने बताया कि अभी तक मुस्कान, अलशिफा बानो, नाजिया बानो, तहसीन नूरीन सहित आदि बच्चों को चश्मा वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों में तो इस कार्यक्रम के प्रति काफी जागरुकता आई है लेकिन ग्रामीण बहुत कम संख्या में आंखों की जांच कराने पहुंचते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बीच इस बात का प्रचार-प्रसार बहुत कम है कि अस्पताल में आंखों की जांच मुफ्त में की जाती है। डॉ. शालिनी वर्मा ने बताया की नेत्रदान एक महान कार्य है जिसके द्वारा दृष्टिहीन व्यक्तियों की नई रोशनी दिया जा सकता है। नेत्र दान करने वाले व्यक्तियों की मृत्यु उपरांत 6 से 8 घंटे के बीच आंखों को दान कर देना चाहिए। जिसे वह आंख किसी अन्य के काम भी आ सके। नेत्र दान से बढ़कर कोई दान नहीं होता जो दूसरी की जिंदगी को रोशन कर सके। इस मौके पर डॉ. शब्बीर अहमद सहित सीएचसी स्टॉप मौजूद रहा।

इटौंजा मानपुर सब्जी मंडी की दुकानों पर एन.एच.ए.आई की कार्रवाई, दुकानों को किया ध्वस्त, दुकानदारों में नाराज़गी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के लखनऊ सीतापुर हाईवे इटौंजा टोल प्लाजा के निकट मानपुर सब्जी मंडी लगने के कारण जाम की समस्या बनी हुई थी,जिससे क्षेत्र के नागरिकों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था, इसी क्रम में बुधवार सुबह इस ओर कार्रवाई करते हुए एन.एच.ए.आई के अधिकारियों द्वारा सड़क किनारे बनी सब्जी मंडी की दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं अधिकारियों का कहना है कि, क्षेत्र के नागरिकों तथा रोज आने-जाने वाले व्यक्तियों को प्रायः सब्जी मंडी की वजह से जाम से होकर गुजरना पड़ता था सब्जी मंडी के कारण ही कई लोग बड़े वाहनों से टक्कर खाकर मृत्यु को प्राप्त हो गए, जिसको देखते हुए बुधवार हम लोगों द्वारा सब्जी मंडी को हटाया जा रहा है। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि किसानों के लिए कि किसी अन्य जगहों पर व्यवस्थित सब्जी मंडी बनाई जाए,जिससे कि क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल व सब्जियां औने पौने भावों पर ना बेचनी पड़े और किसान व्यापरियों के शोषण से बच सकें। वहीं क्षेत्र के किसानों का कहना है कि, सरकार द्वारा हमारी रोजी-रोटी छीन ली गई। वहीं एनएचएआई ने शासन से इस अवैध मंडी को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान, बख्शी का तालाब के एसडीएम और एसीपी ने किसानों और दुकानदारों को हाईवे से दूर अपनी दुकानें लगाने के निर्देश दिए। वहीं कार्रवाई के समय, मौके पर भारी पुलिस बल और एनएचएआई की टीम मौजूद थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सकें। हालांकि, इस बुलडोजर कार्रवाई को लेकर किसान और दुकानदारों में काफी गुस्सा और आक्रोश देखा गया।

महोना नगर पंचायत में तैनात कर्मचारियों को मारा-पीटा, पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र के महोना नगर पंचायत में तैनात क्लर्क द्वारा सफाईकर्मियों से सफाई करने के लिए कहना भारी पड़ गया। बुधवार को सुबह हुई इस घटना में सफाईकर्मियों ने एकजुट होकर क्लर्क पर फावड़ा और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया।जिसके चलते कर्मचारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लिपिक ने इस सम्बन्ध में थाने में लिखित तहरीर दी है। इटौंजा क्षेत्र के महोना नगर पंचायत कार्यालय में तैनात क्लर्क हरीश कुमार पुत्र गेन्दन लाल निवासी मोहल्ला मालीपुरा नगर पंचायत मीरगंज जिला बरेली जोकि महोना स्थित प्रथम पेयजल योजना (टंकी) में स्थित भवन में निवास करता है। जहां बुधवार सुबह टंकी पर सफाई करने के लिए सफाईकर्मी अंगद गिरि पुत्र राम सरन गिरि निवासी गोविंदपुरी नगर पंचायत महोना थाना इटौंजा लखनऊ, उमेश पुत्र लाखन व सुनील पुत्र मोहन लाल निवासी वार्ड संख्या 2 कटरा मोहल्ला नगर पंचायत महोना से टंकी के आसपास घास और गंदगी सफाई करने के लिए कहा तभी तीनो सफाईकर्मी एकजुट होकर फावड़ा और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे क्लर्क हरीश के सर पर गंभीर चोटें लग गईं। तभी वहां मौजूद नगर पंचायत कर्मी शकील बेग व मिलन रावत बीच-बचाव कर छुड़ाया, तथा इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं तहरीर में क्लर्क ने लिखा है कि अंगद गिरि, उमेश और सुनील आपराधिक पृवत्ति के हैं। वहीं सभी आरोपियों ने बाबू को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हीटवेव से निपटने के लिए मिलकर करना होगा सरकारी, गैरसरकारी संगठनों को काम: डिमरी

- प्रदेश में सिटी हीट एक्शन प्लान के क्रियान्वयन हेतु हुई कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सभागार में 'सिटी हीट एक्शन प्लान' विषय पर परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम सेनि. ने की। बैठक का उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए हीट एक्शन प्लान की तकनीकी प्रस्तुतियों और प्रस्तावों का आकलन करना था।राजस्व सचिव एवं राहत आयुक्त,अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा कि भौगोलिक स्थिति और जलवायु परिवर्तन के चलते प्रदेश में हीटवेव की तीव्रता एवं आवृत्ति बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों में कंक्रीट सतह, यातायात एवं औद्योगिक कारणों से तापमान और अधिक बढ़ जाता है। सिटी हीट एक्शन प्लान ऐसा होना चाहिए जिसे धरातल पर लागू कर जनता को सीधा लाभ मिल सके। प्राधिकरण ने लखनऊ, आगरा और वाराणसी शहर के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान विकसित किया है जबकि कानपुर और प्रयागराज के लिए यह तैयार किया जा रहा है। अन्य शहरों हेतु भी शीघ्र ही योजना बनाई जाएगी। कार्यशाला में डॉ. कनीज़ फातिमा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने राज्य, जनपद और सिटी भच् का अवलोकन प्रस्तुत किया।डॉ. महावीर गोलेच्छा, प्रोफेसर एवं प्रमुख गांधीनगर ने स्थानीय निकायों से समन्वय और जनजागरूकता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी ने कहा कि हीटवेव की चुनौती से निपटने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को मिलकर काम करना होगा। नगर निगम के अधिकारियों को तकनीकी सहयोग देने, पर्यावरण व जनस्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने और हीट से संबंधित बीमारियों की रोकथाम हेतु योजनाबद्ध कार्यवाही जरूरी है।बैठक का समन्वय प्रवीन किशोर, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर ट्रेनिंग एवं प्रियंका द्विवेदी, प्रोजेक्ट एक्सपर्ट एग्रीकल्चर ने किया।

नेपाल में फंसे यूपी के लोगों ने मांगी मदद, सीमावर्ती जिलों से पीएसी भेजने का फैसला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों ने यूपी पुलिस द्वारा जारी की गई हेल्पलाइन नंबर पर मदद मांगी है। बीते चौबीस घंटे के दौरान पुलिस मुख्यालय में बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में मदद के लिए बीते 24 घंटे में 23 से ज्यादा फोन आ चुके हैं। वहीं पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया टीम सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उन सभी पोस्ट का संज्ञान लेकर कार्यवाही कर रही है, जिसमें भारतीय नागरिक नेपाल से वापस आने के लिए गुहार लगा रहे हैं। बता दें कि सोशल मीडिया टीम नेपाल में फंसे बदायूं के 23 लोगों के साथ वॉलीबाल लीग में शामिल होने गई एक महिला की पोस्ट का संज्ञान लेकर उनकी वापसी सुनिश्चित कराने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा महाराष्ट्र के कई नागरिकों ने भी मदद मांगी है। फिलहाल अधिकतर भारतीय नागरिक नेपाल के अलग-अलग जिलों में होटलों में पनाह लिए हुए हैं। वहीं डीजीपी मुख्यालय द्वारा नेपाल से सटे सभी सात जिलों में 2-2 कंपनी पीएसी और अतिरिक्त पुलिस बल मुहैया कराया गया है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि नेपाल में अभी स्थिति सामान्य नहीं हुई है। मंगलवार को गृह मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद प्रदेश के सभी सीमावर्ती जिलों की पुलिस को एसएसबी के साथ समन्वय बनाकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। नेपाल की सेना और पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है। सभी सीमावर्ती थानों और चौकियों पर पुलिस बल की संख्या बढ़ाई गई है। वहां फंसे हमारे जो नागरिक मदद के लिए संपर्क कर रहे हैं, उनकी सकुशल वापसी का प्रबंध किया जा रहा है। इस बाबत अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। फिलहाल नेपाल में फंसे लोगों के वापस आने के लिए सीमा पर अधिकारी सहयोग कर रहे हैं। केवल वैध दस्तावेज और गंभीर रूप से बीमार लोगों को ही सीमा पर आने-जाने दिया जा रहा है।

महराजगंज की नेपाल सीमा पर आए भगोड़े बंदी

वहीं दूसरी ओर नेपाल की जेलों से फरार हुए करीब आधा दर्जन बंदी महराजगंज स्थित सीमा से वापस आने की फिराक में थे, जिन्हें स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनके बारे में गृह मंत्रालय और आईबी को सूचना दी गई है। प्रदेश में नेपाल सीमा पर एसएसबी की सभी 170 पोस्ट पर राजपत्रित अधिकारियों और क्विक रिस्पांस टीम की तैनाती की गई है। वहीं एसएसबी के डीजी से डीजीपी राजीव कृष्ण की बात हुई है। दोनों अधिकारियों ने सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त रूप से गश्त करने का मातहतों को निर्देश दिया है।

नेपाल सीमा पर अटके 500 से ज्यादा ट्रक, यूपी से 200 करोड़ का निर्यात ठप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश से नेपाल को होने वाले निर्यात और कारोबार पर संकट गहराता जा रहा है। नेपाल सीमा पर हालात बिगड़ने के चलते हजारों करोड़ रुपये का निर्यात प्रभावित हो गया है। स्थिति यह है कि सिर्फ 24 घंटे में करीब 200 करोड़ रुपये का माल यूपी की सीमा पर अटका पड़ा है और नेपाल जाने वाले कम से कम 500 ट्रक सीमाओं पर फंसे हुए हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) के यूपी प्रमुख आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हालात फिलहाल सुधरते नहीं दिख रहे हैं और निर्यातकों की नजरें अगले घटनाक्रम पर टिकी हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल को भेजा गया माल न सिर्फ अटका है बल्कि उसके भुगतान पर भी संकट मंडरा रहा है।

12 हजार करोड़ का निर्यात, 28 प्रतिशत यूपी की हिस्सेदारी

उत्तर प्रदेश से हर साल करीब 12,000 करोड़ रुपये का निर्यात नेपाल सहित अन्य देशों को होता है। भारत कुल निर्यात में 63 फीसदी हिस्सेदारी रखता है जबकि नेपाल के व्यापार में चीन की हिस्सेदारी 14 फीसदी है। इसमें अकेले यूपी का हिस्सा लगभग 28 फीसदी है।

ये वस्तुएं होती हैं निर्यात

राज्य से नेपाल और अन्य देशों को मशीनरी उपकरण, कंक्रीट मिक्सचर मशीन, आयरन-स्टील, एल्युमिनियम, केमिकल्स, टॉयलेटरीज, कॉस्मेटिक्स, पीवीसी पाइप, सोडा एश, खाद्य तेल, अनाज-सब्जियां, चावल-दाल, ऑटो पार्ट्स, ई-रिक्शा व बैटरी रिक्शा के पार्ट्स, लेदर उत्पाद, टेक्सटाइल्स, मैनमेड फाइबर, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, एलईडी, मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स बड़े पैमाने पर जाते हैं।

दो से तीन दिन की देरी

निर्यातकों ने बताया कि सामान्य स्थिति में नेपाल तक माल पहुंचाने में दो से तीन दिन लगते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में गाड़ियां सीमा पर खड़ी रह गई हैं। जिन वाहनों को माल सीमा पार करना था, उन्हें रोक लिया गया है। निर्यातक एस.के. आहूजा ने कहा कि मशीनरी की सप्लाई हो चुकी है। हमें भुगतान एक हफ्ते में मिलना था, लेकिन हालात देखकर कहना मुश्किल है कि पैसा कब मिलेगा। वहीं, लेदर उत्पादों का निर्यात करने वाले असद अहमद ने बताया कि उनके कुछ वाहन नेपाल में प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन कुछ ट्रक सीमा पर ही अटके हुए हैं।

भुगतान फंसने का खतरा

निर्यातकों ने चिंता जताई है कि जिनका माल उधारी पर गया है, उनका पैसा फंस सकता है। वहीं, जिन्होंने एडवांस भुगतान लिया है, वे इस समय अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थिति में हैं। व्यापार जगत के जानकारों का मानना है कि अगर यही हालात और दिनों तक बने रहे तो यूपी के निर्यात पर बड़ा असर पड़ेगा। निर्यातकों को करोड़ों रुपये का नुकसान झेलना पड़ सकता है और छोटे निर्यातकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब होगी। फेडरेशन के आलोक श्रीवास्तव ने साफ कहा है कि हालात फिलहाल सामान्य नहीं हैं। निर्यातकों ने भी ट्रकों को तीन दिन में वापस बुलाने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि कारोबारी समुदाय अभी भी उम्मीद लगाए बैठा है कि सीमा पर अटकी अड़चनें जल्द दूर होंगी और व्यापार फिर से रफ्तार पकड़ेगा।

कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान दे रहा कैंसर मरीजों को उच्चतम स्तर का उपचार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- शिक्षा, शोध एवं उपचार में गुणात्मक वृद्धि से बढ़ रही है संस्थान की लोकप्रियता
- उत्तर प्रदेश सरकार से बहुत सहयोग मिल रहा है: भट्ट

कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान अपने विश्वस्तरीय मशीनों, योग्य चिकित्सकों व उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ कैंसर रोगियों के उपचार में उच्च मानक स्थापित कर रहा है। संस्थान की लोकप्रियता बढ़ने से यहां सूदूर स्थानों से आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो. मदन लाल ब्रह्म भट्ट ने बताया कि कैंसर संस्थान में सप्ताह में छः दिन ओपीडी सेवा संचालित है,400 मरीज ओपीडी से लाभान्वित हो रहे हैं। हमारे सभी संकाय विभाग सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। संस्थान में 280 इन्डोर वेड संचालित है, जिसे शीघ्र ही 500 कर लिया जायेगा, कैंसर संस्थान में आठ आपरेशन थियेटर के माध्यम से प्रति सप्ताह औसत 12 से 15 सर्जरी की जा रही है। संस्थान के कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। वृहत स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व कार्मिकों की नियुक्ति की गयी है तथा उच्च वैश्विक तकनीक पर आधारित अत्याधुनिक मशीनों की खरीद की गयी है। जिन प्रमुख मशीनों की खरीद की गयी है उनमें साइबर नाइफ, पेट सीटी, उच्चस्तरीय ब्रेकीथेरेपी डिजिटल रेडियोग्राफी, युएसजी मशीन के साथ लगभग 5.5 करोड़ की लागत से डीजीटल मेमोग्राफी युनिट का संचालन प्रमुख है। टेमोथेरेपी, डिजिटल पैथालॉजी, न्यूरोसर्जिकल माइक्रोस्कोप की खरीद की जायेगी। संस्थान में विश्वस्तरीय ब्लड बैंक भी स्थापित किया गया है। संस्थान में चिकित्सा शिक्षा हेतु चार नये विभागों के संचालन के लिए मान्यता ली गयी है तथा शोध व नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईआईटी जैसे संसथानों से 11 एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं। निदेशक ने बताया कि संस्थान में प्रधानमंत्री राहत कोष, मुख्यमंत्री राहत कोष, आयुष्मान भारत योजना, आसाध्य रोग योजना तथा दीनदयाल कैशलेस योजना से हजारों की संख्या में रोगी लाभान्वित हो रहे हैं। इन योजनाओं के संचालन में सरकार का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। संस्थान इन्फ्रास्टक्चर, मानव संसाधन पर्यावरण व रोगी कल्याण की दिशा में दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है।

टिकरी और नारायणचक संपर्क मार्ग बने राहगीरों की मुसीबत, टूटी सड़क और झाड़ियों से बढ़ी परेशानी

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



तहसील तिलोई क्षेत्र के सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के टिकरी ग्रामसभा क्षेत्र के टिकरी संपर्क मार्ग और नारायणचक संपर्क मार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं साबित हो रहे हैं। सड़कें जगह-जगह टूटी हुई हैं और किनारे पर उगी झाड़ियों ने लोगों का रास्ता और संकरा कर दिया है। गांव के लोग और राहगीर इस समस्या से लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर फैली जंगली झाड़ियां आवागमन में बड़ी बाधा हैं। अगर बरसात हो जाए तो पूरा रास्ता कीचड़ और झाड़ियों से भर जाता है। पैदल चलना तो मुश्किल होता ही है, वहीं बाइक या साइकिल से निकलने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे झाड़ियां मुंह पर आकर टकरा रही हों।ग्रामीणों का आरोप है कि यह समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन ग्रामसभा स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। उनका कहना है कि जिम्मेदार चाहें तो मनरेगा के तहत इन झाड़ियों की सफाई आसानी से करवा सकते हैं, मगर फर्जी मनरेगा मजदूरी के जरिए अपनी जेबें भरने वाले जिम्मेदार लोगों की समस्याओं से बेपरवाह बने हुए हैं।गांव के एक बुजुर्ग ने व्यंग्य करते हुए कहा कि आचार्य चाणक्य ने कहा है कि व्यक्तिगत स्वार्थी लोग जुर्म सह लेते हैं लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाते। मां भी बच्चे को तभी दूध पिलाती है जब वह रोता है, इसलिए हमें अपनी आवाज उठानी होगी।÷स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन संपर्क मार्गों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए और झाड़ियों की सफाई कराकर राहगीरों को राहत दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को भी मजबूर होंगे।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस कार्यक्रमों में भाजयुमो कार्यकर्ताओं की होगी प्रमुख भूमिका

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। जनपद बलरामपुर में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजयुमो के कार्यकर्ता पार्टी के सभी कार्यक्रमों में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। आज सबसे ज्यादा युवा कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में है। ये बातें भाजयुमो की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शुभम अग्रहरी में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कही।
जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को अटल भवन जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अग्रहरि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जयंती तक पार्टी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाएगी। भाजयुमो कार्यकर्ताओं की ओर से आगामी 17 सितंबर को रक्तदान शिविर एवं हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा।

ट्रक की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, वाहन चालक फरार

जन एक्सप्रेस। अमेठी

इन्हौना थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह चिलौली गांव के पास एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार तिलोई कस्बे के तकिया मोहल्ला निवासी गुड्डू मिस्त्री,जो कि पेशे से मैकेनिक हैं,अपने बेटे के साथ हैदरगढ़ से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। सुबह करीब नौ बजे जैसे ही वे चिलौली गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक यूपी 36 एम 871 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक का स्टैंड गुड्डू मिस्त्री की आंख में जा घुसा, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।वहीं उनके बेटे को भी कई चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है और लोग राजमार्ग पर बेपरवाह गति से दौड़ते भारी वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे हैं।

नेपाल की हालत को देखते हुए इंडो नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई सतर्कता

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस टीम, पीएसी व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार भ्रमण व पैदल गस्त कर सभी चेक पोस्टों पर प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की सघन जांच की जा रही है।
जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में इंडो-नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बलरामपुर पुलिस टीम, पीएसी व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार भ्रमण व पैदल गस्त कर सभी चेक पोस्टों पर प्रत्येक आने-जाने वाले व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन जांच की जा रही है।
साथ ही बॉर्डर एरिया की संदिग्ध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने हेतु सीमावर्ती थाना पुलिस, एसएसबी, पीएसी व नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इंडो नेपाल बॉर्डर के मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिस व एसएसबी चेकपोस्टों को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारत-नेपाल के मध्य मार्ग के रास्ते आने-जाने वाले व्यक्तियो व वाहनों की सतर्कता के साथ सघन चेकिंग करते हुए संयुक्त टीम द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जागरूक करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के बारे मे बताया गया, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके।

बचपन डे केयर सेन्टर का संचालन शुरू

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जनपद में बचपन डे केयर सेन्टर का संचालन शुरू कर दिया गया है। सेन्टर पर 03 से 07 वर्ष की आयु के दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक अक्षमता व अधिगमन अक्षमता वाले बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण की नि:शुल्क व्यवस्था है। बच्चों के आने-जाने के लिए वाहनों की नि:शुल्क व्यवस्था है। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी ने बताया कि इस सेंटर पर मध्याह्न भोजन, शुद्ध पेयजल, खेलने के लिए बाल्य उद्यान, स्मार्ट क्लास, फिजियोथेरेपी, स्पीचथेरेपी आदि की व्यवस्था की गयी है। बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु योग्य विशेष शिक्षकों की तैनाती है। खेलकूद एवं मनोरंजन हेतु टेलीविजन, प्रोजेक्टर, लैपटाप, कम्प्यूटर एवं गेम कार्नर, खेल संसाधन (सामग्री) उपलब्ध है। बच्चों से सम्बन्धित उपकरण जैसे कान की मशीन, ब्रेल किट, एम0आर0किट आदि नि:शुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। 05 वर्ष तक के श्रवण बाधित बच्चों की नि:शुल्क कॉक्लियर इम्पलांट सर्जरी के लिए भी सम्पर्क कर सकते है। उक्त श्रेणी के दिव्यांग बच्चों के अभिभवक अपने बच्चों का नामांकन सेन्टर पर करा सकते है। पंजीकरण हेतु कुल बच्चों की स्वीकृति क्षमता 80 है। जिसमें श्रवण बाधित 20, दृष्टि बाधित 20, बौद्धिक अक्षमता 20 व अधिगमन अक्षमता 20 बच्चों का पंजीकरण किया जाना है तथा प्रवेश प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा। सेन्टर पर शिक्षण प्रशिक्षण सहित सभी सुविधायें नि:शुल्क प्रदान की जायेंगी। बच्चों का पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ एवं अवैद्यनाथ को दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल प्रांगण में बुधवार को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ जी की 56 वीं पुण्यतिथि तथा राष्ट्र संत, राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रखर सेनानी महंत अवैद्यनाथ जी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 10 सितंबर को आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महंतों के चित्रों पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण से हुआ। वातावरण सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से गूंज उठा। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बालकों ने अपनी निष्कलुष वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में भक्ति और प्रेरणा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में महंत दिग्विजय नाथ को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का अद्वितीय सेनानी बताते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की चेतना को जागृत करने का कार्य किया। उन्होंने महंत अवैद्यनाथ जी के संदर्भ में कहा कि राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में उनका योगदान अतुलनीय है। आज के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके ही पदचिह्नों पर चलते हुए, धर्म, राष्ट्र और समाज की सेवा में निरंतर समर्पित हैं। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने महंत अवैद्यनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन की प्रथम किरण देवीपाटन क्षेत्र से ही प्रकट हुई थी।
महंत दिग्विजय नाथ जी ने उस आंदोलन की ध्वजा उठाई और राष्ट्र को एक नई दिशा दी। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अनुपम रहा। 1935 में स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद आज 51 विद्यालयों एवं एक विश्वविद्यालय के माध्यम से पूर्वांचल में ज्ञान-दीप प्रज्वलित कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. डी.पी. सिंह ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महंत द्वय का जीवन स्वयं में आदर्श है, और उनका अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर देवीपाटन मंदिर के कोठारी, नगर के गणमान्य अतिथि, अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन हिंदी प्रवक्ता बीना पाण्डेय एवं अंग्रेज़ी प्रवक्ता सुजीत शुक्ला ने किया।
आज के कार्यक्रम का आयोजन हेमलता सिंह, अनीता गुप्ता, आकांक्षा सिंह, पल्लवी कश्यप, शिवांगी श्रीवास्तव, ज्ञानेश्वर नाथ मिश्रा, मनोज यादव, आकाश श्रीवास्तव, अल्केश वर्मा अमित गुप्ता शिक्षक- शिक्षिकाओं की देखरेख में संचालित किया गया। समापन पर समस्त विद्यालय परिवार एवं अतिथियों ने महंत द्वय की पुण्य स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

सेवा पखवाड़ा कार्यशाला में भाजपा का पंचायत चुनाव पर फोकस

जन एक्सप्रेस। अमेठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अमेठी इकाई ने **सेवा पखवाड़ा** के तहत जिला कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला न केवल प्रधानमंत्री मोदी के जीवन संघर्ष और जनसेवा के संकल्प को रेखांकित करने के लिए थी, बल्कि आगामी पंचायत चुनाव 2025 को ध्यान में रखकर संगठनात्मक तैयारी और रणनीति तय करने का भी प्रमुख मंच बनी। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा शंकर गिरी मौजूद रहे। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री केशव सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा तथा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, जिला मंत्री प्रतिमा त्रिपाठी सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।
प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और त्याग से प्रेरणा लेकर पंचायत चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए सक्रिय योगदान दें।उन्होंने ग्राम स्तर तक जाकर जनसंपर्क अभियान चलाने, युवा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और स्थानीय मुद्दों पर जनता से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव संगठन की शक्ति और जनता से जुड़ाव की असली परीक्षा है।
वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, सेवा भावना और समर्पण की राह पर चलकर आगामी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया।
भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रही। सेवा पखवाड़ा की इस पहल के जरिए भाजपा ने अमेठी में न केवल **सेवा ही संगठन** की भावना को और मजबूत किया है,बल्कि पंचायत चुनाव में जीत की ठोस रणनीति भी तैयार की है।

स्मार्ट निवेश करें, सुरक्षित निवेश करें, जागरूकता है पहला कदम

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेसीआई रायबरेली द्वारा प्रिज़्म110 जेसी सप्ताह 2025 प्रायोजक अरेना एनीमेशन सह-प्रायोजक पुरुषोत्तम जेम्स एंड ज्वेलर्स को उत्साहपूर्वक मना रहा है। इसी क्रम में आज जेसीआई रायबरेली द्वारा एक विशेष निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों और सदस्यों को निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था। यह कार्यक्रम एनएस डीएल, मिराए एसेट एवं शेयरखान के सहयोग से द सैफायर रेस्टोरेंट, रायबरेली में संपन्न हुआइस प्रशिक्षण सत्र में जेसीआई रायबरेली के सदस्यों के साथ-साथ शहर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं मृदुल वर्मा, मयंक भट्ट, रजनिश कुमार एवं मुकेश वर्मा ने निवेशकों को वित्तीय जागरूकता, स्मार्ट निवेश की रणनीतियाँ, जोखिम प्रबंधन, और सुरक्षित निवेश के प्रभावी तरीकों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सांसद राहुल गांधी पहुंचे अपने संसदीय क्षेत्र कहा, बीजेपी वाले पूरे देश में डिस्टर्ब हैं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

लोकसभा में विपक्ष के नेता व सांसद राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ से अपने काफिले द्वारा बछरावां पहुंचे वहां उनका स्वागत किया गया उसके बाद हरचंदपुर गंगागंज में कार्यकर्ताओं ने आचार्य वीरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया एक तरफ जहां उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।
तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनके काफिले को बीच रास्ते में ही रोक दिया हालांकि पुलिस के बीच-बचाव से राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ गया हरचंदपुर के डिडौली स्थित बटोही रिसोर्ट में बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा राहुल गांधी ने कहा कि पहले हमें लगता था कि चुनाव परिणाम में दाल में कुछ काला है पर महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम देखने के बाद हमें वोट चोरी के ब्लैक एंड वाइट सबूत मिले इसलिए बीजेपी के लोग डिस्टर्ब हो गए हैं उन्होंने कहा कि चुनाव चोरी किए जा रहे हैं जनता से उनका हक छीना जा रहा है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता बब्बर शेर हैंहम सब संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं राहुल गांधी ने बिहार में की गई अपनी यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस समय का मुख्य नारा है कि वोट चोर गद्दी छोड़ और ये पूरे देश में साबित हो गया है इसे हम हमेशा ऐसे साबित करते रहेंगे इसके बाद राहुल गांधी ने रतापुर स्थित होटल शांति ग्रैंड में प्रजापतिउन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता बब्बर शेर हैंहम सब संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं राहुल गांधी ने बिहार में की गई अपनी यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस समय का मुख्य नारा है कि वोट चोर गद्दी छोड़ और ये पूरे देश में साबित हो गया है इसे हम हमेशा ऐसे साबित करते रहेंगे इसके बाद राहुल गांधी ने रतापुर स्थित होटल शांति ग्रैंड में प्रजापति समाज की बैठक को संबोधित किया और शहर के गोरा बाजार में अशोक स्तंभ का लोकार्पण किया और मूलीहामऊ में वृक्षारोपण किया उसके बाद शाम को ऊंचाहार में कार्यकर्ताओं से बूथ संवाद किया उसके बाद एनटीपीसी ऊंचाहार चले गए रात्रि विश्राम वही करेंगे और दूसरे दिन सुबह जन प्रतिनिधियों प्रतिनिधिमंडलों वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद दिशा की बैठक में भाग लेंगे।

01 दिसंबर से प्रारंभ होंगी इग्नू की सत्रांत 2025 परीक्षाएं

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसम्बर 2025 की सत्रांत परीक्षाये 1 दिसम्बर 2025 से दो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक, द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) में आयोजित की जायेंगी, यह परीक्षायें 14 जनवरी 2026 तक चलेगी। क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि यह परीक्षायें क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले बत्तीस (32) जिलों के छात्र-छात्राओं के लिए अठारह परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगी । परीक्षा केंद्रों में इग्नू अध्ययन केन्द्र श्री जय नारायण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ, इग्नू अध्ययन केन्द्र, बरेली कॉलेज, बरेली, इग्नू अध्ययन केन्द्र विपिन बिहारी कॉलेज, झांसी, इग्नू अध्ययन केन्द्र लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, लखनऊ, इग्नू अध्ययन केन्द्र ए0पी0एन0 पी0जी0 कॉलेज बस्ती, इग्नू अध्ययन केन्द्र डी0एन0 पी0जी0 कॉलेज फतेहगढ़, इग्नू अध्ययन केन्द्र फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली, इग्नू अध्ययन केन्द्र एमएलके पीजी क ा ॅ ल े ज बलरामपुर, इग्नू अध्ययन केन्द्र स्वामी शुकदेवा नन्द पीजी कॉलेज, शाहजहांपुर, इग्नू अध्ययन केन्द्र सीएसएन पीजी कॉलेज हरदोई, इग्नू अध्ययन केन्द्र आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर, इग्नू अध्ययन केन्द्र सीजीएन पीजी कॉलेज गोला गोकर्णनाथ, इग्नू अध्ययन केन्द्र दयानन्द वेदिक कॉलेज उरई जालौन, इग्नू अध्ययन केन्द्र ब्रह्मानन्द कॉलेज कानपुर नगर, इग्नू अध्ययन केन्द्र राम स्वरूप ग्रामोद्योग पीजी कॉलेज कानपुर देहात, इग्नू अध्ययन केन्द्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय पीजी कॉलेज चित्रकूट, इग्नू अध्ययन केन्द्र आरआर पीजी कॉलेज अमेठी, इग्नू अध्ययन केन्द्र डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या शामिल हैं। डॉ0 मिश्रा ने यह भी बताया कि इच्छुक विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने के लिए https://exam.ignou.ac.in लिंक पर जाकर फार्म भर सकते है। फार्म भरने की अन्तिम तिथि 6 अक्टूबर 2025 है तथा विलम्ब शुल्क रू 1100 के साथ 20 अक्टूबर 2025 है। उन्होने बताया कि फार्म भरने की अन्तिम तिथि में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील किया कि परीक्षा फार्म बहुत ही ध्यानपूर्वक भरना होगा, जिससे कि पेन एण्ड पेपर मोड, सीबीटी मोड, कोर्स एवं परीक्षा केन्द्र को सही क्रम में चुन सकें, क्योंकि परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के लिए किसी भी प्रकार के आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा। विद्यार्थियों को जानकारी दी कि दिसम्बर 2025 की सत्रांत परीक्षा का फार्म भरने से पूर्व इग्नू की वेबसाइट पर जून 2025 की सत्रांत परीक्षाओं का परिणाम देखना आवश्यक है, क्योंकि एक बार भुगतान किया गया परीक्षा शुल्क वापस नहीं होगा। विद्यार्थियों को अपना परीक्षा फार्म भरने से पूर्व समर्थ पोर्टल पर प्रकाशित विस्तृत निर्देशों को पढ़ना अत्यन्त आवश्यक है।

राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में गुरुवंदन कार्यक्रम संपन्न, बच्चों में संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में भारत विकास परिषद का गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनुशासित एवं सांस्कारवान बनने की शपथ भी लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को अनुशासित और सांस्कारिक रूप से बेहतर बनाने के लिए परिषद कटिबद्ध हैप्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेयी ने परिषद द्वारा चलाए जा रहे सेवा एवं संस्कार कार्यों की जानकारी दिया गुरु वंदन कार्यक्रम की संयोजक निशा सिंह एवं सह संयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव ने गुरु वंदन कार्यक्रम के महत्व के विषय में बताया। इस अवसर पर डॉ. चम्पा श्रीवास्तव और परिषद् के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने विद्यालय के होनहार छात्रों को सम्मानित किया शिक्षा के क्षेत्र में जहाँ आयुष का सम्मान किया गया वहीं आभ्या को खेलकूद में अव्वल रहने के कारण सम्मानित किया गया।

पचपेड़वा में आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

मंगलवार को पचपेड़वा के इमलिया कोडर के थारू जनजाति संग्रहालय सभागार में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। बताते चलें कि यह कार्यक्रम समर्थ **उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश @2047** अभियान के तहत आयोजित किया गया। जिसमें शासन द्वारा चयनित प्रबुद्धजन सुख लाल भारती, सेवानिवृत आईएएस, डीके दोहरे सेवानिवृत सीडीओ, राम बक्स श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्रो एम0 एस0 सी0 गणित विभाग एवं प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनिल कुमार सागर, डीएम पवन अग्रवाल एवं सीडीओ हिमांशु गुप्ता द्वारा सरकार के 8 वर्षों की विकास यात्रा एवं विकसित राज्य हेतु रोड मैप पर कृषकों, कृषि वैज्ञानिक, महिला स्वयं सहायता समूह तथा श्रमिक संगठनों से संवाद किया गया।
कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा एवं थारू जनजाति संग्रहालय इमलिया कोडर पचपेड़वा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश सरकार द्वारा 08 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की गई तथा एआई तकनीकी का कृषि में उपयोग, जैविक एवं एकीकृत कृषि को बढ़ावा, समितियों का संवेदीकरण आदि पर चर्चा की गई।
संवाद कार्यक्रम में कृषकों, कृषि वैज्ञानिकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं श्रमिक संगठनों द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित **उत्तर प्रदेश @2047** के विज़न पर बहुमूल्य सुझाव दिए गए।
इस अवसर पर शासन द्वारा चयनित प्रबुद्धजनों ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेशञ्2047 को दिशा प्रदान करने हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन सरक्षण, औद्योगिक विकास आई0 टी0 एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिक, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। इसका उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुये प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुये गर्व की भावना को विकसित करना है।
इस अवसर पर प्रमुख सचिव / नोडल अधिकारी अनिल कुमार सागर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रपिता गांधी जी के अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा हैं।
डीएम ने कहा कि सभी जनपदवासी समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश में सहभागी बने तथा जनपद के सभी परिवारों द्वारा **समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश @2047** पर अपना बहुमूल्य सुझाव दिए जाए। सभी के बहुमूल्य सुझाव से विकसित उत्तर प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा।
उन्होंने कहा कि सभी क्यूआर कोड स्कैन कर पोर्टल पर बहुमूल्य सुझाव प्रदान करें। इस दौरान परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, उपनिदेश कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025

15 लाख शिक्षकों की नौकरी पर संकट...

देश के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे लाखों शिक्षकों के सामने इन दिनों गंभीर संकट मंडरा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए हालिया आदेश में सेवा में कार्यरत...

शेष पेज 10 पर...

कटरी क्षेत्र में बाढ़ का कहर लगातार जारी

पिछले तीन दिनों में गंगा के जलस्तर में 15 सेंटीमीटर की हुई बढ़ोतरी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। पहाड़ी क्षेत्रों पर हो रही लगातार बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में तीसरे दिन भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते तीन दिनों में गंगा के जलस्तर में 15 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। गंगा के बढ़ते जल स्तर की वजह से ख्यूोरा कटरी में रहने वाले ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जिन ग्रामीणों ने अपने घरों के ऊपर आशियाना बनाया था अभी अभी अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर है। जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को राहत मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। अगर गंगा के जलस्तर में ऐसे ही बढ़ोतरी होती रही तो ख्यूोरा कटरी क्षेत्र में हालात बद से बद्तर हो जाएंगे। कुछ ग्रामीणों का तो कहना है कि इस बार की आई बाढ़ में 2018 में आई बाढ़ के बराबर नुकसान पहुंचा है। किसानों की हजारों बीघा सब्जी की फसल पूरी तरीके से तबाह हो गई है। आने वाले समय में बाजारों में सब्जी की कीमतों में भारी इजाफा देखने को मिलेगा। ख्यूोरा कटरी के सभी गांवों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। जिससे ग्रामीणों को अपना आशियाना छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने के अलावा और कोई दूसरा रास्ता समझ में नहीं आ रहा है। ख्यूोरा कटरी क्षेत्र के हालात इतने बिगड़ गए हैं कि लोग अपने मवेशियों को भी साथ लेकर गंगा बैराज हाईवे पर शरण लेने को मजबूर है। घरों और मुख्य मार्गों पर कमर के ऊपर जल भराव की वजह से लोग नाम के जरिए बाहर निकल रहे हैं। मवेशियों के लिए चारों के भी भारी किल्लत देखने को मिल रही है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मवेशियों को नहीं मिल रहा खाना

ख्योरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर की वजह से मवेशियों के लिए चारे की सबसे बड़ी समस्या सामने आ रही है। गंगा बैराज पर जितने भी मवेशी मौजूद हैं उन्हें भरपेट चारा नहीं मिल रहा है। जिला प्रशासन से चारे की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा गया था लेकिन अभी तक जिला प्रशासन की ओर से जानवरों को भूसे की व्यवस्था नहीं की गई है। हालात यदि ऐसे ही रहे तो मवेशी भूख से मारने लगेंगे। लेकिन बुधवार को बाढ़ क्षेत्र का दौरा करने आए बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा द्वारा जिला प्रशासन को सख्त हिदायत दी गई है कि जल्द ही मवेशियों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था की जाए। ऐसे में मवेशियों को जल्द ही भरपेट चारा मिल सकेगा।

बिठूर विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, मौके बताना जिला प्रशासन के अधिकारियों को लगाई फटकार

बुधवार को कानपुर के बहुचर्चित बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने अपने साथियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। दौरें के दौरान बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत की और व्यवस्था को लेकर जमकर फटकार लगाई। विधायक द्वारा पूछे जाने पर अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 1500 लंच पैकेट बांटे जाने की बात कही थी जबकि ग्रामीणों की माने तो शाम तक जिला प्रशासन द्वारा लंच पैकेट का वितरण नहीं किया गया। बिठूर विधायक ने मवेशियों के लिए चारे के भी व्यवस्था किए जाने के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं।

गंगा बैराज पर बढ़ते जल स्तर के आंकड़े

8 सितंबर
- अप स्ट्रीम लेबल- 114.85
- डाउन स्ट्रीम लेबल- 113.35

9 सितंबर
- अप स्ट्रीम लेबल-114 .93
- डाउन स्ट्रीम लेबल- 114.43

10 सितंबर
- अप स्ट्रीम लेबल बुधवार - 115.00
- डाउन स्ट्रीम लेबल- 114.50
- नरौरा से शाम के वक्त - 99,613
- हरिद्वार से-61,904
- गंगा बैराज से डिस्चार्ज पानी शाम के वक्त- 4,50,936

गंगा बैराज हाईवे पर लगभग ढाई हजार ग्रामीणों ने बनाया अपना आशियाना

खेतों में खड़ी फसल पूरी तरीके से डूब चुकी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण जिला प्रशासन से राहत सामग्री के साथ-साथ पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन की ओर से मवेशियों के लिए चारे की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ख्यूोरा कटरी की लगभग ज्यादातर जनसंख्या गंगा बैराज हाईवे पर अस्थाई टेंट बनाकर रहने के लिए मजबूर है।

होटल-रेस्टोरेंट कारोबारियों के लिए फूड सेफ्टी विभाग की कार्यशाला

भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करें खाद्य कारोबारी- डीएम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को मर्चेंट चेंबर सभागार में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एचबीटीयू के कुलपति प्रो. शमशेर, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय संजय प्रताप सिंह, एसोसिएशन पदाधिकारी सिंघानिया, विजय पंडित समेत शहर के मसाला, तेल, मिठाई, होटल, रेस्टोरेंट और गोटरी व्यवसाय से जुड़े प्रमुख कारोबारी उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारियाँ

कार्यक्रम में मुंबई से आए मिथिलेश गांधी ने खाद्य तेलों के प्रयोग, गुणवत्ता परीक्षण और बार-बार गर्म किए जाने के खतरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेल की शुद्धता और सुरक्षित उपयोग सीधे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़ा है। इंदौर से आए रामनाथ सूर्यवंशी ने ऑनलाइन फूड बिजनेस से जुड़े व्यापारियों को प्रशिक्षण दिया और बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बिक्री करते समय गुणवत्ता नियंत्रण और उपभोक्ता विश्वास सबसे अहम है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर कारोबारी को अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई, लेबलिंग, भंडारण और प्रसंस्करण की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देना होगा।

नियमित होंगे प्रशिक्षण

व्यापारियों ने कार्यक्रम के दौरान यह मांग रखी कि इस तरह की कार्यशालाएँ नियमित रूप से आयोजित हों। इस पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया कि हर माह होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सहयोग से फूड सेफ्टी विभाग प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करेगा। जिलाधिकारी ने भी इस पहल को आगे बढ़ाने और नियमित कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए ताकि खाद्य सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लगातार साझा होती रहे।

डीएम बोले- खाद्य कारोबार व्यापार नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी भी है

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खाद्य कारोबार केवल व्यापार नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। आप जो व्यंजन परोसते हैं, वह सीधे लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा होता है। इसलिए गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना आपका प्रथम कर्तव्य है। लाभ कमाना स्वाभाविक है, लेकिन अधिक मुनाफे की लालसा में लापरवाही अस्वीकार्य है। स्वच्छ किचन, स्वस्थ कर्मचारी और जिम्मेदाराना व्यवहार ही आपके व्यवसाय की सबसे बड़ी पूंजी हैं। जब उपभोक्ता विश्वास के साथ आपके प्रतिष्ठान से भोजन ग्रहण करेगा, तभी आपका सम्मान और कारोबार दोनों लगातार बढ़ेंगे।

बिहार चुनाव में शराब खपाने ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिहार चुनाव में खपाने के लिए शराब ले जा रहे तस्कर को जीआरपी और आरपीएफ ने दबोचा है। उसके कब्जे से दो प्लास्टिक की बोरी में 12 बोतल अंग्रेजी शराब, 48 केन बियर बरामद हुई है। इसकी कीमत करीब 25 हजार रुपये आंकी गई है। सेंट्रल स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह और आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक एसएन पाटीदार ने बताया कि बुधवार दोपहर हैरिशगंज पुल के पास एक युवक प्लास्टिक की दो बोरी लाते दिखा। पूछताछ करने पर बताया कि बिहार जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहा है। बोरी दिखाने को कहा तो वह हड़बड़ा गया।

शादी के दूसरे दिन दुल्हन रुपए लेकर फरार, चार को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर कस्बे में बीते हफ्ता एक दुल्हन शादी के तीसरे दिन पति सहित परिजनों को बेहोश कर नगदी लेकर रात में फरार हो गई थी। प्रार्थना पत्र और घटना की सूचना पर पहुंचे बिल्हौर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार सरोज ने टीम के साथ बड़ी मशक्कत के बाद में चार आरोपी को मय सामान के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं पर दुल्हन की तलाश के लिए एक टीम लगी हुई है।

टीम के अथक प्रयासो के बाद अभियुक्तगण 1.सोनी उर्फ निशा सोनकर पतल्नी। अर्जुन सोनकर नि0 घोसी कादीपुर थाना घोसी जनपद मऊ 2.छरदे लाल उर्फदिनेश पुत्र बहादुर नि0 शिवरामपुरवा पोस्ट जैंमा थाना कोतवाली कन्नौज महेन्द्र नाथ पुत्र स्व0 रामजीत नि0 ग्राम इजरार पोस्ट कठियारी थाना घोसी जनपद मऊ 4.राधिका उर्फ राधा पत्नी महेन्द्र नाथ नि0 डुमराव काशीराम आवास कन्धेरी थाना सरांय लखन्सी जनपद मऊ को नानामऊ हाइवे रोड के बायीं तरफ से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण एक गिरोह के रूप मे काम करते जिनमे 3 महिला व2 फुरुष है जिनके द्वारा ऐसे पुरुषो की तलाश की जाती है जिनकी शादी न हो रही हो और बाद में गिरोह के सदस्य दुल्हन पक्ष के माता-पिता व परिंजन बन जोतें हैं वर पक्ष की जाति के अनुसार कूटरचित आधारकार्ड तैयार कर शादी का कराने का झांसा देकर पैसे लेतें है और शादी हो जाने के बाद योजनाबद्ध तरीके से द्ल्हन बनी सदस्य वर पक्ष का पैसा गहना आदि चुराकर ले जाते है। अ भियोंग मे वाँछित लूटेरी दुल्हन की तलाश हेतु विशेष टीम गठित कर तलाश की जा रही है अभिभगणों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण

- 1.. महेन्द्र नाथ पुत्र स्व0 रामजीत उम्र करीब 46 वर्ष नि0 ग्राम इजरार पोस्ट कठियारी थाना घोसी जनपद मऊ (दुल्हन के कथित पिता)
- 2. छोटे लाल उर्फ दिनेश पुत्र बहादुर उग्र करीब 28 वर्ष नि0 शिवरामपुरवा पोस्ट जैंमा थाना कोतवाली कन्नौज (शादी हेतु मध्यस्थता कराने वाला)
- 3. सोनी उर्फ निशा सोनकर पत्नी अर्जुन सोनकर नि0 घोसी कादीपुर थाना घोसी जनपद मऊ उम्र करीब 27 वर्ष (दुल्हन के कथित बहन)
- 4. राधिका उर्फ राधा पत्नी महेन्द्र नाथ नि0 डुरमराव काशीराम आवास कन्धेरी थाना सरांय लखन्सी जनपद मऊ उम्र करीब 44 वर्ष (दुल्हन के कथित माँ)

माल बरामदगी -

- 1. 03 अदद एन्ड्रायड मोबाइल
- 2. 12,500 रूपये
- 3.. 04 अदद कूटरचित फर्जी आधार कार्ड

अभियुक्तगणों को गिफ्तार करने वाली टीम

- 1. अशोक कुमार सरोज प्रभारी निरीक्षक
- 2. उ0नि0 द्वारिका प्रसाद प्रजापति
- 3. उ0नि0पंकज मिश्रा
- 4. उ0नि0 शुभम देशवाल
- 5. म0उ0नि0 प्रियंका सिंहर
- 6. म0उ0नि0 रितू
- 7. हे0कां0 धर्मवीर सिंह, धर्मन्द्र , पुष्पेन्द्र सिंह संदीप आदि शामिल रहे।

आपराधिक इतिहास :-

- 4. मु0अ0सं0 34572025 धारा 318(4) 123/ 10/305 बी

कल्याणपुर में कब्जा करने पहुंची आवास विकास की टीम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर के आंबेडकर पुरम आवास विकास तीन के एक प्लॉट पर अपना कब्जा लेने पहुंची आवास विकास परिषद को विरोध और हंगामे के बाद खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। प्लाट पर बुलडोजर चलता देख बुजुर्ग उसमें नीचे लेट गया। परिजन और क्षेत्रीय लोगों ने परिषद की इस कार्यवाही से नाराज होकर जमकर बवाल काटा।परिजनों का कहना है कि के यह प्लाट उनकी पुस्तैनी संपत्ति है जिसका मुकद्दमा हाईकोर्ट में चल रहा है लेकिन आवास विकास परिषद अपनी मनमानी कर प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।

बुधवार को आवास विकास परिषद के अधिकारी अपनी टीम और कल्याणपुर की भारी पुलिस फोर्स के आंबेडकर पुरम आवास एक प्लाट पर कब्जा करने पहुंची। जहां लोगो ने इसकेजमीन पर कब्जे के विरोध में परिजन हंगामा करने लगे। हंगामा कर रहे लोगों। को पुलिस ने समझाने का प्रयास किया।

जिसके बाद जमीन का मालिक बताने वाले सूरज प्रसाद शुक्ला ने कोर्ट में मुकदमा चलने की बात बताई। लेकिन अधिकारियों के न सुनने के बाद इस बुजुर्ग सूरज प्रसाद जेसीबी के आगे लेट गए। काफी देर हंगामे के बाद आवास विकास टीम बिना कब्जा लिए वापस लौट गई।

जमीन मालिक बताने वाले सूरज प्रसाद शुक्ला ने बताया कि रकबा नंबर 358 और 813 की करीब 3 बीघे 11 विश्वा उनकी पैतृक जमीन है जिस पर उनका और उनके परिवार का कब्जा है। 1986 में इसे आवास विकास ने एक्वायर किया था लेकिन वह कोर्ट चले गए। मौजूदा समय में हाई कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। वर्ष 2004 से लगातार आवास विकास उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि जब उनका मुकदमा फाइनल पर था तभी परिषद ने ये जमीन पेट्रोलियम विभाग को करीब 27 करोड़ में बेंच दी है। जबकि उनका महज 7 रुपए वर्ग गज के हिसाब से मुआवजा बना रहे है। जबकि जिलाधिकारी ने वर्ष 2013 में नए एक्ट में शामिल करने की बात कही है।

ककवन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मनीरामपुरवा में 1:20 पर ही ताला लटकने लगा, 2 दिन में स्पष्टीकरण दें

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अति पिछड़ा ब्लॉक कहा जाने वाला ककवन धरातली स्वरूप में भी पिछड़ा है और शिक्षा जगत में अपनी दम भरने वाले खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता की भी मेहनत आप रंग नहीं ला रही है शिक्षक अपनी मनमानी कर रहे हैं जब पता चलता है कि अधिकारी ब्लॉक क्षेत्र में नहीं है तो ब्लॉक के बाबू ही अपने चाहतों को मैसेज डाल देते हैं जिससे सभी जगह मैसेज पहुंच जाते हैं कि आज अधिकारी ककवन क्षेत्र में नहीं है जिसके चलते स्कूल जल्दी बंद हो जाते हैं।

और देर से खुलते हैं इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए संवाददाता ने बुधवार को आधा दर्जन विद्यालयों में देखा ताले लटक रहे थे। 1:20 पर मनीरामपुरवा प्राथमिक विद्यालय में ताला लटक रहा था वहां पर मौजूद थोड़ी दूरी पर ग्राम प्रधान से जब पूछा उन्होंने कहा कि शिक्षकों की लापरवाही के चलते गांव का स्कूल अंदर का बंद हो गया है क्योंकि शिक्षक समय से आते नहीं थे और बच्चे थे नहीं उनको गांव के बाहर के मनीरामपुरवा स्कूल में बच्चों और शिक्षकों को जोड़ दिया गया है। इसके बाद भी वह सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह से फोन पर बात हुई तो उन्होंने लाइन पर लेकर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता को फटकार लगाते हुए एक दिन वेतन काटने का आदेश दिया लेकिन अधिकारी ने वेतन काटने के बजाय नोटिस जारी किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऐमा 57 बच्चों पर एक शिक्षिका परेशान

शिक्षा का स्तर शून्य की ओर, 3 माह से वेतन नही

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार सिंह ने जानकारी कर कुछ हल निकाला जाएगा।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिषधन ग्राम सभा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात इंचार्ज शिक्षिका शबनम बेगम जटिल बीमारी से ग्रसित हैं इसके चलते नहीं आ रही हैं वहीं पर दूसरे शिक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह सिस्टम सेटिंग के चलते अतावा स्कूल में पढ़ाने लगे हैं अब स्कूल में मौजूद उषा देवी अकेले बच्चों को पढाना, स्कूल की कागजी कार्रवाई में रात दिन खफाना अपने बच्चों के लिए उनका कहना है कि हम इस तरह से बच्चों को पढ़ा भी नहीं पा रहे हैं कागजी कार्रवाई में ही पूरा समय चला जाता है अगर कोई आकर बच्चों से पूछेगा और वह कोई जवाब ना दे सके तो उसकी जिम्मेदारी हमारी कैसे बनती है यहां पर अधिकारियों को बताने के बाद भी वह कहते हैं खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता की आप भी स्कूल बंद करके अपने घर जाओ आखिरकार जिम्मेदार अधिकारी इस तरह से जवाब क्यों दे रहे हैं पांच माह से वेतन नहीं मिला है ट्रेजरी के चक्कर लगाकर थक गए हैं बड़ा मुश्किल से 2 महीने का वेतन निकल सका है 3 महीने का अभी भी बकाया है मिड डे मील का राशन मिल नहीं रहा है अपने पास से खिला रहे हैं।

ककवन खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिससे ज्ञात नहीं हो सका है कि 57 बच्चों में एक शिक्षिका कैसे पड़ेगी और कैसे सारे काम कर रही है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिषधन में मरीजों की लगी लंबी लाइन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिषधन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिली उस समय मरीजों को प्रेमनाथ फार्मासिस्ट देख रहे थे वहीं पर स्टाफ अमित कुमार पाल, ताजुद्दीन टीवी सुपरवाइजर दवाइयां दे रहे थे। मरीज ने बताया कि दवाइयां मिल जाती है बाहर से नहीं खरीदनी पड़ती है वहीं पर अमित कुमार पाल ने बताया क्षेत्र में जल भराव की समस्या के चलते जुखाम खांसी खुजली के साथ-साथ मरीजों को बुखार भी आ रहा है कहीं पर सर्दी लगकर आता है तो कहीं पर ऐसे ही आ रहा है उन्होंने बताया कि दो बार तीन बार मेरीज आते हैं तीन-तीन दिन की दवाइयां ले जाते हैं और उनको आराम मिल जाता है। फार्मासिस्ट प्रेमनाथ ने बताया प्रतिदिन अस्पताल खोलने से पहले ही मरीज आ जाते हैं बुजुर्गों को सांस और सर दर्द, शुगर बीपी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। ककवन सीएचसी अधीक्षक अनुज कुमार दीक्षित ने बताया समय से दवाइयां पहुंच रही हैं और स्टाफ भी समय से पहुंच जाते हैं।

फिल्म का प्रमोशन करने कानपुर पहुंचे अभिनेता अक्षय कुमार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के लोगों के पान खाने का तरीका, हावभाव यह सभी चीजें हमने अपने डायरेक्टर से सीखीं। कानपुर के लोग खासकर यहां की पुलिस का कार्य मुझे बहुत पसंद आया और मैं उनका शुक्रगुजार हूं। यह बातें बुधवार को वीआईपी रोड स्थित एक मॉल के थियेटर में अपनी फिल्म जॉली एलएलबी 3 के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर शहर आए बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कहीं। कुर्ता, पैजामा पहनने के साथ गमछा डालकर आए अभिनेता ने कहा मेरा नाम अक्षय कुमार है और मैं कनपुरिया हूं। यहां उन्होंने कहा गुटखा खाना बुरी बात है। अक्षय कुमार से पूछा गया कि दोनों सुपरहिट के बाद तीसरी फिल्म के लिए कितना प्रेशर था तो उन्होंने कहा कि प्रेशर सिर्फ छोले खाकर आता है जिसे सुन लोग ठहाका लगाकर हंसे। वह मंच पर लड्डू लेकर आए और फैंस को बांटे। अभिनेता अरशद वारसी ने अपने कॉमिक स्टाइल से कौन हैं वो लोग जैसे डायलॉग बोलकर फैंस को सीटियां बजाने पर मजबूर किया। अक्षय कुमार ने मंच पर काफी लोगों की टांग खींची। फैंस अक्षय के साथ सेल्फी खिंचाने के लिए परेशान दिखे। अक्षय कुमार ने कहा कि जॉली मिश्रा बनकर वापस आना मेरे लिए बहुत खास सफर रहा लेकिन असली मजा तो तब है जब अदालत में सामने बैठा हो दूसरा जॉली अरशद का जॉली त्यागी। हमारी नोकझोंक, कॉमेडी और टकराव ने हर सीन को अप्रत्याशित बना दिया। ट्रेलर तो बस झलक है...असली धमाका 19 सितंबर से सिनेमाघरों में शुरू होगा।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

सोशल मीडिया को शांत करने से नेपाल हुआ अशांत

ऐसे में नेपाल में बढ़ती अस्थिरता का सीधे प्रभाव भारत की सीमा सुरक्षा, सीमावर्ती इलाकों की स्थिरता और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों पर पड़ सकता है। नेपाल में युवाओं का आक्रोश और विरोध प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का संकट गहरा रहा है। अगर यह स्थिति और बिगड़ी तो चीन अपना प्रभाव वहां और बढ़ाने का प्रयास कर सकता है। चीन पहले से ही नेपाल में अपनी पकड़ बनाये हुए है। ऐसे में नेपाल के लोकतांत्रिक संस्थानों में अविश्वास और अशांति बढ़ी तो यह भारत के लिए रणनीतिक चुनौती बन सकती है।

नेपाल में सरकार द्वारा प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर लगाए गए प्रतिबंध ने देश के राजनीतिक, सामाजिक और कूटनीतिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल डिजिटल नीति का सवाल नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और युवा चेतना के लिए एक गंभीर चुनौती है। फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स, जिन्हें युवा पीढ़ी अपने विचार व्यक्त करने, दोस्तों से जुड़ने और वैश्विक घटनाओं से अपडेट रहने के लिए इस्तेमाल करती है, उन पर बैन लगाने से युवाओं में गहरी नाराजगी और असंतोष पैदा हुआ है। युवा पीढ़ी पहले ही देश की कमजोर स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से तंग आ चुकी है। ऐसे समय में सोशल मीडिया पर पाबंदी ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया है। हाल ही में 'नेपो किड्स' यानि राजनीतिक परिवारों के बच्चों के विरुद्ध उभरे गुस्से और काठमांडू में जेनरेशन ज़ेड के युवाओं का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि वह अब अन्याय को चुपचाप सहन नहीं करेंगे। यह चेतावनी है कि यदि सरकार युवा वर्ग की भावनाओं को समझने में विफल रही, तो राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ सकती है। देखा जाये तो इस घटनाक्रम का भारत और दक्षिण एशिया के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। नेपाल भारत का निकटतम पड़ोसी और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश है। वहां की अस्थिरता न केवल सीमा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है, बल्कि चीन जैसे बाहरी प्रभावों को बढ़ावा देने का अवसर भी दे सकती है। हाल ही में ओली सरकार का चीन के प्रति झुकाव, पश्चिम और जापान से दूरी और सीमा विवादों में आक्रामक रुख ने यह संकेत दिया है कि नेपाल अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता के बावजूद विदेशी प्रभावों के जाल में फंसता जा रहा है। यह ठीक है कि सोशल मीडिया को कानूनी और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप नियंत्रित करना आवश्यक था, लेकिन इसे कैबिनेट निर्णय के माध्यम से लागू करना और विवादास्पद प्रावधान लागू करना– जैसे 'समस्याग्रस्त सामग्री' को 24 घंटे में हटाना, जैसी नीति को थोपना गलत था। पहले ही दक्षिण एशिया में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। श्रीलंका, पाकिस्तान और अब नेपाल के हालात यह संदेश देते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे जीवित बनाए रखने के लिए नागरिकों की स्वतंत्रता, उनके अधिकार, शासन में पारदर्शिता और संवेदनशील कूटनीति की रक्षा आवश्यक है। नेपाल की सरकार को अब यह समझना होगा कि विदेशी ऐप्स को कानूनी दायरे में लाना उचित है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण है कि वह अपने युवाओं और नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करें। युवा पीढ़ी देश के भविष्य के निर्माता हैं; उनकी आवाज़ को दबाना, उन्हें अपमानित करना और डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण लगाना केवल अस्थायी समाधान होगा, जबकि अस्थिरता और सामाजिक तनाव स्थायी रूप से बढ़ सकते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता, सोशल मीडिया पर पाबंदी और युवा विरोध प्रदर्शन न केवल वहां की आंतरिक राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि यह भारत के लिए भी चिंता का विषय बन गए हैं। नेपाल भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। दोनों देशों के बीच खुले सीमावर्ती संबंध, सामाजिक-सांस्कृतिक मेलजोल और आर्थिक संबंध गहरे हैं।

एक्सप्रेस आलेख

बीजेपी का मानना है कि कि यह विधेयक सुशासन की सबसे बड़ी बाधाओं-भ्रष्टाचार और अपराध को दूर करने के लिए संसद में पेश किया गया है। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत कानून के सामने सबको बराबर का दर्जा हासिल है। फिर भी हकीकत यह है कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी दो दिन भी जेल में रहा, तो उसे सेवा नियमों के तहत स्वत: ही निलंबित कर दिया जाता है। जबकि महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर बैठे लोगों पर यह प्रावधान नहीं लागू होते। बीजेपी का तर्क है कि प्रस्तावित कानून के दायरे में मंत्री,मुख्यमंत्री ही नहीं, प्रधानमंत्री भी आएंगे।

भ्रष्टाचार रोकने वाला कानून हो पाएगा पास?

उमेश चतुर्वेदी

बीजेपी का कहना है कि सामाजिक न्याय और समानता का पाठ पढ़ाने वाले दलों के लोग चाहते हैं कि उच्च पदों पर बैठे मंत्री या मुख्यमंत्री सलाखों के पीछे से सरकार चलाएँ। बीजेपी का तंज है कि यह समानता और सामाजिक न्याय का उपहास है वैसे ध्यान रखना होगा कि लिली थॉमस मामले के बाद नियम बनाया गया कि अगर किसी सांसद को दो साल से ज़्यादा की सज़ा होती है।

संविधान का 130वां संशोधन विधेयक 2025 संसद के मानसून सत्र के दौरान 20 अगस्त दिन बुधवार को लोकसभा में जब पेश किया गया, तब सदन में अभूतपूर्व हंगामा दिखा। कह सकते हैं कि अराजक दृश्यों के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया। अब इस विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति सुझाव मांगेगी और अपने संशोधनों के साथ सदन में भेजेगी। तब कहीं जाकर चर्चा होगी और विधेयक पास हो पाएगा। लेकिन जिस तरह विपक्ष इस विधेयक की राह में अड़ंगे डाल रहा है, उससे लगता नहीं कि संयुक्त समिति में भी इसे आसानी से वह आम राय बनाने देगा और भ्रष्टाचार के खात्मे की दिशा में मील का पत्थर माना जाने वाला यह विधेयक पास हो पाएगा। अव्वल तो होना यह चाहिए कि भ्रष्टाचार को रोकने, सर्वोच्च स्तर तक के लोगों को जवाबदेह बनाने वाले विधेयक पर पक्ष ही नहीं, विपक्ष को भी साथ होना चाहिए। लेकिन विपक्ष इस पर हंगामा मचाए हुए है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस विधेयक के प्रावधान क्या हैं। जिन पाठकों को संसद की संयुक्त समिति की जानकारी नहीं है, उनके लिए यह भी बताना जरूरी हो जाता है कि यह समिति आखिर है क्या और इसका क्या अधिकार है? इस संविधान संशोधन विधेयक में कहा गया है कि जो भी मंत्री, किसी गंभीर अपराध के लिए 30 दिनों तक जेल में रहेगा, वह अपना पद खो देगा। इस कानून के तहत 0कोई मंत्री, पद पर रहते हुए लगातार तीस दिनों की अवधि के दौरान, किसी ऐसे कानून के तहत किसी अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है या हिरासत में रखा जाता है, जिसके तहत पांच वर्ष या उससे अधिक जेल हो सकती है, उसे हिरासत में लिए जाने के इकतीसवें दिन तक मुख्यमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा उसे उसके पद से हटा दिया जाएगा। इस विधेयक में कहा गया है कि, ÷यदि ऐसे मंत्री को हटाने के लिए मुख्यमंत्री की सलाह इकतीसवें दिन तक राष्ट्रपति को नहीं दी जाती है, तो वह उसके बाद खुद-ब-खुद मंत्री नहीं रह पाएगा।÷ विपक्षी निशाने पर आया यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 75 में संशोधन करेगा, जो मुख्य रूप से प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद की नियुक्ति और जिम्मेदारियों से संबंधित है। इस विधेयक में मंत्री के जेल से वापस आने के बाद को लेकर स्पष्टता तो नहीं है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि जब मंत्री जेल से रिहा हो जाएंगा तो क्या होगा? वैसे माना जा रहा है कि विधेयक के प्रावधानों के तहत, सैद्धांतिक रूप से यह संभव हो सकेगा कि संबंधित मंत्री जेल से बाहर आने के बाद पुनः नियुक्त किया जा सकृता है। इस विधेयक की उपधारा एक का प्रावधान कहता है कि कोई बात ऐसे मुख्यमंत्री या मंत्री को हिरासत से रिहा होने पर राष्ट्रपति द्वारा बाद में मुख्यमंत्री या मंत्री नियुक्त किए जाने से नहीं रोकेगी।÷ विपक्ष को लगता है कि केंद्र सरकार

भारतीय समाज में भ्रष्टाचार गहरे तक जड़ें जमा चुका है। राजनीति का आज दूसरा अर्थ ही भ्रष्टाचार हो गया है। पड़ोसी चीन जैसे देश में भ्रष्टाचार की सजा मौत तक है। अमेरिका, ब्रिटेन आदि जिन देशों के लोकतंत्र और संसदीय परंपरा की हम खूब दुहाई देते हैं।

जानबूझकर विपक्षी मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाने के लिए यह विधेयक लेकर आई है। वैसे माना जा रहा है कि शराब नीति घोटाले में जब अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया, तब भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। इसकेपहले तक होता रहा है कि जब किसी मंत्री या मुख्यमंत्री पर आरोप लगते हैं तो गिरफ्तारी के पहले ही वे इस्तीफा देते रही हैं। 1997 में चारा घोटाले में जब लगा कि लालू यादव की गिरफ्तारी हो जाएगी तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इसी तरह 2024 में जब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने को लगा कि वे गिरफ्तारी से नहीं बच पाएंगे तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया और इस्तीफा देते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया गया था। लेकिन केजरीवाल ने तब इस्तीफा दिया,जब उन्हें जेल में रहते किसी फाइल पर हस्ताक्षर करने या जमानत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री के दफ्तर ना जाने की शर्त सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। विपक्ष का तर्क है कि केंद्र सरकार अक्सर बदले की भावना के साथ काम करती है और उसके निर्देशन में काम करने वाला प्रवर्तन निदेशालय. आयकर विभाग और सीबीआई जब चाहे किसी भी मंत्री, मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर सकते हैं। गिरफ्तारी के बाद ये एजेंसियां ऐसे आरोप लगा सकती हैं. जिनके तहत उन्हें महीनों तक जमानत नहीं मिल सकती। तब इस विधेयक के जरिए किसी भी विपक्षी सरकार को गिराया जा सकता है। यही वजह है कि जब गृह मंत्री अमित शाह ने विधेयक पेश किया तो संसद में विपक्ष ने ज़ोरदार विरोध किया। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने 2010 में सोहराबुद्दीन शेख मुठभेड़ मामले में गृह मंत्री की गिरफ़्तारी का मुद्दा उठाया। हालाँकि, शाह ने जवाब दिया कि गिरफ़्तारी से पहले ही उन्होंने गुजरात के गृह मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। अब जानते हैं कि संसद की संयुक्त समिति क्या है? संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी संसद द्वारा किसी विशेष उद्देश्य के लिए, जैसे किसी विषय या विधेयक की विस्तृत जाँच के लिए गठित की जाती है। इसमें दोनों सदनों के सदस्य होते हैं और इसका कार्यकाल समाप्त होने या इसका कार्य पूरा होने के बाद इसे भंग कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, संविधान के 130वां संशोधन विधेयक, 2025 को विपक्षी हंगामे और मांग के बाद लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति द्वारा चुने गए 31 सदस्यों वाली एक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है। वैसे तो समिति से रिपोर्ट हासिल करने की कोई मियाद तय नहीं है,लेकिन गृहमंत्री अमित शाह ने मांग की है कि समिति संसद के अगले यानी शीत सत्र के पहले दिन से पहले ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दे। संसदीय नियमों के अनुसार, जेपीसी का कार्यक्षेत्र उसके गठन के प्रस्ताव पर निर्भर करता है। हालाँकि इसकी सिफ़ारिशें प्रभावशाली होती हैं, लेकिन वे सरकार पर बाध्यकारी नहीं होतीं। इस बीच बीजेपी ने 25 अगस्त, 2025 को विपक्षी हंगामे के खिलाफ कड़ा बयान दिया। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया 130 वां संविधान संशोधन विधेयक राजनीति में नैतिकता और सुशासन को मजबूत करेगा और भ्रष्टाचार और अपराधीकरण को खत्म करने के लिए एक प्रभावी हथियार के रूप में काम करेगा। बीजेपी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जहां एक ओर समूचा राष्ट्र इस पहल का स्वागत कर रहा है, वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे दल केवल भ्रष्टाचार को बचाने के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। बीजेपी विपक्ष को बहिष्कार ब्रिगेड बताते हुए यह भी कहने से नहीं हिचकी कि विपक्ष यानी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की लोकतंत्र में नहीं, अपने परिवार और सत्ता की रक्षा में ही दिलचस्पी है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्थी 12:26 तक
नक्षत्रः	अश्विनी 13:58 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	गुरुवार
योगः	ध्रुव, 17:01 तक
सूर्योदयः	06:04
सूर्यास्तः	18:23
चंद्रमाः	मेष राशि में
राहुकालः	13:46-15:18
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	भाद्रपद
शुभ मुहूर्तः	11:49 -12:38

जन एक्सप्रेस

लगा उन्हें है रोग !

बार बार दुहराकर ट्रंप ।
बन रहे महान ।।
भारत उनकी बात का ।
ना लिया संज्ञान ।।
बन कर अब बड़बोले वो ।
हैं रहे उभर ।।
लेकिन ना आसान है ।
उनकी ये डगर ।।
असली मुद्दों से वो ।
रहे अब भटक ।।
आगे इस पर हैं अडिग ।
है इसमे भी शक ।।
बोलने का ज्यादा ।??
लगा उन्हें है रोग ।।
होंगे जल्द असहज ।
अमरीका के लोग ।।



\- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

हल्दी और सरसों के तेल से ऑयल पुलिंग करने के फायदे

भारतीय घरों में हल्दी और सरसों के तेल दोनों का इस्तेमाल खाना पकाने के लिए किया जाता है। इनमें अच्छी मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं। इनका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं, लेकिन इनको ऑयल पुलिंग के लिए इस्तेमाल किया जाए, तो इनसे मुंह के स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं से राहत देने में मदद मिल सकती है। डॉ. अनंत त्रिपाठी के अनुसार, आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी- माइक्रोबियल के गुण और बहुत से पोषक तत्व होते हैं। वहीं, सरसों के तेल में एंटी-फंगल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इनका ऑयल पुलिंग के लिए इस्तेमाल करने से ओरल हेल्थ को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है।

मसूड़ों और दांतों को मजबूती: हल्दी और सरसों के तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से मसूड़ों और दांतों को मजबूती देने, सड़न से बचाव करने और इनसे जुड़ी अन्य समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करे: औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी और सरसों के तेल में अच्छी मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल के गुण होते हैं। ऐसे में इनको ऑयल पुलिंग के लिए इस्तेमाल करने से मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने और ओरल हेल्थ को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है।

दर्द और सूजन कम करे: हल्दी और सरसों के तेल में अच्छी मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इनसे ऑयल पुलिंग करने से दांतों और मसूड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे ऑरल हेल्थ स्वस्थ रहती है।

कैविटी से बचाव करे: सरसों के तेल और हल्दी में अच्छी मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी के गुण पाए जाते हैं। इससे ऑयल पुलिंग करने से दांतों के दर्द को कम करने और दांतों का कैविटीज से बचाव करने में मदद मिलती है।

मुंह की बदबू दूर करे: ऑयल पुलिंग के लिए हल्दी और सरसों के तेल का इस्तेमाल करने से मुंह की बदबू से राहत देने और मुंह में बैक्टीरिया को पनपने से रोकने में मदद मिलती है, जो ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद हैं।

निष्कर्ष: हल्दी और सरसों के तेल से ऑयल पुलिंग करने से दांतों और मसूड़ों को मजबूती देने, दर्द और सूजन को कम करने, मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने, कैविटीज से बचाव करने और मुंह की बदबू को दूर करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे, इसको निगलना नहीं है।

एक्सप्रेस विशेष

जीवन की रक्षा में संवाद ही सबसे बड़ा हथियार

योगेश कुमार गोयल

इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2025 की थीम है 'आत्महत्या पर कहानी बदलना'। इस थीम का उद्देश्य आत्महत्याओं को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2022 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर जारी अपनी रिपोर्ट में बताया था कि वर्ष 2022 में भारत में कुल 170924 लोगों ने आत्महत्याएं की जबकि 2021 में भारत में 164033 लोगों ने आत्महत्या की थी। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आज छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते।

जनसेवा और विकास की राह पर बरखेड़ा विधायक की पहल

- विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद से की मुलाकात



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र इन दिनों दो बड़ी चुनौतियों से गुजर रहा हैं। एक ओर विकास कार्यों को गति देने की जरूरत है तो दूसरी ओर हालिया बाढ़ ने जनमानस को गहरी क्षति पहुंचाई है। ऐसे में क्षेत्रीय विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद से मिलना न केवल औपचारिक भेंट है बल्कि जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सार्थक पहल भी है।

बाढ़ की त्रासदी और मुआवजे की जरूरत, विकास कार्यों की मांग

बरखेड़ा के बाढ़ग्रस्त गांवों में किसानों की फसलें चौपट हो गईं, कच्चे मकान गिर गए और सड़कें व पुलिया बहाव में क्षतिग्रस्त हो गईं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक भी है। प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत व उचित मुआवजा मिलना बेहद जरूरी है, ताकि वे पुनः अपने जीवन को पटरी पर ला सकें। विधायक ने इस मुद्दे को सांसद के सामने मजबूती से रखा है, जो प्रशंसनीय कदम है। बरखेड़ा जैसे क्षेत्र के लिए केवल आपदा राहत ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास योजनाएँ भी जरूरी हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं में सुधार ही स्थायी समाधान है। विधायक द्वारा इन विषयों पर सांसद से चर्चा करना क्षेत्रीय राजनीति में सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत है।

राजनीति से ऊपर उठकर जनहित

बरखेड़ा विधायक का यह प्रयास इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि उन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर जनता की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाया है। लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाएँ और उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करें बरखेड़ा क्षेत्र के लिए यह मुलाकात एक उम्मीद की किरण है। अब आवश्यकता है कि सांसद और सरकार स्तर पर इन मुद्दों पर ठोस कार्यवाही हो। यदि विकास कार्यों के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों को न्यायोचित मुआवजा मिल जाता है तो यह क्षेत्रीय जनता के विश्वास को और मजबूत करेगा।

एक्सप्रेस खबरें...

टहलने निकले युवक की लगाई दी पिटाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। हंसी मजाक के लिए न रुकने पर कुछ लोगों ने एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। शिकायत पर पुलिस ने पिता पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।
नगर के मोहल्ला नूरी नगर के रहने वाले इमरान खान पुत्र एजाज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका भाई फैजान खान खाना खाने के बाद रोड पर टहलने गया था। रास्ते के किनारे मोहल्ले के ही सेखू बाबा, शादाब और उनके पिता अफजल बैठे हुए थे। वह फैजान के साथ हंसी मजाक करते हुए बुलाने लगे फैजान ने जाने से मना कर दिया। इससे तीनों पुत्र पिता पुत्र नाराज हो गए। आरोप है उन्होंने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से फैजान की पिटाई लगा दी जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के काफी लोग पहुंच गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने सेखू बाबा, शादाब और अफजल खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मेला देखने गया किशोर गायब

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घर से मेला देखने गया किशोर गायब हो गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला रजागंज देहात की रिहाना पत्नी इबरार किराए के मकान में रहती हैं। बीते 5 सितंबर को बारह रबीउल उव्वल का त्यौहार था। इस उपलक्ष्य कस्बे में मेला लगा था। रिहाना का बेटा अरमान रात 10 बजे घर से मेला देखने कस्बे में गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इससे रिहाना को चिंता हुई। दूसरे दिन रिहाना और उसके परिजनों ने रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की लेकिन अरमान का कहीं पता नहीं चल सका। परेशान रिहाना ने मामले की सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ध्रुव कालोनी से ग्रामीणों ने शुरू किया पलायन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गांव के नजदीक बह रही शारदा नदी की दहशत से ग्रामीण परेशान हैं। कई परिवारों ने गांव से पलायन कर ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। शारदा नदी कटान करते हुए लगातार आबादी की ओर बढ़ रही है। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। बीते कई दिनों से कटान करते हुए शारदा नदी ध्रुव कॉलोनी से महज 10 मीटर की दूरी पर रह गई है। इससे ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है। दहशत के चलते ग्रामीणों की रात की नींद उड़ी हुई है। बचाव के इंतजाम न होने से ग्रामीणों को नदी के गांव तक पहुंचने का भय सता रहा है। इस कालोनी में 30- 35 परिवार रहते हैं। कटान की दहशत के चलते बुधवार को ध्रुव कालोनी से लगभग 16 परिवार पलायन कर गए। उन्होंने ढक्का चाट और अन्यत्र ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। हालांकि बुधवार को शारदा नदी ने कम कटान किया। इसके अलावा आजाद नगर और श्रीनगर कॉलोनी के पास कटान कम होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

लिटिल एंजिल्स स्कूल में एनसीसी आर्मी विंग की शुरुआत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। शहर के प्रतिष्ठित लिटिल एंजिल्स स्कूल में पहली बार आधिकारिक तौर पर एनसीसी आर्मी विंग की शुरुआत की गई। जूनियर डिवीजन के लिए अनुमोदन प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद 9 सितंबर, 2025 को विद्यालय में चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इस चयन प्रक्रिया का संचालन 25 यूपी बटालियन एनसीसी, शाहजहांपुर के हवलदार शांतनु सामंत (पीआई, 25 यूपी बटालियन एनसीसी) और हवलदार सुनील ढाका (पीआई, 25 यूपी बटालियन एनसीसी) के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में किया गया।

चयन के दौरान विद्यार्थियों को कठोर मेडिकल, शारीरिक और लिखित परीक्षाओं से गुजरना पड़ा, जिससे निष्पक्ष व पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया। ट्रायल के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल सहित प्रबंधन समिति के सभी सम्मानित सदस्य मौजूद रहे और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण सुश्री मोनिका बिष्ट द्वारा किया गया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि एनसीसी की शुरुआत से छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

दंगल जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ भाईचारे को भी मजबूत करती हैं: नफीस अहमद अंसारी

- कनाकोर मेले में दंगल का भव्य आयोजन, पहलवानों के दमदार दांव-पेंच देखने उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के गांव कनाकोर में बुधवार को ऐतिहासिक मेले के अवसर पर दंगल का भव्य आयोजन किया गया। परंपरागत खेलों की झलक पेश करते हुए आयोजित इस दंगल में पहलवानों के बीच हुए दमदार मुकाबलों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पूरे दिन अखाड़े में गूंजते जयकारों के बीच मुकाबलों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर मौजूद रहे। ग्राम प्रधान एवं मेला आयोजक रक्षपाल गंगवार तथा मेलाध्यक्ष छेदालाल गंगवार ने अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि नफीस अहमद अंसारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दंगल जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं न केवल युवाओं को खेलों से जोड़ती हैं बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी मजबूत करती हैं। ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका है। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू सोनकर, 127 सदर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह, रामा शंकर सोनकर और रमेश त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे। मेले में पहलवानों के बीच रोचक मुकाबले देर शाम तक जारी रहे। जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

गन्ना कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। गन्ना कृषक महाविद्यालय में अभियान के तहत छात्राओं को पोषण और सुरक्षा की जानकारी दी गई। चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। गन्ना कृषक महाविद्यालय में महत्वकांक्षी योजना सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डा. सुधीर कुमार शर्मा और महिला कल्याण विभाग की टीम ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान महिला कल्याण विभाग और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बालिकाओं को पोषण और सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गईं। प्राचार्य ने छात्राओं को परामर्श स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को डॉक्टर्स से साझा करने को कहा। अभियान के दौरान मिशन कॉर्डिनेटर सुवर्णा पांडे ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए। इसके अलावा महिला कल्याण विभाग की टीम ने छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना , वन स्पॉट सेंटर एवं महिला शक्ति केंद्र के माध्यम से प्रभावित महिलाओं में जागरूकता, संचार, सोशल मोबिलाइजेशन, साइकोलॉजिकल काउंसलिंग और विधिक सहायता प्रदान करने में महिलाओं और उनके आश्रितों को सहायता प्रदान कराने की विस्तृत जानकारी भी दी। डॉ. शिवाली वर्मा और डॉक्टर प्रियंका वर्मा ने कम रिसोर्सेज में एनीमिया, कुपोषण आदि से बचाओ के बारे में बताया। छात्राओं का निःशुल्क परीक्षण कर सैनेट्री किट बांटी गई। इस दौरान जेंडर स्पेशलिस्ट जय श्रीसिंह और अजीत सिंह ने बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, टीकाकरण आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में रंजना सिंह,अर्निका दीक्षित, शोभना मिश्रा, तहमीना शमसी, अंशिका शर्मा, राजिया शकील रेखा सिंह और पिन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया समग्र समीक्षा बैठक में जायजा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में बाढ़ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, बलदेव सिंह औलख ने की। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बैठक में बताया कि बाढ़ के दौरान तीन गौशालाओं में पानी भर गया था, जिसके पश्चात गौवंश को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया। बाढ़ के बाद पशु चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कराया जा रहा है। पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ प्रभावित सभी ग्रामों में साफ-सफाई, फोगिंग, एंटी-लार्वा और चूना छिड़काव का कार्य लगातार जारी है। मंत्री बलदेव सिंह औलख ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि बाढ़ से हुई फसल क्षति का तत्काल आंकलन किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जा सके।
अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 को बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का ब्यौरा तैयार कर शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित कर लोगों की जांच और आवश्यक दवा वितरण किया जाए। मंत्री श्री औलख ने जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहकर बाढ़ प्रभावित जनों को राहत एवं सुविधा प्रदान करें। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक विवेक वर्मा, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, उप कृषि निदेशक और कृषि अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

'प्रोजेक्ट अलंकार' से चमकेंगे स्कूल भवन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिले के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की तस्वीर बदलने के लिए शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट अलंकार पर बुधवार को अटल सभागार में अहम बैठक हुई। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधकों को योजना की जानकारी दी। संचालन डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों के आधुनिकीकरण व भवनों के कायाकल्प के लिए सरकार 75त्न तक अनुदान देगी,जबकि 25त्न भागीदारी विद्यालय प्रबंधन को करनी होगी।उन्होंने प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से अपील की कि हर विद्यालय से कम से कम एक प्रस्ताव अवश्य भेजा जाए, ताकि अधिक से अधिक संस्थान योजना का लाभ ले सकें। बैठक के दौरान कुछ प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों ने वित्तीय हिस्सेदारी,प्रस्ताव की प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं को लेकर सवाल पूछे। सीडीओ ने सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी और भ्रम दूर किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों की जरूरत और प्राथमिकता के हिसाब से प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि यह योजना न केवल भवनों को नया रूप देगी, बल्कि शिक्षा के वातावरण को भी बेहतर बनाएगी।विद्यालय तभी आकर्षक होंगे,जब उनका ढांचा आधुनिक होगा।

गौरीफंटा सीमा पर कड़ी चौकसी, जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

नेपाल में जेन-जी के हिंसक प्रदर्शन के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। लखीमपुर खीरी जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा खुद बॉर्डर की हर हलचल पर पैनी नजर रखे हुए हैं। दोनों अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।एसएसबी और स्थानीय पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस की कवच प्वाइंट्स और एसएसबी के जवान आपसी सहयोग से सीमा पर सघन गश्त कर रहे हैं। नदी पार जाने वाले रास्तों तक पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का साफ संदेश है कि नेपाल से कोई भी अराजक तत्व भारतीय सीमा में घुसपैठ न कर पाए।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर निघासन और पलिया तहसील के एसडीएम ने बुधवार को सीमा से जुड़े गांवों के ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल और कोटेदारों संग बैठक की। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामवासी ऐसे लोगों की सूचना दें जो नेपाल गए हों और अब तक न लौटे होंभारतीय सीमा से नेपाल के नागरिकों को नेपाल जाने की अनुमति दी जा रही है, जबकि नेपाल से भारतीय नागरिकों को प्रवेश मिल रहा है। भारी वाहनों का बॉर्डर से आना-जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक, 10 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भारत से नेपाल की ओर 343 नेपाली नागरिक भेजे गए, जबकि नेपाल से भारत में 177 भारतीय नागरिकों ने प्रवेश किया।नेपाल के घटनाक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने 24म7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जनपद खीरी का कोई भी भारतीय नागरिक नेपाल में फंसा हो तो सहायता के लिए दिए गए फोन नंबर 05872-298410, 9454416588 पर संपर्क कर सकता है।बुधवार सुबह एसएसबी के कमांडेंट आर के राजेश्वरी ने गौरीफंटा बॉर्डर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उनके अंतर्गत आने वाली करीब 60 किलोमीटर सीमा पर एसएसबी पूरी तरह से मुस्तैद है। जवानों द्वारा चौकियों पर ड्यूटी के साथ ही बॉर्डर क्षेत्र में गश्त व पेट्रोलिंग जारी है।

लखनऊ पब्लिक स्कूल में फर्स्ट-एड एवं सी.पी.आर. पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

लखनऊ पब्लिक स्कूल में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब, लखीमपुर खीरी के संयुक्त-सौजन्य से एक विशेष स्वास्थ्यपरक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फर्स्ट-एड (प्राथमिक उपचार) एवं हृदयघात जैसी आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली जीवन-रक्षक सी.पी.आर. तकनीकों की जानकारी पर आधारित था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आरती श्रीवास्तव एवं रोटरी क्लब एवं रेडक्रॉस के सदस्यों द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों को रेडक्रॉस सोसाइटी के उद्देश्य, कार्य और महत्व एवं फर्स्ट-एड के उपयोग एवं प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि रेडक्रॉस का लोगो एक संरक्षित प्रतीक है, जिसका उपयोग केवल अधिकृत सदस्य ही आपातकालीन परिस्थितियों में कर सकते हैं।इसके पश्चात श्रीमती आरती श्रीवास्तव ने छात्रों को सी.पी.आर. (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सी.पी.आर. एक ऐसी जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसे तब उपयोग में लाया जाता है जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर दे या उसकी सांस रुक जाए। इस प्रक्रिया में दो मुख्य क्रियाएं होती हैं– छाती पर दबाव डालना और मुंह से कृत्रिम सांस देना। उन्होंने समझाया कि सी.पी.आर. उस समय अत्यधिक प्रभावशाली हो सकता है, जब इसे दिल की धड़कन रुकने के पहले कुछ मिनटों के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति सांस नहीं ले रहा हो या असामान्य रूप से सांस ले रहा हो, तो उसे तुरंत सी.पी.आर. देना आवश्यक होता है।
कार्यक्रम में छात्रों को यह भी सिखाया गया कि आपातकालीन स्थिति में साधारण कपड़ों और दो डंडों की सहायता से स्थानीय संसाधनों से स्ट्रेचर कैसे तैयार किया जा सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि एम्बुलेंस में मरीज को कैसे सुरक्षित रूप से लिटाया जाए, जैसे कि कौन-सी परिस्थिति में सिर पहले और कब पैर पहले रखने चाहिए।
कार्यक्रम के समापन पर लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री विजय सचदेवा ने विद्यालय परिवार की ओर से रेडक्रॉस सोसाइटी , रोटरी क्लब, लखीमपुर खीरी के उपस्थिति सदस्यगण एवं श्रीमती आरती श्रीवास्तव का हार्दिक आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को जीवन रक्षा से जुड़ी इतनी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए उनका अभिनंदन किया।

सीमावर्ती बाजारों में पड़ा सन्नाटा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

सीमावर्ती क्षेत्रों के तमाम बाजार में नेपाल आवागमन न होने से सन्नाटा पसरा हुआ है। दरअसल सीमावर्ती इलाकों के बाजार नेपाल पर निर्भर है और सारा सामान नेपाली व कैरिंग होती है लेकिन जब से नेपाल में उपद्रव और क्रांति शुरू हुई जब से भारी सन्नाटा पसरा हुआ है ?अब देखने वाली बात कि नेपाल के हालात सुधरने तक इन मंडियों का क्या हाल होगा जानकारों का कहना है कि सीमावर्ती भारतिय मंडियां सिर्फ नेपाल के भरोसे चलती है अगर हालात जल्दी नहीं सुधरेंगे तो यह मंडियां खाने खाने को तरह जाएगे इससे पहले नेपाल सीमावर्ती यह मंडियां कोविड के दौरान बर्बाद हो गई थी उसके बाद धीरे-धीरे हालात सुधरे और गाडी पटरी पर पहुची अब देखना होगा कि कब तक हालात नेपाल के सुधरेंगे जिससे दोनो तरफ के बाजारों में रौनक लौटें।

कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे: सीडीओ

- प्रधानाचार्यों को निर्देश: समय पर आवेदन कराना सुनिश्चित करें, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

शासन की महत्वाकांक्षी छात्रवृत्ति योजना को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीडीओ अभिषेक कुमार ने की। इस बैठक में जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। सीडीओ अभिषेक कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि शासन की मंशा है कि छात्रवृत्ति का लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुँचे। किसी भी कारणवश कोई बच्चा वंचित न रह जाए, यह सभी विद्यालयों की जिम्मेदारी है। यह विद्यार्थियों का हक है, इसे लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर विद्यालय यह सुनिश्चित करे कि सभी पात्र छात्रों का आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा हो और नियमानुसार फॉरवर्ड किया जाए।बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी विद्यालय ने समयसीमा में आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं की तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाए।

अधिकारियों ने दी विस्तृत जानकारी

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे। तीनों अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को छात्रवृत्ति योजना से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने पात्रता, आय सीमा, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और फॉरवर्डिंग की समयसीमा पर विशेष जोर दिया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बोथा में राहत शिविर, स्वास्थ्य टीम पहुंची गांव-गांव

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से बोथा गाँव में विशेष बाढ़ राहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. मुनेश वर्मा एवं फार्मासिस्ट यशोदानंदन के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक दवाइयाँ वितरित कीं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार बाढ़ प्रभावित परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी जरूरतमंद को दवा और इलाज से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन के प्रभारी एमओआईसी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बाढ़ग्रस्त गाँवों में टीमों की तैनाती की गई है। प्रत्येक टीम प्रभावित परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और निःशुल्क दवाएँ उपलब्ध करा रही है।

विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश @2047 : संवाद और सुझाव से जालौन ने दी अपनी भागीदारी

जन एक्सप्रेस । उरई

हमारा विज़न-हमारा भविष्य : समर्थ उत्तर प्रदेश @2047 पर जालौन में मंथन।

विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में **समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047** विषय पर विचार विमर्श एवं सुझाव कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, मण्डलायुक्त झांसी/नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे, सेवानिवृत्त आईएएस विजय सिंह निरंजन, सेवानिवृत्त आईपीएस हीरा लाल, प्रो. डॉ. रामप्रकाश (वैज्ञानिक, कृषि विभाग), प्रो. डॉ. आदित्य कुमार (राजनीति विज्ञान विभाग, डीवी कॉलेज), जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा आयोजन किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश और भारत का भविष्य हमें तय करना है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत संकल्प का हिस्सा है। समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर दिए गए सुझाव 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन, उद्योग, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और सुशासन-के विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। सेवानिवृत्त आईएएस ने कहा कि **विकसित उत्तर प्रदेश @2047** केवल सरकार का नहीं बल्कि हर नागरिक का साझा दायित्व है। विकसित परिवार से विकसित समाज और विकसित समाज से ही विकसित राज्य व विकसित भारत का निर्माण संभव है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम वर्ष 2047 में कैसा उत्तर प्रदेश चाहते हैं, इस पर स्पष्ट रोडमैप बने। जालौन में प्राकृतिक संपदा की कोई कमी नहीं है।

यहाँ पाँच नदियाँ हैं, सौर ऊर्जा से 6 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य है, कृषि उत्पादकता में जनपद ने राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान पाया है। जालौन को उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का इंजन बनाया जा सकता है। इस अवसर पर व्यवसायी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम जनमानस ने भी अपने मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मंडी सचिव बिना मंडी शुल्क जमा किए जा रहे ट्रक को पकड़ा

जन एक्सप्रेस/जालौन। बिना मंडी शुल्क जमा किए लाही लादकर ले जा रहे ट्रक को चेकिंग के दौरान मंडी सचिव ने पकड़ा। ट्रक में 230 क्विंटल लाही लदी हुई पाई गई। जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। पकड़े गए ट्रक को मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है और दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। बिना मंडी शुल्क जमा किए उपज का परिवहन करने की सूचना मिलने पर मंडी सचिव रवि कुमार, सहायक राघवेंद्र, योगेश कुमार व टीम के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास चेकिंग कर थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश की ओर से एक ट्रक आता दिखा। जिसको रोककर ट्रक की जांच की गई तो उसमें 230 क्विंटल लाही लदी हुई थी। मंडी सचिव ने मंडी से संबंधित प्रपत्र मांगे तो चालक नहीं दिखा सका। पूछने पर ट्रक चालक ने बताया कि वह लाही को बनारस लेकर जा रहा था। कागजात न मिलने पर मंडी सचिव ने ट्रक को माल सहित मंडी परिसर में खड़ा कराया है। मंडी सचिव रवि कुमार ने बताया कि ट्रक में 230 क्विंटल लाही लदी हुई थी। जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। मंडी शुल्क संबंधित आवश्यक प्रपत्र चालक नहीं दिखा सका। ट्रक को माल सहित मंडी परिसर में खड़ा कराया गया है और दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं रैगिंग जैसी गतिविधियां

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



इगलास। मंगलायतन विश्वविद्यालय में आयोजित दिशा कार्यक्रम के दूसरे दिन एप्लाइड साइंस कृषि और बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र आयोजित हुआ। इस सत्र में विद्यार्थियों को केवल एंटी-रैगिंग नीति और अनुशासन से अवगत ही नहीं कराया गया, बल्कि उन्हें नेतृत्व, जिम्मेदारी और सकारात्मक माहौल बनाने की प्रेरणा भी दी गई। सत्र के दौरान बताया गया कि रैगिंग जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं। विश्वविद्यालय में ऐसी गतिविधियों को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने कहा कि वरिष्ठ विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने आचरण और व्यवहार से अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि रैगिंग अपराध है, विद्यार्थी आपसी संवाद, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करें, यही स्वस्थ शैक्षणिक संस्कृति की पहचान है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार हर छात्र की प्रगति में सहभागी है। अनुशासन और सहयोग के साथ ही विद्यार्थी अपनी असली क्षमता का विकास कर सकते हैं। वहीं, प्रॉक्टर प्रो. किशन पाल सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात है कि विश्वविद्यालय में कोई रैगिंग से संबंधित मामला संज्ञान में नहीं आया है। सुरक्षा और सहयोग का वातावरण तैयार करना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन एंजेला फातिमा ने किया।

नगर पालिका परिषद महोबा में अमृत 2.0 पेयजल पुनर्गठन योजनान्तर्गत कबरई बांध से अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति कार्य हेतु 200 करोड़ धनराशि स्वीकृति

जन एक्सप्रेस/महोबा। सदर विधायक राकेश कुमार गोस्वामी अपनी विधान सभा में विकास को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं और समय समय पर सरकार के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत करते हैं। फिर चाहे वो स्वास्थ, सड़क पानी सहित सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भी आम जनमानस को भरपूर लाभ दिलाने के लिए कार्य करते हैं। श्री गोस्वामी ने कहा कि हम महोबा वासियों को शुद्ध पेयजल एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है। उन्होने बताया कि मेरे लगातार अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री ए0 के0 शर्मा द्वारा महोबा सदर विधानसभा के नगर पालिका परिषद् महोबा में अमृत 2.0 पेयजल पुनर्गठन योजनान्तर्गत कबरई बांध से अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति कार्य हेतु रू. 200 करोड़ धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है जिसकी प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण करके कार्य प्रारंभ होगा और आम जनमानस को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने महोबा वासियों की ओर से मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री का हार्दिक धन्यवाद् एवं आभार व्यक्त किया है।

नो हेलमेट, नो फ्यूल के तहत दस दिन में कटे 690 चालान

जन एक्सप्रेस । उरई

सड़क दुर्घटना रोकने के लिए चलाए जा रहे नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत दस दिनों में लगभग 690 चालान काटे गए हैं। प्रशासन की सख्ती के बाद भी बड़ी संख्या में लोग बिना हेलमेट के पंपों पर पेट्रोल ले रहे हैं। एआरटीओ ने बिना हेलमेट पेट्रोल दे रहे पंप कर्मियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है।

साथ ही मामले में एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार ने बताया कि शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिए जाने का सख्त निर्देश हैं। इसके बावजूद लोग बिना हेलमेट पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट के दस दिनो में 690 वाहनों का चालान किया गया है। पेट्रोल पंप कर्मियों को हिदायत दी गई है कि बिना हेलमेट पेट्रोल न दिया जाए। कहा कि अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। बिना हेलमेट के फ्यूल न देने का उददेश्य लोगों को परेशान करना नही बल्कि उनको जागरूक करना है।

टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज में अधिकारियों संग छात्राओं का हुआ संवाद

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

विकसित भारत ञ 2047 एवं उत्तर प्रदेश के विगत 8 वर्ष विषय पर मंगलवार को टीकाराम कन्या इंटर कालेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ।इसमें शासन स्तर से आए वरिष्ठ अधिकारियों एन.सी. उपाध्याय, के.डी. वर्मा एवं के.डी. दीक्षित ने छात्राओं से संवाद स्थापित किया। विकसित भारत अभियान के अंतर्गत सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता एन.सी. उपाध्याय ने टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को विकसित भारत के 12 प्रमुख पैरामीटरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीते 8 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकार का लक्ष्य प्रति व्यक्ति आय और साक्षरता दर को बढ़ाने, औसत आयु को 70 से 85 वर्ष तक ले जाने, क्लीन एनर्जी को प्रोत्साहन देने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सुलभ बनाने पर केंद्रित है।सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक के0डी0 दीक्षित ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार एवं जीडीपी वृद्धि से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अहम बताया।

उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस के लिए आप सभी द्वारा दिए गए सुझाव महत्वपूर्ण हैं।सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक के0डी0 वर्मा ने कहा कि भारत के साथ ही उत्तर प्रदेश भी कृषि प्रधान राज्य है। प्रदेश में 78 प्रतिशत आबादी ग्रामों में बसती है।

विकसित उत्तर प्रदेश के लिए 2047 तक 60 प्रतिशत शहरीकरण का लक्ष्य के साथ ही प्रत्येक जिले की एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी एवं ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने पर्यावरणीय संतुलन पर बल देते हुए बताया कि वर्ष 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है।यदि हमारा तापमान 1 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ता है तो उससे 1-1.5 प्रतिशत जीडीपी कम होती है।सभी अधिकारियों ने छात्राओं से शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण सुधार, भविष्य की जरूरतों और विकसित भारत के विजन में उनकी सहभागिता को लेकर सुझाव आमंत्रित किए। छात्राओं ने कहा कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक लैब की सुविधा बढ़ाई जाए। शिक्षकों को नई तकनीक का प्रशिक्षण मिले और पाठ्यक्रम में कौशल शिक्षा, करियर काउंसलिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएँ शामिल हों।उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग, छात्रवृत्ति, निशुल्क मार्गदर्शन, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण और खेलकूद की सुविधाओं पर भी जोर दिया। छात्राओं ने सुझाव दिया कि एआई, रोबोटिक्स व कोडिंग जैसी नई तकनीकें पढ़ाई में शामिल हों और अभिभावकों व समाज की सक्रिय भागीदारी से शिक्षा को और मजबूत बनाया जाए। छात्राओं ने विद्यालयों में बेहतर अधोसंरचना, स्मार्ट कक्षाओं का विस्तार, तकनीकी शिक्षा के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन और कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी बातों पर भी अपने विचार रखे। सभी अधिकारियों ने कहा कि छात्राओं के सुझाव विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे निरंतर शिक्षा, नवाचार और सामाजिक दायित्व के प्रति सजग रहकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।

लूट की झूठी सूचना देने पर एजेंट पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र में पहल फाइनेंस प्राइवेट कंपनी में कलेक्शन एजेंट द्वारा दी गई झूठी लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के बाद सारी सच्चाई सामने आ गई और पुलिस ने झूठी सूचना देने पर मामला पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम खरका निवासी सौरभ यादव पुत्र सूरज यादव पहल फाइनेंस प्राइवेट कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करता है। बताया गया कि मंगलवार की रात 9 बजे के करीब उसने पुलिस को सूचना दी कि वह किस्त के कलेक्शन का करीब एक लाख रुपये लेकर उरई आ रहा था। इस दौरान चुर्खी रोड पर ग्राम मिनौरा के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने कलेक्शन के रुपये व गाड़ी की चाबी लूट ली और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। लूट की सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कालर से घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की, तो सूरज ने सच कबूल कर लिया। जिसने पूछताछ में बताया कि कलेक्शन किए हुए रुपयों को उसने अपने साथी अंकित यादव पुत्र स्व. बृजभान निवासी ग्राम लहर कनार थाना सिरसा कलार और बुआ के लड़के संस्कार पुत्र इंदल निवासी ग्राम डकोर को देकर अपने गांव खरका भेज दिया था।

राष्ट्रीय पोषण माह के सफल आयोजन के सम्बन्ध में की गई चर्चा

जन एक्सप्रेस । महोबा

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की मासिक बैठक, सम्भव अभियान की समीक्षा तथा राष्ट्रीय पोषण माह 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2025 के सफल आयोजन के सम्बन्ध में चर्चा की गयी है। बैठक में अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, हॉटकुक्ड मील योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, पोषण ट्रेकर एप संचालन आदि विभागीय बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा तथा जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये है। साथ ही एफ0आरएस0 की फीडिंग, सैम-मैम बच्चों की पोषण श्रेणी में सुधार, गंभीर बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र पर भर्ती कराना, समस्त पंजीकृत लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार से आच्छादित कराना आदि विषयों पर आवश्यकद्व निर्देश निर्गत किए गये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व समस्त सी0डी0पी0ओ0 व मुख्य सेविकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

अधेड़ महिला ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर में अधेड़ महिला ने कुएं में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी सुनीता देवी 55 वर्ष पत्नी शिवकुमार ने बुधवार को किन्ही कारणों के चलते गांव में स्थित कुएं में छलांग लगा दी। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और परिजनों के अलावा गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से महिला को कुएं से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि महिला ने आए-दिन के गृह कलह से तंग आकर यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

वृहद मानसिक स्वास्थ्य जन जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का एमएलसी ने कराया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । महोबा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम तथा नोडल अधिकारी डॉ वी. के.चौहान के निर्देशन में बुधवार विश्व आत्महत्या रोक थाम दिवस वृहद मानसिक स्वास्थ्य जन जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह सेंगर विधान परिषद सदस्य द्वारा फीता काटकर किया गया। स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक, डॉ पी0 के0 सिंह राजपूत, डॉ विनय कुमार, डॉ रोहित, डॉ आनंद तथा डॉ प्रेम दास मनोचिकित्सकी सामाजिक कार्यकर्ता आदि द्वारा विभिन्न प्रकार के मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया जैसे याददाश्त की कमी, दिनचर्या को भूल जाना, याददाश्त जाना, भाषा का इस्तेमाल करने में दिक्कत, व्यक्तित्व में परिवर्तन, भटकाव, विघटनकारी या अनुचित व्यवहार, नकारात्मक विचार आना, जिन्दगी मे निराशा आना, अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना,भेद भाव, पूर्व जन्मो का अभिसाप, सिर में दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड.फूक, ऊपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन, शराब गाज़ा, अफीम, ड्रग, धूम्रपान, तथा आत्म हत्या के प्रमुख कारण मानसिक अवसाद, नशा एवं ड्रग्स की लत, रोजगार तथा करियर में असफल होना, शारीरिक एवं मानसिक शोषण, प्यार में धोखा या ब्रेकअप, गंभीर बीमारी, सबंध विच्छेद एवं तलाक होना, आत्म हत्या करने वाले लक्षण, अपने आप में खोए रहना, नकारात्मक सोचना, झूट बोलना, बार -बार मरने की बात करना, निराश वादी बात करना, खुद को चोट पहुंचाने तथा आत्महत्या की कोशिश करना द्य कैसे मदद करे उसे कहीं अकेला न छोड़ें, बात करे अपना पन जताए, उसके साथ कोई क्रिएटिविटी करे, सकारात्मक विचारों का आदान-प्रदान करे, टेली मानस हेल्प लाइन न0 14416 पर बात करे, मानसिक स्वास्थ्य विभाग में संपर्क कर विशेषज्ञ से राय ले। योगा, मेडिटेशन, शारीरिक एक्सरसाइज, टेली मानस हेल्प लाइन नंबर 18008914416, 18005990019 आदि पर बात करें आदि के विषय में बताया गया साथ ही बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं आशा, ए.एन.एम.स्टाफ, नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित किया गया।

शिविर मे चिन्हित किये गये 35 मानसिक विकारों से पीढ़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित किया गया तथा मानसिक दिव्यांग प्रमाणपत्र भी जारी किए गए और कैंप में 310 मरीज देखे गए द्य इसके उपरांत परामर्श जिला अस्पताल के कमरा नंबर 4 में ओ.पी.डी. दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करने को बताया गया। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने की सलाह दी गई।

यूपीकेएल सीजन 2 के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया समर्थन और आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । आगरा

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के दूसरे सीजन के प्रति उत्सुकता बढ़ती जा रही है जो 25 दिसंबर, 2025 को शुरू होने वाला है। इस संबंध में एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक संभव जैन ने लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, मुख्यमंत्री ने यूपीकेएल के आगामी सीजन के लिए अपना हार्दिक समर्थन व्यक्त कर आशीर्वाद दिया और राज्य में युवा सशक्तिकरण और खेल उत्कृष्टता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस चर्चा में कबड्डी ही नहीं बल्कि बल्कि इससे आगे बढ़कर उत्तर प्रदेश में तेज़ी से विकसित हो रहे खेल परिवेश पर भी बातचीत हुई। माननीय मंत्री ने युवाओं की भागीदारी, सामुदायिक विकास और राज्य का गौरव बढ़ाने के लिए खेलों को एक निर्णायक और महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण के बारे में भी बताया। दोनों लीडर्स ने ऐसे सम्मिलित मंच बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जो स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान कर, पोषित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की राह प्रदान करें।

बैठक में कुणाल शर्मा, रचित शर्मा और श्रीमती वेदिका त्रिवेदी भी उपस्थित थीं, जो यूपीकेएल के कार्यान्वयन और रणनीतिक विकास के प्रमुख हैं। एसजे अपलिफ्ट कबड्डी और यूपीकेएल जमीनी स्तर से लेकर पेशेवर स्तर तक की पाइप लाइन बनाने के अपने मिशन में अडिग हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि राज्य के हर कोने के प्रतिभाशाली एथलीटों के पास पेशेवर स्तर तक पहुँचने, विकसित होने और प्रसिद्ध होने के अवसर हैं।

हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के द्वारा एनीमिया को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । महोबा

महिला कल्याण विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में संकल्प, हब फॉर एंपावरमेंट आफ वूमेन योजना के अंतर्गत दिनांक 2.9.2025 से 12.9.2025 तक 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय महोबा में महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एनीमिया के कारण लक्षण बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान करना था जिला मिशन कोऑर्डिनेटर श्रीमती

प्रिया गुप्ता ने एनीमिया को **साइलेंट किलर** बताते हुए बताया कि यह रोग मुख्यतः आयरन की कमी से होता है और बच्चों किशोरियों तथा गर्भवती महिलाओं में अधिक पाया जाता है उन्होंने एनीमिया के बचाव हेतु संतुलित आहार हरी पत्तेदार सब्जियां अंकुरित अनाज गुड डाले एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन पर विशेष बल दिया।

साथी आयरन फोलिक एसिड की गोलियां नियमित रूप से लेने और समय समय पर हीमोग्लोबिन की जांच करवाने की भी सलाह दी गई एवं साथ ही कार्यक्रम में श्रीमती रुचि द्विवेदी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित समस्त टोल फ्री नंबर 1090,1098,181, 112,102,108 के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती रीता चौरसिया के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष, बाल कल्याण समिति, दत्तकग्रहण इकाई योजना निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती शाहिना परवीन एवं समस्त स्टाफ तथा कॉलेज की बच्चियां उपस्थित रहे।

ब्रांड अपने प्रशंसकों को हर सिप के साथ साहस और रोमांच को गले लगाने के लिए करता रहेगा प्रेरित

जन एक्सप्रेस । आगरा

पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एवं फियरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने मात्र 20 रुपये में अपना नया 400 एमएल पीईटी पैक लॉन्च करने का एलान किया है। अनूठी लॉन्चिंग के साथ माउंटेन ड्यू ने अपने प्राइस-पैक आर्किटेक्चर को इस तरह विस्तार दिया है, जिससे डर के आगे जीत है की कंपनी की फिलॉसफी के मुताबिक बेहतर वैल्यू एवं एक्सेसिबिलिटी मिल सके। ब्रांड अपने प्रशंसकों को हर सिप के साथ साहस और रोमांच को गले लगाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

इस लॉन्चिंग के मौके पर माउंटेन ड्यू ने रोमांच से भर देने वाले टीवीसी कैंपेन का भी अनावरण किया है। इसमें सेलेब्रिटी ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन नजर आए हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर ने किया है। रोमांच से भर देने वाली इस विज्ञापन फिल्म में ऋतिक रोशन एक आउटडोर एडवेंचर करते नजर आएंगे, जिसमें वह प्राकृतिक बाधाओं का सामना करेंगे। सस्पेंस के बीच वह डर को महसूस करते हैं और फिर साहस के साथ छलांग लगा देते हैं और एक बार फिर साबित करते हैं कि 'डर के आगे जीत है'। इस फिल्म में ऋतिक रोशन का निडर व्यक्तित्व नजर आता है, साथ ही साहस और जीत की माउंटेन ड्यू की फिलॉसफी भी जीवंत हो उठती है, जिसमें ब्रांड की नई बोल्ड ऑफरिंग को स्पॉटलाइट में दिखाया जाता है, जिसके तहत 20 रुपये में 400 एमएल के पीईटी पैक की पेशकश की गई है।

इस कैंपेन को लेकर ऋतिक रोशन ने कहा, डर का सामना हम सब करते हैं, लेकिन हमारी पहचान हमारे साहस से होती है।

नेपाल : नवलपरासी जेल से सैकड़ों कैदी हुए फरार, वीडियो वायरल

- प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के आवास व सरकारी भवनों को निशाना बना किया आग के हवाले
- आगजनी-फायरिंग के बीच कैदियों ने जेल का ताला खुलवाकर सामूहिक रूप से फरार

जन एक्सप्रेस । महराजगंज/नेपाल

नेपाल में हिंसक झड़प के बीच नवलपरासी जिला जेल में बंद करीब 500 कैदियों के फरार होने का वीडियो इंटरनेट के सोसल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

सूत्रों के मुताबिक बुधवार को पड़ोसी मुल्क नेपाल के नवलपरासी जिला जेल में प्रदर्शनकारियों ने जिला जेल में तैनात सशस्त्र एवं नेपाल प्रहरी के जवानों को बंधक बना, उनके हथियार छीनकर हवाई फायरिंग करते हुए दहशत का माहौल बनाया। जिला कारागार में आगजनी और फायरिंग के बीच कैदियों ने जेल का ताला खुलवाकर सामूहिक रूप से फरार होने की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कैदी कर्फ्यू के बावजूद अपने-अपने सगे संबंधियों के साथ रवाना हो गए। जिससे सुरक्षाबलों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

घटना ने जेल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर सुरक्षाकर्मी कैदियों के कब्जे में रहे, वहीं दूसरी ओर समय रहते नियंत्रण न होने से सभी बंदी फरार हो गए। सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम फरार कैदियों की तलाश में जुटी है। क्षेत्र में कड़ी चौकसी बरती जा रही है। हर आने-जाने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। नवलपरासी की इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

इस बाबत नवलपरासी प्रमुख जिलाधिकारी हीरालाल रेगमी ने बताया कि कई अपराधिक मामलों में करीब 500 कैदी जिला जेल में बंद थे जो सभी कैदी सभी कैदी फरार हो गए है। नवलपरासी जिले में कर्फ्यू जारी है, हालात पर नियंत्रण करने के लिए सेना के जवान सड़कों पर पहरा दे रहे हैं। नेताओं के आवास व सरकारी भवनों को प्रदर्शनकारियों ने बनाया निशाना~ नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरोध में भड़की हिंसा की आंच में प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के आवास व सरकारी भवनों को निशाना बनाकर जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें नवलपरासी प्रतिनिधि निर्वाचन सभा सदस्य क्षेत्र 1 सांसद विनोद चौधरी के सचिवालय, लुंबिनी प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री देवकरण कलवार, पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी, संविधान सभा सदस्य विक्रम खनाल, लुंबिनी सभासद विश्व प्रेमपाठक, एमाले जिलाध्यक्ष विपिन अधिकारी, एमाले जिला सचिव धिरज शर्मा, प्रतापपुर गांव पालिका अध्यक्ष उमेश यादव, पाल्हीनंदन गांव पालिका अध्यक्ष दीपक गुप्ता, उपाध्यक्ष फातिमा, एमाले लुंबिनी प्रदेश के नेता धान प्रसाद गहीरे, सुनवल नगर पालिका अध्यक्ष रेशम शर्मा तथा माओवादी कार्यालय, जिला प्रशासन कार्यालय, सरकारी वकील कार्यालय, वर्दघाट में राष्ट्रीय आवास में उपद्रवियों द्वारा जमकर तोड़फोड़ कर आग लगा दिया और तमाम वाहन जलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

नेपाल में बवालः हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था, सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाई गई गश्त

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

भारत से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शनों और अस्थिर हालात को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सीमा क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में लगातार गश्त और सतर्क निगरानी बनाए रखने के लिए संबंधित को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ऑनलाइन बैठक कर एसडीएम निचलौल और एसडीएम नौतनवा को आदेश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सीओ के साथ लगातार भ्रमणशील रहें और किसी भी परिस्थिति में शांति व्यवस्था भंग न होने पाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल से भारत लौट रहे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्थलों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जाए।

इसी के साथ जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना संयुक्त रूप ने सोनौली बार्डर पहुंचे हालात का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने सीमा पर जाकर व्यवस्थाओं का गहन मुआयना किया तथा एसएसबी और अन्य सुरक्षा बलों के साथ बैठक कर मौजूदा हालात की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीमावर्ती इलाकों में गश्त और सर्विलांस को और तेज करने का आदेश दिया, वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपने अधीनस्थों को सतर्क रहते हुए किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार रहने का निर्देश दिया।

वही सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से साफ कहा गया है कि नेपाल में हो रहे प्रदर्शनों का असर भारतीय सीमा क्षेत्र की शांति पर किसी भी कीमत पर नहीं पड़ने दिया जाएगा। बार्डर निरीक्षण के दौरान एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, तहसीलदार नौतनवा कर्ण सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। ऐसे में यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन नेपाल की परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत कर दिया गया है।

नेपाल में हालात बिगड़े: भारतीय बाजार में पसरा सन्नाटा, व्यापारियों की चिंता बढ़ी

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

नेपाल में जारी प्रदर्शन और बवाल का असर सरहद से सटे भारतीय कस्बा ठूठीबारी के बाजारो में साफ दिख रहा है। सामान्य दिनों में नेपाली ग्राहकों से गुलज़ार रहने वाला यह बाजार इन दिनों सन्नाटे में डूब गया। ग्राहकों के आवागमन ना होने से अधिकांश दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान तक बंद कर दिए हैं। कपड़ा व्यापारी बलराम गुप्ता ने बताया कि ठूठीबारी बाजार का बड़ा हिस्सा नेपाली ग्राहकों पर ही टिका हुआ है।

उनकी आमद बंद होने से रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। फैंसी समान के व्यवसाई अनूप जायसवाल ने बताया कि खरीदारी में नेपाली ग्राहक हमेशा शौक और खुले हाथ से खर्च करने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन पिछले दो दिनों से उनका बाजार में आना बंद हो गया है। व्यापारी अजय जायसवाल का कहना है कि सामान्य दिनों में उनकी दुकान ग्राहकों से खचाखच भरी रहती थी। लेकिन बीते सोमवार से नेपाल में बिगड़े हालात ने सीमावर्ती इलाके के कारोबार को पूरी तरह चरमरा दिया है।

मिष्ठान भंडार चलाने वाले चन्ने चाय वाले ने बताया कि नेपाली ग्राहकों की अनुपस्थिति से उनकी दुकान में अब मुश्किल से कोई ग्राहक पहुंच रहा है। इस बाबत व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्त का कहना है कि कस्बे का पूरा बाजार नेपाली ग्राहकों के भरोसे है। यदि हालात जल्द सामान्य नहीं हुए तो यहां के व्यापार की रीढ़ टूट सकती है।

किशोरी को बिहार ले जाकर यौन शोषण करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । देवरिया

बघौचघाट थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय किशोरी को बिहार ले जाकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की दिव्यांग मां ने पुलिस को तहरीर देर कार्रवाई की मांग की। जब थाने से न्याय नहीं मिला तो उसने मंगलवार को एसपी विक्रांत वीर से शिकायत की।

पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि बेटी कोगांव की एक महिला ने अपने भाई के साथ मिलकर एक सितंबर को जबरदस्ती अपने साथ लेकर चली गई। उसने इसकी शिकायत तीन सितंबर को प्रधान से की थी। जब आरोपियों पर दबाव बढ़ा तो वह छह सितंबर की दोपहर में बेटी को लेकर बिहार चले गए। वहां उसे एक कमरे में ले जाकर आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। दिव्यांग मां ने आरोप लगाया है कि उसने जब इसकी शिकायत थाने में की तो कोई सुनवाई नहीं हुई।

नेपाल में दंगा-प्रदर्शन के बाद, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

भारत से सटे नेपाल राष्ट्र में दंगा-प्रदर्शन और हालात पर काबू पाने के लिए नवलपरासी जिला सहित कई शहरों में कर्फ्यू लग गया है। ऐसे में भारतीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बार्डर सीमा से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र से लेकर लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। एहतियातन तीन थानों सिंदुरिया, कोठीभार सहित ठूठीबारी की अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी सीमा पर लगा दी गई है।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियां नेपाल में बिगड़े हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सीमा से सटे गांवों में चोर रास्तों और पगडंडियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी असामाजिक तत्व की घुसपैठ या अवैध गतिविधि को रोका जा सके। बार्डर पर तैनात एसएसबी व पुलिस संयुक्त रूप से गश्त कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक- चौबंद है। आम जनता से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

नेपाल में प्रदर्शनकारियों की हिंसक गतिविधियों और कर्फ्यू के चलते वहां से आम नागरिकों का भारत आना- जाना लगभग ठप हो गया है। इसका असर सीमाई बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सीमा चौकियों पर हर वाहन और राहगीर की गहन जांच की जा रही है। वही पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त फोर्स तैयार है। सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी साफ किया है कि भारतीय सीमा में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बाबत सीओ शिव प्रताप सिंह ने बताया कि नेपाल में तनाव को लेकर तीन थानों की अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया है, बार्डर क्षेत्र के हर एक गतिविधियों पर पैनी नजर है।

भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ में हुई नई नियुक्ति

राकेश गुप्ता बने संयोजक, मणिकांत द्विवेदी सह संयोजक हुए मनोनीत

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए व्यापारिक प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियाँ की हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने जन एक्सप्रेस को बताया कि राकेश कुमार गुप्ता को व्यापारिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक तथा मणिकांत द्विवेदी को सह संयोजक मनोनीत किया गया है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी समाज भाजपा का सशक्त आधार है। सरकार की योजनाओं का लाभ व्यापारी वर्ग तक पहुँचे, उनकी समस्याओं का समाधान हो और उन्हें संगठन से जोड़ा जा सके। इसी उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ सक्रिय है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी सँभालने वाले पदाधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी और समाज की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

नई जिम्मेदारी मिलने पर संयोजक राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी ईमानदारी से निभाएँगे। उन्होंने कहा कि व्यापारिक प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सरकार और संगठन तक पहुँचाना तथा उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ना है। मैं जिले के प्रत्येक व्यापारी की आवाज़ को मजबूती से उठाने का काम करूंगा।

इस दौरान जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य, पिछड़ा आयोग सदस्य जनार्दन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, संतोष सिंह, बबलू यादव, राम हरख गुप्ता, मधु पांडेय, संतोष जायसवाल और गोलू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सीएम योगी ने की गोसेवा, भवानी-भोलू को दुलारा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

मंदिर की गोशाला में एक मोर भी विचरण करता है। उसका नाम पुंज रखा गया है। विगत कई माह से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गोशाला में होते हैं तो पुंज उनके पास आ जाता है। मुख्यमंत्री उसे भी खूब स्नेह और भोजन देते हैं। बुधवार को भी उन्होंने पुंज को दुलारा और अपने हाथों से उसे गुड़ खिलाया। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षी प्रेम जगजाहिर है। इसका एक नजारा बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में एक बार दिखा। प्रातःकाल मंदिर परिसर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने गोशाला में गोसेवा की और मोर को भी गुड़ खिलाया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोसेवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह भी उन्होंने मंदिर की गोशाला में समय बिताया और गोसेवा की।

सीएम डैशबोर्ड: महराजगंज दूसरे स्थान पर

- जिलाधिकारी के कड़े रुख का दिखा असर, विकास योजनाओं में रहा अव्वल

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद महराजगंज ने एक बार फिर विकास का परचम लहराते हुए प्रदेश स्तर पर सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अगस्त माह के लिए जारी रैंकिंग में महराजगंज ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि विकास श्रेणी में जनपद पहले पायदान पर रहा।

पिछले माह आठवें स्थान पर फिसलने के बाद इस बार की उपलब्धि प्रशासनिक सख्ती और योजनाओं की लगातार समीक्षा का परिणाम मानी जा रही है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने पिछली रैंकिंग पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए थे। खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को फटकार लगाई गई थी और विद्युत विभाग से तो स्पष्टीकरण तक तलब किया गया था। वही विकास श्रेणी की 78 योजनाओं में से 51 को ए ग्रेड, 5 को बी ग्रेड और 3 को सी ग्रेड प्राप्त हुआ। खास बात यह रही कि किसी भी योजना को डी ग्रेड नहीं मिला। वहीं, राजस्व श्रेणी की योजनाओं में 31 को ए ग्रेड, 8 को बी ग्रेड और 2 को सी व डी ग्रेड में रखा गया।

सामूहिक प्रयास का परिणाम

रैंकिंग सुधार पर जिलाधिकारी ने संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि अच्छी योजनाओं का प्रदर्शन बरकरार रखा जाए और कमजोर योजनाओं में सुधार लाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि विगत माह विकास श्रेणी में 22वें स्थान पर पहुंचने के बाद इस बार पहला स्थान मिलना निश्चित रूप से मनोबल बढ़ाने वाला है। यह सब जिलाधिकारी के निर्देशन और टीमवर्क का परिणाम है।

क्या है सीएम डैशबोर्ड

सितंबर 2023 से शुरू सीएम डैशबोर्ड दो घटकों से राजस्व और विकास पर आधारित है। इसमें योजनाओं की प्रगति विभागवार प्रदर्शित की जाती है। पोर्टल पर वास्तविक समय में डेटा अपडेट होकर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्पष्ट तस्वीर सामने आती है। जिलाधिकारी द्वारा हर माह दो बार समीक्षा बैठक की जाती है, जबकि सीडीओ और एडीएम भी अलग-अलग विभागों का आकलन करते हैं।

डग्गामार वाहन चालकों की दबंगई, बस स्टेशन के सामने ही भर रहे सवारी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया के रोडवेज बस स्टेशन के पास सवारी भरने को लेकर डग्गामार वाहनों की मनमानी कम नहीं हो रही है। करीब एक माह पहले एक डग्गामार वाहन चालक को सवारी बैठाने से मना करने पर नाराज चालक ने पडरौना डिपो के एआरएम को कुचलने का प्रयास किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की थी।

इस घटना के कुछ समय बाद तक बस स्टेशन के आसपास प्राइवेट बस दिखाई नहीं दे रहे थे, लेकिन अब फिर स्टेशन के पास डग्गामार वाहन सवारी बैठाने लगे हैं। परिवहन निगम बस स्टेशन के आसपास डग्गामार वाहनों को हटाने के लिए कोशिशें की गईं, लेकिन उनके मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। रोडवेज बस स्टेशन से बुलाकर प्राइवेट बस चालक व परिचालकों की तरफ से अब फिर से सवारी बैठाया जा रहा है। इसको लेकर डग्गामार वाहन और रोडवेज बस चालकों के बीच कई बार विवाद होना फिर से शुरू हो गया है। हालत यह है कि प्राइवेट बस चालक रोडवेज बस स्टेशन के गेट तक पहुंच आते हैं। यहां सवारी यदि उन्हें नहीं मिली तो बस स्टेशन रोडवेज बस की प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को उनके गंतव्य तक जल्दी पहुंचाने का झांसा देकर बुला लेते हैं। यात्री भी अपने गंतव्य तक शीघ्र पहुंचने की लालच में उनके बहकावे आ जाते हैं।

यदि इस दौरान कोई परिवहन निगम का कर्मचारी या उस दौरान निगम और अनुबंधित बस चालक या परिचालक उनका विरोध करते हैं तो उनके बीच विवाद शुरू हो जाता है। हालांकि की निगम इन पर शिकंजा कसने के लिए बस स्टेशन के पास सवारी नहीं भरने का सख्त निर्देश दिया है। फिर भी नियमों का दरकिनार करते हुए धड़ल्ले से डग्गामार बस चालक सवारी भरते रहते हैं।

राजू खान के पार्टी में शामिल होने से मजबूत होगी कांग्रेस- केशवचंद

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मझौली राज में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में तीन बार दूसरे स्थान पर रहने वाले फिरोज अहमद उर्फ राजू खान ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवचंद यादव की मौजूदगी में लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। सलेमुपर पार्टी कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में ककार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केशवचंद यादव ने कहा कि राजू खान के कांग्रेस में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। जिला उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पांडेय ने कहा कि कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ताओं का सम्मान सिर्फ कांग्रेस में है।

बीपैक्स महासदस्यता अभियान 12 सितंबर से शुरू

- कृषक-अकृषक दोनों बन सकेंगे सदस्य, जारी होगा 10 अंकों का यूनिक कोड
- कृषक पंजिका धारकों को उर्वरक, ऋण आदि योजनाओं में मिलेगी प्राथमिकता

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जनपद के सहकारी समितियों को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के उद्देश्य से बीपैक्स महासदस्यता अभियान शुभारंभ 12 सितंबर से किया जाएगा। यह अभियान 12 अक्टूबर तक चलेगा।

इस अवधि में किसानों के साथ-साथ अकृषक लोग भी समिति के सदस्य बन सकेंगे। समिति की सदस्यता लेने के लिए विभाग ने आसान व्यवस्थाएँ की हैं। इच्छुक लोग ऑफलाइन फॉर्म भरकर, क्यूआर कोड स्कैन करके, वेबसाइट pacsmember.in पर जाकर या फिर टोल-फ्री नंबर 1800-21288-4444 पर कॉल करके सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्यता के लिए 100 रुपये के न्यूनतम दो शेयर, 21 रुपये सदस्यता शुल्क और 5 रुपये कृषक पंजिका शुल्क जमा करना होगा।

विभाग द्वारा प्रत्येक सदस्य को 'कृषक पंजिका' जारी की जाएगी, जिसमें नाम, पता और कृषि रकबे का विवरण दर्ज रहेगा। पुराने सदस्यों से मात्र 5 रुपये शुल्क लेकर कृषक पंजिका उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग का कहना है कि कृषक पंजिका से किसानों को विभागीय योजनाओं जैसे उर्वरक, ऋण आदि में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही प्रत्येक नए सदस्य को 10 अंकों का एक यूनिक कोड भी जारी किया जाएगा, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ देने में आसानी होगी। अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं उपनिबंधक गोरखपुर मंडल ने की। इस अवसर पर सभी सचिव, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सहकारी विभाग का मानना है कि इस अभियान से न केवल समितियों का सशक्तिकरण होगा, बल्कि किसानों को योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सकेगा।

15 लाख शिक्षकों की नौकरी पर संकट
सड़कों पर उतरे शिक्षक, पीएम को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती

देश के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे लाखों शिक्षकों के सामने इन दिनों गंभीर संकट मंडरा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए हालिया आदेश में सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के बाद लगभग 15 लाख शिक्षकों की नौकरी दांव पर लग गई है। शिक्षकों का कहना है कि यह फैसला न केवल उनकी आजीविका पर हमला है, बल्कि करोड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य को भी प्रभावित कर सकता है।

बुधवार को बस्ती जिले में यह चिंता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शास्त्री चौक पर एकत्र होकर धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। उनका कहना था कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक से टीईटी थोपना अनुचित और अव्यावहारिक है। जिन शिक्षकों ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा का स्तर ऊपर उठाने में योगदान दिया, आज वही शिक्षक अपनी नौकरी को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। धरना दे रहे शिक्षकों ने आरोप लगाया कि सर्वोच्च न्यायालय में विभाग और शासन उनका पक्ष सही तरीके से नहीं रख पाए। यदि सेवा नियमावली और पुराने शासनादेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया होता तो ऐसा आदेश नहीं आता। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र और राज्य सरकारें समय रहते इस मामले में हस्तक्षेप कर समाधान नहीं निकालतीं तो इसका असर सीधे तौर पर लाखों परिवारों की आजीविका पर पड़ेगा। शिक्षकों ने यह भी कहा कि यह सिर्फ नौकरी बचाने की लड़ाई नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को स्थिर और मजबूत बनाए रखने की भी लड़ाई है। अगर लाखों शिक्षक अचानक बेरोजगार हो गए तो प्राथमिक शिक्षा पूरी तरह से चरमरा जाएगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होगी और शिक्षा की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मानव संसाधन मंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के सभी शिक्षक व्यक्तिगत रूप से भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपनी व्यथा और मांगें रखेंगे।

> टेट अनिवार्यता पर शिक्षक और शिक्षक नेताओं की प्रतिक्रिया अगर सरकार आगे नहीं आई तो लाखों शिक्षकों की नौकरी पर संकट गहराएगा।
> **उदयशंकर शुक्ला, जिलाध्यक्ष**

> बीएड, बीपीएड और इंटर पास शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखना जरूरी है।
> **राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री**

> सेवा नियमावली के मुताबिक नियुक्त शिक्षकों को किसी परीक्षा से जोड़ना अन्याय है।
> **राजकुमार सिंह,संयुक्त मंत्री/ अध्यक्ष गौर**

> यह फैसला शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेगा, न कि मजबूत।
> **अभय सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष/अध्यक्ष बनकटी**

> सालों से सेवा दे रहे शिक्षक अचानक बेरोजगार नहीं किए जा सकते।
> **शैल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष/ अध्यक्ष बस्ती सदर**

> यह लड़ाई नौकरी ही नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता बचाने की भी है।
> **संतोष शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष**

टीईटी से मुक्त रखा जाए

जिला मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बीएड, बीपीएड उत्तीर्ण सेवारत शिक्षक-शिक्षिकाएं, इंटरमीडिएट पास शिक्षक-शिक्षिकाएं, मृतक आश्रित प्रशिक्षण मुक्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्नातक में 45 प्रतिशत से कम अंक पाने वाले सेवारत शिक्षक टीईटी परीक्षा देने के अर्ह ही नहीं हैं। ऐसे में यह आदेश व्यवहारिक नहीं है और इस पर पुनर्विचार आवश्यक है। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों महेश कुमार, अभय सिंह यादव, राजकुमार सिंह, इन्द्रसेन मिश्र, शैल शुक्ल, सन्तोष शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, विजय प्रताप वर्मा, राम प्रकाश शुक्ल, रामभरत वर्मा, अरूण कुमार समेत अन्य नेताओं ने भी कहा कि सेवा नियमावली के अनुसार नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए।

बड़ी संख्या में शिक्षक रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने और धरना-प्रदर्शन में रक्षा राम वर्मा, सतीश शंकर शुक्ल, रीता शुक्ला, अरविन्द कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र द्विवेदी, प्रणव मिश्रा, अविनाश मिश्रा, शुभम मिश्रा, चन्द्र मिश्रा, सन्तोष शुक्ल, नरेन्द्र पाण्डेय, मुक्तिनाथ वर्मा, राजेन्द्र मौर्या, भरतराम, रामपाल चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं और संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरकार आगे आए, अन्यथा संकट गहराएगा

संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री को इस समस्या का समाधान निकालने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, वरना देशभर के शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि लगता है न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष मजबूती से नहीं रखा गया, यदि विभागीय नियमावली और शासनादेश प्रस्तुत होते तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

10 से 16 सितम्बर तक देशव्यापी आंदोलन

संघ नेताओं ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 10 से 16 सितम्बर तक पूरे देश में धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन अभियान चलेगा। सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से रचनात्मक सहयोग की मांग की जाएगी।

शिक्षक संगठनों की प्रमुख 7 मांगे

- सेवा में कार्यरत सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए।
- बीएड, बीपीएड व इंटर पास शिक्षकों को मान्यता मिले।
- मृतक आश्रित प्रशिक्षण मुक्त शिक्षकों को सुरक्षा दी जाए।
- स्नातक में 45त्न से कम अंक वाले शिक्षकों को छूट दी जाए।
- विभागीय नियमावली व शासनादेश के अनुसार पुराने प्रावधान लागू रहें।
- सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्र सरकार पुनर्विचार कराए।
- शिक्षकों की नौकरी और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

पुण्य तिथि पर याद किये गये अमर बलिदानी वीर अब्दुल हमीद

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को कबीर साहित्य एवं सेवा संस्थान के अध्यक्ष मो.सामईन फारूकी के संयोजन में कलेक्टेªट परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर 1965 के युद्ध में पाकिस्तान के दांत खट्टे कर देने वाले परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद को उनके पुण्य तिथि पर याद किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डा.वी.के.वर्मा ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने अपनी 'गन माउनटेड जीप' से सात, पाकिस्तानी पैटन टैंकों को नष्ट कर भारतीय सैन्य इतिहास में एक मील का पत्थर खड़ा किया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। हमें ऐसे वीर जवानों की स्मृतियों को संजोये रखना होगा।

विशिष्ट अतिथि श्याम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गाँव में 1 जुलाई 1933 में जन्मे वीर अब्दुल हमीद का योगदान सदैव याद किया जायेगा। भारतीय सैनिकों के पास न तो टैंक थे और न तो बड़े हथियार लेकिन उनके पास था भारत माता की रक्षा के लिए लड़ते हुए मर जाने का हौसला था। ऐसे बलिदानियों के कारण ही हम सुरक्षित है। संचालन करते हुये आयोजक मो.सामईन फारूकी ने कहा कि जब-जब बीरता की चर्चा होगी बीर अब्दुल हमीद सदैव याद किये जायेंगे।

अध्यक्षता करते हुये बी.एन. शुक्ल ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने सिद्ध कर दिया कि यदि इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। पुण्य तिथि पर अमर बलिदानी वीर अब्दुल हमीद को नमन् करने वालों में फूलचन्द चौधरी, दीपक सिंह प्रेमी, डा.वाहिद अली सिद्दीकी, सेराज अहमद, फूलचन्द चौधरी, अजय कुमार, पं.चन्द्रबली मिश्र, पेशकार मिश्र, नीरज वर्मा, दीनानाथ यादव, गणेश मिश्र आदि शामिल रहे।

छत के रास्ते घर में घुसे चोर, नकदी और जेवरात लेकर फरार

जन एक्सप्रेस। बस्ती

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव में मंगलवार की रात चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी हरिनारायण पुत्र अमरनाथ का परिवार मंगलवार की रात भोजन करने के बाद बरामदे में सोया हुआ था। इसी बीच चोर घर के पीछे बने छप्पर पर चढ़े और वहां से बांस का सहारा लेकर छत पर पहुंच गए। उसके बाद चोर सीढ़ियों के रास्ते आंगन में उतरे और अंदर के कमरे का ताला तोड़ दिया।

कमरे में रखी अलमारी को खोलकर चोरों ने आठ हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। रात में सो रहे परिजनों को इस वारदात की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब घर की महिलाएं उठीं तो सामान अस्त-व्यस्त मिला और अलमारी खुली हुई देखी। हड़बड़ाकर परिजनों ने शोर मचाया और घटना की जानकारी डायल 112 पर दी। इसके बाद पीड़ित ने परशुरामपुर थाने में लिखित तहरीर भी दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के अनुसार चोर घर के पीछे बने छप्पर का सहारा लेकर भीतर दाखिल हुए और फिर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। लोग अब रात में अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि चोरों ने जिस तरह से योजना बनाकर चोरी की, उससे लगता है कि उन्हें घर की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

गांव के लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं से आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों को पकड़ा जाए, ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

सुजानगंज पुलिस ने 400 मीटर बिजली का तार चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र में खेत से बिजली का तार चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लगभग 400 मीटर तार बरामद हुआ है। मामला ग्राम रतनपुर (नगौली) का है, जहां किसान ब्रह्मदेव पुत्र हरिगोविंद तिवारी ने अपने खेत में लगे बिजली के तार की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि ग्राम अरुवा निवासी कुंवर बहादुर गौतम (32) और ग्राम नगौली निवासी साहिल उर्फ रूपेश गौतम (20) ने 6 जुलाई को तार चोरी किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उमंग रेस्टोरेंट, सुजानगंज के पास दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद तार को आरोपी अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे थे और बेचने की फिराक में थे। थानाध्यक्ष सुजानगंज के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उ0नि0 विद्यासागर, उ0नि0 आनंद कुमार राय, का0 संजीव यादव और का0 अजय निर्मल शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा गया

पुलिस मुठभेड़ में 01 अभियुक्त को लगी गोली, घायल/गिरफ्तार, कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद

- जौनपुर थाना जलालपुर अन्तर्गत थाना जलालपुर पुलिस व एसओजी/स्वाट टीम के साथ हुई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

17 से अधिक मुकदमा जौनपुर आजमगढ़ थाने में दर्ज हैं

पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ के निर्देश पर चलाया जा रहा है अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक जलालपुर मय हमराह के देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति में त्रिलोचन बाजार में बने पुलिस बूथ पर मौजूद थे कि उसी समय एसओजी टीम प्रभारी उ0नि0 प्रवीण यादव मय हमराह आ गये। पुलिस टीम आपस में अपराध एव अपराधियों के विषय में बातचीत कर रही थी, प्रवीण यादव, एसओजी प्रभारी द्वारा बताया गया कि मेरी एक टीम अभियुक्तों की तलाश में घोसाव धरांव के तरफ उ0नि0 तरुण श्रीवास्तव के नेतृत्व गयी हुई है। इसी समय मुखबीर खास द्वारा बताया गया कि अखिलेश यादव उर्फ नेता जो आपके मुकदमे में वाँछित चल रहा है ककोरी, खालिसपुर की तरफ से नहर रोड पकड कर पैदल आ रहा है, हाईवे से कोई साधन पकडकर बनारस की तरफ जाने वाला है। पुलिस टीम मुखबिर की सूचना को जरिए दूरभाष तरुण श्रीवास्तव के नेतृत्व वाली एसओजी टीम को अवगत कराया गया कि आप लोग त्रिलोचन महादेव की तरफ आइए। पुलिस टीम मुखबिर के साथ ककोरी नहर पुलिया हाईवे पर पहुची तथा हाईवे के किनारे झाडी के आड में आने वाले व्यक्ति का इन्तजार करने लगे कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति ककोरी खालिसपुर की तरफ से नहर पटरी रोड पकडकर हाईवे की तरफ पैदल आते हुए दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो पुलिस टीम को देखकर पीछे मुडकर भागने लगा तब तक ककोरी की तरफ से एसओजी की दूसरी टीम नहर पटरी पकडकर आ रही थी, भाग रहा व्यक्ति पुलिस से घिरा देखकर नहर पटरी पर ही एक झाडी छिप कर जान से मारने की नियत से लक्ष्य बनाकर पुलिस टीम पर फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा आत्मसमपर्ण हेतु कहा गया परन्तु नही माना। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिससे बदमाश को गोली लगा वह घायल हो गया। घायल बदमाश की जामा तलाशी ली गई तो उसने अपना नाम अखिलेश यादव उर्फ नेता पुत्र स्व0 देवचन्द यादव निवासी कुसरना महादेवा थाना केराकत जनपद जौनपुर बताया, उसके पास से एक देशी तमंचा मय खोखा कारतूस बरामद हुआ। है। पूछताछ पर बताया कि दिनांक 05.09.2025 को मै अपने साथी सूरज यादव उर्फ गोलू के साथ डिंगूरपुर क्रासिंग के तरफ से त्रिलोचन बाजार की तरफ जा रहा था कि त्रिलोचन बाजार के तरफ से कुछ दूर पहले ही नहर रोड पर पुलिस से मुठभेड हो गया था जिसमे मै मौके से पुलिस पर फायर करते हुए भाग गया था तथा मेरा साथी सूरज उर्फ गोलू पकडा गया था। मैने इसी असलहे से उस दिन पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग किया था, आज भी मैने इसी असलहे से आप लोगों पर फायर किया है। घायल बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अखिलेश यादव उर्फ नेता पुत्र स्व0 देवचन्द यादव निवासी कुसरना महादेवा थाना केराकत क्षेत्र निवासी हैं प्र0नि0 गजानन्द चौबे थाना जलालपुर उ0नि0 श्री प्रकाश शुक्ला एसओजी टीम उ0नि0 तरुण श्रीवास्तव एसओजी टीम जौनपुर उ0नि0 अनिल कुमार एसओजी टीम जौनपुर का0 नौशाद हुसैन, का0 सुशील कुमार, का0 धर्मेन्द्र सिंह, का0 अंकित सिह, चालक हे0का0 अमरेन्द्र यादव, हे0का0 औरंगजेव खाँ, हे0का0 जितेन्द्र सिंह, हे0का0 रामप्रकाश सिंह, हे0का0 कमलेश यादव, का0 आनन्द सिंह, का0 अमित यादव एसओजी टीम जौनपुर हे0का0 पीयूष कुमार सिंह, हे0का0 चन्दन सिंह, का0 आलोक सिंह, का0 शुभम त्यागी, का0 आशीष साहू।

जौनपुर की बेटी शिवानी यादव अब संभालेंगी जज की कुर्सी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर यूपी पीसीएस (जे)-2022 का परिणाम घोषित होते ही जौनपुर खुटहन थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी अनिल यादव जज की भांजी शिवानी का भी चयन पीसीएस जे की परीक्षा में हुआ है। शिवानी ने इण्ट में 74वीं रैंक हासिल कर अपनें नाना नानी के सपनों को पूरा कर दिखाया, दरअसल शिवानी यादव के नाना नानी का सपना था की बेटे की तरह जज बने नातिन, नाना कपिल देव रिटायर ग्राम विकास अधिकारी रहे और नानी श्याम लली प्रिंसिपल से रिटायर है। शिवानी की माँ एक हाउस वाइफ है जिन्होंने पूरा घर सम्भाला और पढ़ने के लिये बेटी का भरपूर सहयोग किया और पिता वकील के साथ साथ अच्छे बिजनेसमैन है। शिवानी यादव नें हाई स्कूल इंटर सनबीम वाराणसी से प्रथम डिविसन एलएलबी एल एल एम इलाहाबाद से फर्स्ट क्लास इलाहाबाद से तैयारी की और जीत की बुलंदी पर पहुंच हाशिल की। शिवानी अपनी शिक्षा का श्रेय जज मामा अनिल यादव के साथ नाना नानी व माता पिता को दिया है शिवानी की इस सफलता से गांव लोगो में खुशी है घर पर बधाई देने वालो की भीड़ लगी हुई है

रेलवे सुरक्षा बल ने बैटरी चोरी के मामले में चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप बने यार्ड से चोरों ने तार काट कर आठ बैटरी चोरी कर लिया। मामले की जानकारी होने पर सक्रियता दिखाते हुए आर पी एफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दिवाकर ने चोरी गई बैटरी के साथ दो चोर व दो कबाड़ दुकानदार को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

स्थानीय रेलवे स्टेशन के शाहगंज फैजाबाद रेल खंड के पश्चिम तरफ बने रेल यार्ड में से मंगलवार की रात में दो की संख्या में चोरों ने तार काट कर आठ बैटरी चोरी कर लिया। मामले की जानकारी होने पर यार्ड कर्मचारियों ने घटना की सूचना आर पी एफ इंस्पेक्टर को दी। सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए निरीक्षक ने नगर के एराकियाना मोहल्ला स्थित बारादरी से कबाड़ के दुकान पर जा पहुंचे जिसमें सरपतहा थाना क्षेत्र के सराय मोहद्दीनपुर निवासी 44 वर्षीय मान सिंह पुत्र मुन्ना लाल को हिरासत में ले पूछताछ किया तो एक और कबाड़ के दुकान स्वामी नयी आबादी मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय दीपांशु पुत्र सुरेश यादव को हिरासत में लिया। जिसमें दोनों दुकानदारों ने चोरी की बैटरी खरीदना कबूल किया।

दुकानदारों की निशानदेही पर अयोध्या मार्ग स्थित दो खानाबदोश जो बैटरी चोरी किए थे 22 वर्षीय राजन पुत्र बालकनाथ और 19 वर्षीय करन उर्फ विजय पुत्र जोगेंद्र को रेलवे स्टेशन के समीप बने पानी टंकी से गिरफ्तार कर चोरी गई आठ बैटरी 10 टर्मिनल जिसकी कीमत तीस हजार रुपए के करीब बताईं गईं।

पकड़े गए चारों अभियुक्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।इस दौरान टीम म आर पी एफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दिवाकर, उपनिरीक्षक जे पी बहुगुणा, रमेश यादव, कांस्टेबल जनार्दन यादव मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन ने सोंधी ब्लॉक मुख्यायलय पर लगाई पंचायत

तीन सूत्रीय मांग बीडीओ को सौंप कर मुखर की आवाज़, संगठन ने दिखाए तेवर मांग पूरी न होने पर होगा आंदोलन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेतासराय। भारतीय किसान यूनियन इकाई ने मंगलवार को सोंधी ब्लॉक मुख्यालय पर पंचायत लगाकर अपनी आवाज बुलंद की। तीन सूत्रीय माँग पत्र बीडीओ को सौंपा। अफ़सरो को चेताया कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष रामधारी बिन्द के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता मजदूर ब्लॉक पहुँचे। यहाँ पंचायत लगाकर किसान यूनियन ने अपनी आवाज़ तेज़ की। इस दौरान हुई सभा मे संगठन अध्यक्ष रामधारी बिन्द ने कहा कि किसानों के हित के लिए किसान संगठन मुखर है। मजदूरों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जूझना पड़ता है। किसानों को कॉपरेटिव समितियों पर यूरिया नही मिल रही है। उन्हें समितियों का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों को शौचालय उपलब्ध न कराने के कारण वे खुले में शौच के लिए मजबूर है। उन्होंने बताया कि लतीफ़पुर गांव में शौचालय, किसानों को पशु शेड और तारगहना में वासुदेव के घर से श्याम लाल सोनकर के घर तक नाली की मांग उठाई गई है।

इपाक्सी एक्सटर्नल टेक्निक से हुआ बछड़े में बोन पिनिंग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शाहगंज लखनऊ वाराणसी मार्ग पर बदलापुर तहसील के पट्टीदयाल गांव निवासी राकेश दुबे की बछिया के पैर में इपाक्सी एक्सटर्नल टेक्निक से बोन पिनिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। चिकित्सक की मानें तो यह अभी तक का पहला केस रहा है।

बताया जा रहा है कि उक्त पशुपालक की डेढ़ साल की बछिया रविवार शाम राजमार्ग के किनारे टहल रही थी।तभी तेज रफ़्तार से आ रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर उससे भिड़ गया, जिसमें उसका पिछला बांया पैर बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गया। घरेलू उपचार के बाद जब पशुपालक सफल नहीं हो सका, तो वह जाने माने पशु चिकित्सा में सर्जरी के क्षेत्र में माहरत हासिल रखने वाले पशु चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल से सम्पर्क किया। सर्जरी सी एकमात्र विकल्प बताते हुए मंगलवार शाम डाक्टर पालीवाल द्वारा नवीन टेक्निक से सुल्तानपुर रोड स्थित पालीवाल पेट्स क्लीनिक एण्ड सर्जिकल सेंटर पर पैर का बोन पिनिंग कर सफल उपचार किया गया।इस बाबत डाक्टर पालीवाल ने बताया कि इस टेक्निक से सर्जरी के बाद पशु अपने पैर पर तुरंत खड़ा हो सकता है।इस दौरान सहयोगी में कृष्णा प्रजापति व गौरव दूबे शामिल रहे।अंत में पशुपालक द्वारा चिकित्सक के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कई अधिकारियों का वेतन रोका गया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर।
आईजीआरएस पोर्टल पर मूल्यांकन में जनपद के खराब प्रदर्शन और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। शिकायतों में सर्वाधिक असंतोषजनक फीडबैक और स्थलीय निरीक्षण न होने के चलते अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम (नोडल), प्रभागीय वन अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सदर, मड़ियाहूं, शाहगंज, बदलापुर और मछलीशहर के तहसीलदारों सहित कई अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को तीन दिन के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण में न हो लापरवाही : शशांक त्रिपाठी

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला सैनिक बन्धु की बैठक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को सुना गया और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जनपद के विजयनगर निवासी पूर्व सैनिक ज्ञान सिंह ने अपने आवास के समीप जलभराव की गंभीर समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया।जिलाधिकारी ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ल ने अवगत कराया कि उक्त स्थल पर जलभराव की समस्या के स्थायी निस्तारण हेतु नए नाले के निर्माण का टेंडर जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा।इस त्वरित कार्यवाही पर उपस्थित सैनिक बन्धुओं ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति प्रशासन की गंभीरता सराहनीय है।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2026 के अंतर्गत ई-बीएलओ लॉगिन शतप्रतिशत कराए जाने के निर्देश

बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2026 के संदर्भ में तैयार की जा रही निर्वाचन नामावलियों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने इस दौरान निर्देश दिए कि ई-बीएलओ पोर्टल पर सभी लॉगिन शत-प्रतिशत किए जाए। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट मतदाताओं की प्रविष्टियों का शत-प्रतिशत सत्यापन समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदेय स्थलों के निर्धारण को लेकर हुई बैठक

आगामी वर्ष 2026 में संभावित स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदेय स्थलों के निर्धारण, पुनरीक्षण आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मतदेय स्थल केवल शासकीय भवनों, संस्थानों में ही स्थापित किये जाए तथा मतदाताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी मतदेय स्थल की दूरी अधिकतम 16 किलोमीटर से अधिक न हो।उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है वहाँ व्यावहारिक एवं सरल पहुँच वाले स्थानों का चयन किया जाए ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी मतदेय स्थलों पर पेयजल, विद्युत, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राज कुमार यादव, जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, सभी उपजिलाधिकारीगण तथा जनपद की विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

आपराधिक वाद छिपा प्रमोशन पाने वाले एसोसिएट प्रोफेसर की पुलिस को तलाश

- 18 साल पुराने मामले में अदालत से गैर जमानती वारंट
- कोर्ट ने घोषित किया भगोड़ा, जांच कमेटी गठित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। 18 साल पहले अपहरण के मामले में आरोपी रामनगर परास्नातक महाविद्यालय के प्रवक्ता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी है और वह पुलिस के लिए वांछित हैं। उधर एसोसिएट प्रोफेसर कालेज से करीब दो सप्ताह से भी अधिक समय से गायब चल रहे हैं। इस मामले का सबसे अहम पहलू यह कि प्रवक्ता ने उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक वाद छिपाकर पदोन्नति भी हासिल कर ली, जिसको लेकर न सिर्फ गायब प्रवक्ता बल्कि कालेज प्रशासन भी संदेह के घेरे में आ गया है। बताते चलें कि रामनगर पीजी कालेज में बतौर हिन्दी विभागाध्यक्ष तैनात डा अखिलेश वर्मा के खिलाफ हरदोई जिले के माधोगंज थाने में वर्ष 2007 में युवक के अपहरण का मामला 218/2013 अपराध संख्या के तहत दर्ज हुआ था। जिसके वादी पीड़ित भगवानदीन निवासी ग्राम थमरवा हरदोई थे। इस मामले में प्राध्यापक ने बचाव की हरसंभव कोशिश की पर अदालत की अवमानना में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गया। कोर्ट के आदेश पर भगोड़ा घोषित प्रवक्ता को पुलिस सिरे से तलाश रही है। इस बीच बहराइच जिले के रिसिया में अध्यापन कार्य कर रामनगर पीजी कालेज में तैनाती पाने के बाद प्रवक्ता डां अखिलेश कुमार वर्मा ने वर्ष 2010 में खुद पर चल रहे आपराधिक वाद को छिपाते हुए एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर ली। इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत लिखित पीड़ित राजेन्द्र कुमार ने जिला प्रशासन से लेकर शासन और उच्च शिक्षा विभाग तक कर रखी है। वहीं सवाल भी उठाया है कि आपराधिक वाद दर्ज होने के बावजूद उन्हे पदोन्नति किस आधार पर दे दी गई। पुलिस द्वारा संपूर्ण विवेचना के उपरांत केस में डां अखिलेश कुमार वर्मा के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर रखी है। इस बीच भनक लगते ही कालेज के प्रवक्ता डा अखिलेश छुट्टी पर चले गए पर वह दो सप्ताह से भी अधिक समय से गायब चल रहे हैं। इस सम्बंध में कालेज के प्राचार्य डा. कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र से बात की गई तो उनका कहना था कि वर्ष 2007 में अपहरण के केस से संबंधित गैरजमानती वारंट एवं तथ्य छुपाकर नौकरी करने के संबंध में एक शिकायती पत्र प्रबंध सचिव उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल के द्वारा प्राप्त हुआ है, जिसकी जांच चल रही है। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी रामनगर व पीजी कालेज की सचिव गुंजिता अग्रवाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। प्रवक्ता ने अवकाश का प्रार्थना पत्र दे रखा है।

एक्सप्रेस खबरें...

रोजगार सेवक के निधन पर शोकसभा आयोजित

जन एक्सप्रेस। रामनगर बाराबंकी। रामनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमोली कीरतपुर के ग्राम रोजगार सेवक कमलेश कुमार की गत बीती 5 सितंबर दिन शुक्रवार को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उसी क्रम में बुधवार को रामनगर ब्लॉक परिसर में बीडीओ विजय कुमार यादव की उपस्थिति में मृतक रोजगार सेवक को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उसकी मृत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्र ,रामनगर ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष सभाजीत सिंह, प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह, एडीओ एजी डॉ दलबीर सिंह, एडीओ पंचायत अभय शुक्ल,जेई आरईडी मनीष कुमार, एपीओ मिथिलेश यादव, मनरेगा लिपिक अशोक आनंद ,राजकमल कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रधान वीरेंद्र कुमार तकनीकी सहायक पवन कुमार ,ग्राम रोजगार सेवक संदीप कुमार ,सुधाकर चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र वर्मा, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

निरंतर विस्तार कर रही है जनसत्ता दल: मनोज सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जनसत्ता दल के प्रति लोगो क़ा विष्वास निरंतर बढ़ रहा हैं और पार्टी से जुड़ने वालों की संख्यां लगातार बढ़ रही हैं जिस तरह से पार्टी निरंतर अपना विस्तार कर रही हैं आने वाले समय मे जनसत्ता दल जनपद में मजबूत स्थिति मे होगी। उक्त बात कार्यकारिणी क़ा विस्तार करते हुए विजय प्रताप सिंह 'पिंटू' को जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए जन सत्तादल के प्रधान महासचिव ने व्यक्त की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भईया ने राजनीति नही सेवा नीति की भावना से लगातार जिस तरह से असहाय गरीब लोगो के लिये निरंतर उनकी सेवा कर रहे है जो एक जनसेवक का दायित्व औऱ धर्म है।इस मौके पर प्रमोद सिंह राठौर, संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र गम्भीर

जन एक्सप्रेस। हैदरगढ़ बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अमेठी जनपद बार्डर हजारीगंज गांव के समीप बाइक से दुकान जा रहे पिता पुत्र को ओवर टेक कर रहे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बूलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सको ने गंभीर अवस्था में दोनो को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 731 पर सुबह लगभग 08 बजे कोतवाली क्षेत्र के भवानी सिंह का पुरवा मजरे खानपुर गांव निवासी अरविंद दीक्षित उम्र लगभग 50 वर्ष अपने पुत्र करन के साथ बाइक पर सवार होकर अमेठी जनपद के तिलोई बाजार जा रहे थे। पिता पुत्र नेशनल हाईवे पर स्थित हजारीगंज गांव के समीप पहुंचे ही थे तभी लखनऊ की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ओवर टेक के दौरान बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और राहगीरो ने घायल के घर के सदस्यो को सूचना देने के उपरांत दोनों घायलो को एबूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भेज दिया। अस्पताल पहुंचे दोनों घायलों को इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और फिर हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलो को केजीएमयू ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है।

कानून के साथ न करें खिलवाड़: जटाशंकर मिश्रा

जन एक्सप्रेस। सिद्धौर बाराबंकी। थाना असंद्रा पुलिस ने बुधवार को ग्राम पंचायत गजपतिपुर में चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को नए कानूनों की जानकारी दी। पंचायत भवन में आयोजित इस चौपाल की अध्यक्षता कर रहे सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि शान्ति व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।उन्होंने लोगों को साइबर क्राइम की जानकारी देकर जागरूक किया।उन्होंने कहा कि कभी भी अंजान कॉलर पर भरोसा न करें और न ही किसी अंजान लिंक खोले।साथ ही कभी ओटीपी शेयर न करें। ड्रोन की अफवाहों पर ध्यान न दें।यदि कोई अफवाह फैला रहा है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।चौपाल के दौरान पंचायत के पंडित ने घर के समीप लगे पेड़ से जानमाल के नुकसान की आशंका जताते हुए इसे कटवाने की गुहार लगाई जिस पर अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को पेड़ हटवाने का निर्देश दिया।इस दौरान राजू सिंह, सर्वजीत सिंह, कृपाशंकर पांडेय, अनिल दुबे, रामकुमार शर्मा, कल्लू शर्मा मोहर्रम अली और अशोक कुमार समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

नियमानुसार जारी किया जाये प्रमाण पत्र: शंम्भू नाथ

जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकासखंड सिरौलीगौसपुर सभागार में बुधवार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।एडीओ पाठक ने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इन प्रमाण पत्रों को नियमानुसार जारी किया जाए। साथ ही गांवों में स्वच्छता और विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश भी दिए।बैठक में एपीओ रेनू रावत की उपस्थिति रही। इसके अलावा पंचायत सचिव राजेश कुमार, मनोज मिश्रा, सतीश वर्मा, सुरेश यादव, ज्योति चौहान, तेजभान वर्मा, देवेंद्र वर्मा और अरविंद कुमार सहित अन्य पंचायत सचिव मौजूद रहे।

तहसीलदार और लेखपाल की रिपोर्ट में चक्कर खा गया अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

चकमार्ग भूमि पर अवैध कब्जा की अनेक बार शिकायत हुई। कार्रवाई अभाव में जनहित याचिका दायर की गई। लेखपाल द्वारा चकमार्ग भूमि पर पक्का मकान होने की पुष्टि की गई। तहसीलदार न्यायालय मे वाद दायर किया गया। अधिवक्ता राकेश कुमार अवस्थी द्वारा तहसीलदार पर रिक्त चकमार्ग बताकर वाद समाप्त करने बदले रिष्वत लिये जाने का आरोप लगाया गया है। मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। जानकारी के मुताबिक तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम उमरापुर तालुक निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार अवस्थी ने जिलाधिकारी को दिये गए शिकायत पत्र मे बताया है कि उमरापुर तालुक ग्राम स्थित गाटा संख्या 58 रकबा 0.111 हेक्टेयर जोकि राजस्व अभिलेख में चकमार्ग खाता दर्ज है। इसी गाटा पर गांव के ही पूर्व राजस्व निरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय द्वारा पक्का मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। कई कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायते हुई, लेकिन अवैध अतिक्रमण नही हटवाया गया। तत्पश्चात एक जनहित याचिका संख्या 22024026527/2024 सुनील कुमार बनाम सरकार उत्तर प्रदेश आदि तिथि 18 मई 2024 उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में दायर की गयी। जिसके सापेक्ष राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गाटा संख्या 58 चकमार्ग की पैमाईश की गयी। पैमाईश मे चकमार्ग भूमि पर पक्का मकान निर्माण पाये जाने उपरांत लेखपाल द्वारा धारा 67 के अन्तर्गत वाद संख्या ज्20244120203683 ग्राम सभा उमरापुर बनाम रजनीश कुमार न्यायालय तहसीलदार रामसनेहीघाट पर वाद योजित किया है। अधिवक्ता ने पत्र में आरोप लगाया है कि तहसीदार ने रिश्वत लेकर स्थल मेमो पर अंकित पक्का मकान होने के बावजूद यह कहकर वाद समाप्त कर दिया कि मौके पर चकमार्ग रिक्त है, और वर्तमान में उस पर इण्टर लाकिंग लगी हुई है। उन्होने डीएम से भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तहसीलदार और अवैध कब्जेदार के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के साथ ही जुर्माना लगाये जाने की बात कही है। इस सम्बन्ध में तहसीलदार रामसनेहीघाट से सम्पर्क करके जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नही हो सकी। कुल मिलाकर इस पूरे मामले में जब उच्च स्तरीय जांच होगी तभी दूध का दूध और पानी का पानी अलग होगा।

संत ऋषियों के कारण ही जीवन को सीखने का मिलता है अवसर: स्वतंत्र देव

- सन्त निष्ठा साहेब के जन्मोत्सव में शामिल हुए जल शक्ति मंत्री,मिला आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को सन्त कबीर अध्यात्म संस्थान मूंजापुर के पूज्य गुरुदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर आश्रम में नवनिर्मित सदगुरू रघुबर भण्डार कक्ष का उद्घाटन किया।कैबिनेट मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर संत निष्ठा साहेब का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य गुरुदेव को नमन करते हुए जल शक्ति मंत्री ने अपने उदबोधन में कहा कि गुरु का यह शरीर नही है यह अदृश्य है।सन्त ऋषियों के कारण ही जीवन को सीखने का अवसर मिलता है।उन्होंने लोगों से कहा कि देश के दो नेतृत्वकर्ताओं नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ को मत छोड़ना। देश की सरकारें लोगों के भूख मिटाने और शुद्ध पानी उपलब्ध करने के साथ ही देश का विकास करने में लगी हुई है। लोगों से कहा कि आपस में प्रेम पूर्वक रहे है और किसी से लड़ाई झगड़ा न करें। बच्चों को पढ़ा लिखाकर आगे बढ़ाये। जब अभिभावक ध्यान देंगे तभी बच्चे छत्रपति शिवाजी महाराज बनेंगे।परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले का परिवार खुशहाल रहेगा। अपर मुख्य सचिव वेंकटेष्वर लू ने कहा कि शरीर को शुद्ध करने के लिये योग जरूरी है।लेकिन मन को शुद्ध करने के लिए यज्ञ की आवश्यकता है।जो व्यक्ति योग व यज्ञ करेगा उसका जीवन धन्य होगा। लोग कठिन परिश्रम करके शक्ति हासिल कर लेते है।लेकिन माया के लालच में भटक जाते है।यदि माया के चंगुल में न फंसे तो मुक्ति की प्राप्ति हो जाएगी।सन्त निष्ठा साहेब ने कहा कि मनुष्य घर परिवार की जिम्मेदारी निभाने के साथ थोड़ा सा समय परमात्मा के लिए निकालें जिसकी प्रार्थना से अच्छी सोच के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार अच्छी शिक्षा का जन्म होगा जो आगे चलकर माता पिता का नाम रोशन कर सकेंगे। संत निष्ठा साहेब सेव ट्रस्ट अध्यक्ष महंत अलोकदास ने सभी का आभार जताया।मंच का संचालन महंत प्रांजल दास ने किया। भाजपा एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सन्त निष्ठा साहेब से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस मौके ग्राम प्रधान विजय बहादुर वर्मा, बीडीओ सन्दीप श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत जानकीराम,सहायक अभियंता लघु सिंचाई राकेश कुमार सिंह,अवर अभियंता क्रमशः मेराज अहमद, अरुण कुमार व्यास, योगेश श्रीवास्तव, बीटी क्रमशः संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, सीओ गरिमा पंत सहित सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह व पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

व्यापारियों के साथ खड़ी है भाजपा सरकार: सतीश शर्मा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। टिकैतनगर नगर पंचायत कार्यालय के पंडित दीनदयाल सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विधानसभा दरियाबाद के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती के लिए आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम नगर पंचायत के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस दौरान राज्यमंत्री शर्मा ने दो मृतक परिवारों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए। टिकैतनगर के तालाब में डूबने से मृत व्यक्ति के परिवार को और कोठरीगौरिया में घाघरा नदी में डूबने से मृत व्यक्ति के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा,ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह सहित विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए व्यापारी उपस्थित रहे।

सेवा पखवाड़ा के बहाने सामाजिक जुड़ाव बढ़ाएगी भाजपा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से होगी सेवा पखवाड़ा की शुरूआत
- 11 से 13 सितंबर के मध्य मंडलों पर होंगी कार्यशालाएं

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इसका उद्देश्य सामाजिक जुड़ाव बढ़ाना और संगठन की पहुंच को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। प्रबुद्ध सम्मेलन, स्वच्छता अभियान ,पौधारोपण,नमो मैराथन और रक्तदान शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा के टिप्स दिए गए।बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को रक्तदान शिविर , स्वच्छता अभियान एवं प्रदर्शनी से होगी।रक्तदान दो चरणों में होगा।रक्तदान का दूसरा चरण 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 से 24 सितंबर तक, प्रबुद्ध सम्मेलन 19 - 20 सितंबर को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत,फिट इंडिया,नशा मुक्त भारत थीम पर आधारित नमो मैराथन का आयोजन 21 सितंबर को होगा।उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम के साथ स्कूलों व महाविद्यालयों में भी कार्यक्रम संगठन की ओर से कराए जाएंगे। नगरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा।उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती,दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान के भी कार्यक्रम संपन्न होंगे।गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को कार्यक्रम तथा विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता,सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 25 सितंबर तक आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर एससी - एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विधायक दिनेश रावत,एमएलसी अंगद सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव,अजीत प्रताप सिंह, रामकुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता,ब्रजेश रावत, शीलरत्न मिहिर,गुरुशरण लोधी एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांसद अखिलेश यादव ने भेजी राहत सामग्री, ट्रैक्टर पर लादकर बाढ़ प्रभावित लोगों तक पहुंचे सपाई

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

कन्नौज में और काली नदी के आसपास बसे गावों में बाढ़ का प्रकोप दिखने लगा है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के झंडे और अखिलेश यादव की फोटो वाले पैकेट लेकर सपाई बुधवार को बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचे और ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां की अगुवाई में पूर्व विधायक अरविंद यादव, कल्यान सिंह दोहरे, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, पीपी सिंह बघेल, यश कुमार दोहरे समेत पार्टी के तमाम कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित गांव गंगूपुर, मदारीपुर और टिकापुरवा पहुंचे। रास्ते में पानी भरा होने के कारण सपाई गाड़ी छोड़कर ट्रैक्टर पर सवार हो गए। ट्राली में राहत सामग्री लादकर गांव पहुंचे। यहां सपा के रंग में अखिलेश यादव की फोटो छपी बोरियों में भरी राहत सामग्री ग्रामीणों को वितरित की। सामग्री लेने के लिए महिलाएं पानी के बीच से होते हुए पहुंची और फिर सिर पर पैकेट रखकर सुरक्षित घर वापस लौट गईं। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई राहत सामग्री के पैकेट उन लोगों ने बाढ़ प्रभावित गांव में वितरित की है। इन गांव की ओर जाने वाले रास्तों पर पानी भर गया। जिस कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया। जिला प्रशासन को और अधिक राहत सामग्री वितरित कराना चाहिए।

समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 में कन्नौज के विजन पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

मुख्यमंत्री के विजन समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश- 2047 के शताब्दी संकल्प के अन्तर्गत समृद्ध और सक्षम कन्नौज की दिशा में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित गोष्ठी में विचार-विमर्श किया गया। इस गोष्ठी में बेड एंड ब्रेकफास्ट/होम स्टे/रूरल होमस्टे नीति-2025 के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी किया गया। विधायक कैलाश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि ÷समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047÷ अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाते हुए भारत को विश्व की नंबर एक अर्थव्यवस्था में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगा है और अब देश-विदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था लगातार उच्चतर स्थान पर पहुंच रही है। कहा कि जनपद कन्नौज की स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। तिर्वा स्थित दौलेश्वर भोलेनाथ मंदिर एवं मां अन्नपूर्णा मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा होने पर ये स्थल अद्वितीय रूप से चमकेंगे। इस दौरान जिला पर्यटन अधिकारी डा0 एम0 मकबूल ने बेड एंड ब्रेकफास्ट/होम स्टे/रूरल होमस्टे नीति-2025 की प्रस्तुतीकरण में जनपद कन्नौज के उद्यमियों, व्यवसायियों, होटैलियर्स सहित उपस्थित सभ्रान्त नागरिकों को बताया कि इस नीति से आय का एक अतिरिक्त श्रोत सृजित होगा। इस नीति के अन्तर्गत ग्रामीण या नगरीय क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन पोर्टल अथवा पर्यटन कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। इस नीति की मुख्य विशेषता यह है कि इसमे भवन कर, बिजली, जल, सीवर आदि से संबंधित करों की देयता व्यवसायिक दरो के बजाय आवासीय दरों पर ही अनुमन्य की गई है।

अच्छी और कमजोर सीटों के बीच संतुलन जरूरी : कांग्रेस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार में महागठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत के बीच कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि सीटों का बंटवारा करते समय अच्छी और कमजोर सीटों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। साथ ही, अगर नए दल गठबंधन में शामिल होते हैं, तो मौजूदा सभी दलों को अपनी-अपनी सीटों में से कुछ सीटें छोड़नी होंगी। यह बयान उस समय आया है जब महागठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) को शामिल करने की चर्चा चल रही है।

भाजपा पर कांग्रेस बिहार प्रभारी ने साधा निशाना

कांग्रेस नेता और बिहार के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा, पहले चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया बदली गई, मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया और गृहमंत्री को शामिल किया गया। फिर कानून में बदलाव कर यह सुनिश्चित किया गया कि चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। इसके बाद मतदाता सूची में हेराफेरी की गई और चुनाव के दिन गड़बड़ी की गई।

वाराणसी लोकसभा सीट पर धांधली का आरोप

कृष्णा अल्लावरु ने उदाहरण देते हुए कहा, वाराणसी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कई राउंड तक आगे थे, लेकिन लाइव अपडेट अचानक रोक दिए गए और आखिरी समय में नरेंद्र मोदी को विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी करने वाली सरकार जनता की समस्याओं जैसे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अपराध और पेपर लीक की परवाह नहीं करती।

'अच्छी और कमजोर सीटों के बीच संतुलन जरूरी'

वहीं बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे पर उन्होंने कहा, हर राज्य में कुछ सीटें अच्छी होती हैं, कुछ कमजोर। एक ही पार्टी को सिर्फ अच्छी सीटें और दूसरी पार्टी को कमजोर सीटें नहीं दी जानी चाहिए। हमारा प्रयास है कि सभी दलों को संतुलित हिस्सेदारी मिले। उन्होंने साफ किया कि फिलहाल राहुल गांधी की अगुवाई में कोई नई यात्रा (यात्रा कार्यक्रम) निकालने की योजना नहीं है।

'आधार का 12वां पहचान पत्र बनना जनता की जीत'

बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा से यह मुद्दा उठाया गया कि बिहार में विशेष मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) के दौरान पहचान के 11 दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल नहीं था। अब सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि आधार को भी मान्यता दी जाए। उन्होंने कहा, यह जनता की जीत है।

दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने बनाई तमाम रणनीति

मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने बिहार के नेताओं के साथ बैठक की। इसमें सीट बंटवारे, चुनाव प्रचार और उम्मीदवार चयन को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में अजय माकन, केसी वेणुगोपाल, पप्पू यादव और कई अन्य नेता मौजूद थे। इस बैठक से पहले महागठबंधन के नेताओं की मुलाकात तेजस्वी यादव के नेतृत्व में हुई थी, जो बिहार में विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति के प्रमुख हैं।

पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से की बातचीत, यूक्रेन संघर्ष को लेकर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के साथ भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की और इसके समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। फोन पर बातचीत में, मोदी ने मेलोनी के साथ यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के उपायों के साथ-साथ भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की।

पीएम मोदी ने एक्स पर साझा की जानकारी

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन संघर्ष को जल्द समाप्त करने में साझा रुचि जताई है। भारत-यूरोपीय संघ के बीच आपसी हितों पर आधारित व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने और आईएमईईसी पहल के तहत कनेक्टिविटी को प्रोत्साहित करने में इटली के सक्रिय समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी का धन्यवाद किया।

मुक्त व्यापार समझौते पर भारत-ईयू की बैठक

भारत और यूरोपीय संघ इस साल के अंत तक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। दोनों पक्ष इस सप्ताह नई दिल्ली में 13वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद जून 2022 में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता फिर से शुरू की। आईएमईईसी पहल को 2023 में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अंतिम रूप दिया गया। एक अग्रणी पहल के रूप में प्रस्तुत, इस पहल का उद्देश्य सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क स्थापित करना है, जिसका उद्देश्य एशिया, मध्य पूर्व और पश्चिम के बीच एकीकरण सुनिश्चित करना है।

बंगाली में और ज्यादा बोलो, डरने की जरूरत नहीं : ममता बनर्जी

- यह बयान राज्य के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में आया है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जलपाईगुड़ी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को जनता से आग्रह कि वे बंगाली में ज्यादा बोलें और डरें नहीं। उनका यह बयान राज्य के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में आया है। बनर्जी ने कहा, बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत। हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे। लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा। जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं। नेपाल की स्थिति पर ममता बनर्जी ने कहा, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं। मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा। मंगलवार को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह इस्तीफा युवाओं के उस आंदोलन के दबाव में दिया, जिसने पूरे नेपाल को राजनीतिक और सामाजिक रूप से हिला कर रख दिया है। प्रदर्शनकारियों ने कई बड़े नेताओं के घरों में आग लगा दी, राजनीतिक दलों के दफ्तरों पर हमला किया, संसद में तोड़फोड़ की और पूरी सरकार को हिला दिया। ओली सरकार ने कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाए थे, जिसके बाद युवाओं ने यह आंदोलन शुरू किया। आंदोलन पहले ही दिन हिंसक हो गया था, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई थी।

वरिष्ठ साहित्यकार रामजी भाई को माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया

जन एक्सप्रेस। भोपाल

वरिष्ठ साहित्यकार रामजी तिवारी को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अखिल भारतीय प्रतिष्ठित माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट कृति 'रामायण की नारियाँ' के लिए वर्ष 2022 में प्रदान किया गया। बीते दिनों भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में मध्य प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रामजी भाई को अंगवस्त्र, प्रशस्तिपत्र और सम्मान राशि के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर देशभर से साहित्य, पत्रकारिता और कला-संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े अनेक लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार एवं हस्तियां उपस्थित रहीं। इस वर्ष माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार पाने वालों में रामजी तिवारी लखनऊ से एकमात्र साहित्यकार रहे। उनके इस विशेष सम्मान पर साहित्य जगत, पत्रकारिता और समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। रामजी तिवारी की यह उपलब्धि साहित्य के क्षेत्र में उनके अथक योगदान का प्रतीक मानी जा रही है। उनकी रचनाएँ समाज के संवेदनशील पक्ष को उजागर करती हैं और भारतीय संस्कृति की विविधता को व्यापक दृष्टि से प्रस्तुत करती हैं।

इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड एम्बेसडर पुष्कर शर्मा का हुआ सिलेक्शन ज़िम्बाब्वे टूर पर

जन एक्सप्रेस। नैरोबी,केन्या

इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड एम्बेसडर और भारतीय मूल के प्रतिभाशाली क्रिकेटर पुष्कर शर्मा का चयन आगामी ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए हुआ है। यह दौरा 2025 Men's T20 World Cup Africa Regional Final के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो कि 26 सितंबर से 4 अक्टूबर 2025 तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में अफ्रीका की आठ प्रमुख टीमें दो ग्रुपों में बंटी होंगी। **ग्रुप एः** केन्या, नामीबिया, नाइजीरिया, मलावी **ग्रुप बीः** युगांडा, ज़िम्बाब्वे, तंजानिया, बोत्सवाना टूर्नामेंट की दो शीर्ष टीमें 2026 टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका पहले से ही पिछले संस्करण की टॉप-8 टीमों में शामिल होने के चलते सीधे क्वालिफाई कर चुका है। सभी टीमें 19 सितंबर 2025 को ज़िम्बाब्वे में एकत्र होंगी और टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वॉर्मअप मुकाबले खेलेंगी। यह अभ्यास मैच खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों में ढलने और रणनीति बनाने में मदद करेंगे।

पुष्कर शर्मा का भावुक संदेश

अपनी टीम में चयन को लेकर उत्साहित पुष्कर शर्मा ने कहा मैं इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझे हर समय सपोर्ट किया और कभी मेरा साथ नहीं छोड़ा। इसके अलावा, मैं भगवान का भी आभार व्यक्त करता हूं उन्हीं के आशीर्वाद से मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह मेरे जीवन का एक अहम पड़ाव है और मैं इस मौके को पूरी मेहनत से भुनाना चाहता हूं।

पुष्कर का चयन क्यों है खास?

पुष्कर शर्मा एक बेहतरीन बल्लेबाज़ हैं, जिनका प्रदर्शन अफ्रीकी क्रिकेट में लगातार सराहनीय रहा है। उनके खेल में निरंतरता और नेतृत्व की क्षमता ने उन्हें न केवल टीम का अहम हिस्सा बनाया है, बल्कि उन्हें इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस का ब्रांड एम्बेसडर भी बनाया गया है – जो उनके खेल और व्यक्तित्व दोनों की पहचान है।

आगे की राह

जिम्बाब्वे दौरे में पुष्कर के सामने चुनौतीपूर्ण मुकाबले होंगे, जहां उन्हें अफ्रीका की मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना है। अगर उनकी टीम शीर्ष दो में स्थान बनाती है, तो उन्हें 2026 टी20 World Cup में हिस्सा लेने का गौरव प्राप्त होगा।

नेपाल में इंटरनेट मीडिया बंद होने के बाद हिंसा

सीमावर्ती भारत के लिए भी चेतावनी

मुकेश कुमार

नेपाल में इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म बंद करने का निर्णय देश की सियासत के लिए बेहद महंगा साबित हुआ। जिस उद्देश्य से यह कदम उठाया गया, वह स्थिति को संभालने के बजाय और अधिक गंभीर बना गया। आज वहां युवाओं का आक्रोश सड़कों पर है, सरकारी संपत्तियों पर हमले हो रहे हैं और आगजनी जैसी घटनाओं ने प्रशासन की नींव को हिला दिया है। अंततः प्रधानमंत्री तक को इस्तीफा देना पड़ा। यह परिदृश्य न केवल नेपाल की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि भारत जैसे पड़ोसी देशों के लिए भी चिंताजनक संकेत है।

इंटरनेट पर अंकुश और लोकतंत्र की विफलता

डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया केवल मनोरंजन या संवाद का माध्यम भर नहीं रह गया है, बल्कि यह जनमत निर्माण, राजनीतिक सहभागिता और लोकतांत्रिक संवाद का सशक्त साधन बन चुका है। ऐसे में किसी भी सरकार का इसे पूरी तरह बंद करना जनता को आवाजहीन करने जैसा है। नेपाल सरकार ने यह भूल की और परिणाम स्वरूप वहां असंतोष ने विद्रोह का रूप ले लिया। लोकतंत्र में संवाद की जगह दमन को तरजीह देना हमेशा विस्फोटक साबित होता है। नेपाल की अशांति का सीधा असर सीमावर्ती भारत पर भी पड़ रहा है। पीलीभीत सहित उत्तराखंड और बिहार से सटी खुली सीमाओं पर तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका है। इंटरनेट बंद होने और राजनीतिक अस्थिरता के बीच आम नागरिकों की आवाजाही का दुरुपयोग कर आपराधिक नेटवर्क सक्रिय हो सकते हैं। इसीलिए एसएसबी और पुलिस द्वारा अलर्ट जारी करना और गश्त बढ़ाना एक स्वागतयोग्य कदम है। परंतु यह अल्पकालिक समाधान है। दीर्घकालिक सुरक्षा तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब नेपाल में राजनीतिक स्थिरता बहाल हो। नेपाल की मौजूदा स्थिति भारत के लिए भी एक सबक है। सोशल मीडिया पर अंकुश की बहस भारत में भी समय-समय पर उठती रहती है। परंतु जिस तरह नेपाल में पूर्ण प्रतिबंध ने असंतोष को भड़का दिया, वह बताता है कि संवाद को बंद करना समाधान नहीं है। सरकारों को चाहिए कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग को नियंत्रित करने के उपाय करें, लेकिन जनता की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को छीनने की गलती न दोहराएं। लोकतंत्र का आधार ही संवाद और सहमति है। नेपाल की स्थिति यह चेतावनी है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज दबाने के प्रयास कभी भी सफल नहीं हो सकते। इंटरनेट मीडिया बंद करने जैसी नीतियां तात्कालिक समस्याओं को भले शांत कर दें, लेकिन अंततः विद्रोह की आग को ही जन्म देती हैं। भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था इस बात का संकेत है कि पड़ोसी देशों के आंतरिक हालात हमारे लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अब आवश्यक है कि नेपाल जल्द से जल्द संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की बहाली की ओर बढ़े, ताकि स्थिरता लौटे और सीमावर्ती क्षेत्र भी चैन की सांस ले सकें।

इंदिरापुरम शिप्रा सन सिटी रोड पर चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

जब से जीडीए से इंदिरापुरम गाजियाबाद नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है , सबसे अधिक शिकायते अतिक्रमण की आ रही है । पूर्व में भी नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया गया था और ऐसे ही हाल ही महापौर सुनीता दयाल के पास शिप्रा सन सिटी रोड पर नाले के ऊपर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। जिसको लेकर महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि उपरोक्त अतिक्रमण पर कार्यवाही होनी चाहिए ओर इसी क्रम में आज नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अन्य अधिकारियों एवं स्थानीय पार्षद के साथ मिलकर लगभग 15 वर्ष पुराना अतिक्रमण हटवाया है। पूर्व में भी इंदिरापुरम में अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होती रही है इंदिरापुरम में रेहड़ी पटरी, खोके आदि बड़ी मात्रा में लगाये हुए हैं और कई स्थानों पर पूरी रात सामान बेचा जाता है। महापौर से कुछ रोज पहले इंदिरापुरम में पार्टी की महिलाओं के द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की गई थी और बताया गया था कि 15 वर्षो से नाले के ऊपर कब्जा कर बाजार लगाया हुआ है जिस कारण नाले की सफाई करना भी मुश्किल है तभी महापौर ने अधिकारियों से वार्ता की ओर जल्द से जल्द अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए

- सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता हो समाप्त

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

देश के सभी सेवारत प्राथमिक शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पात्र होने के लिए शिक्षक पात्रता टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से सभी शिक्षक चिंतित हैं । जिसमें मात्र 5 वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की गई है , उन्हें भी पदोन्नति हेतु इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है । जिसमें देश के बाकी सेवारत शिक्षकों को 2 वर्ष में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य करते हुए कहा गया कि जो शिक्षक दो वर्षों में इस परीक्षा को उत्तीर्ण नहीं होंगे ऐसे शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा एक बार ली जाने वाली परीक्षा है जिसे नियुक्ति के समय चयन के लिए बनाया गया है न कि सेवारत शिक्षकों की पात्रता को जांचने के लिए।जो शिक्षक शिक्षिकाएं दिनांक 23 अगस्त 2010 नोटिफिकेशन शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त है। उनकी नियुक्ति के समय की योग्यता सेवा नियमावली के अनुरूप है। जिस पर टीईटी की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए।नियुक्ति के समय की न्यूनतम अर्हता सेवा काल में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए।इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा सरकार इस प्रकरण का सहानुभूति एवं व्यवहारिकता के साथ संज्ञान ले एवं लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अधिनियम में आवश्यक संशोधन करें।सेवा नियमावली के अनुसार जिन शिक्षक शिक्षिकाओं को नियुक्ति के यथावत यथा समय योग्यता अनुसार नियुक्ति दी गई है उन्हें इस परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए व नियुक्ति के यथा समय योग्यता अनुसार पदोन्नति दी जाए।जिसको लेकर आज सैकड़ो शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा,प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश मित्तल,ब्लॉक अध्यक्ष लोनी मनोज डागर,ब्लॉक अध्यक्ष रजापुर मनोज त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर पुष्पेंद्र सिंह,ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर अमित यादव, कनक सिंह,लक्ष्मण राठी,दिनेश कुमार, मोहम्मद ग़ालिब सहित सैंकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

नेपाल जाने वाली यूपी परिवहन निगम की बसें अब सीमा के अंदर नहीं जायेगी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की नेपाल जाने वाली बसों का परिचालन अब भारत-नेपाल सीमा तक ही सीमित हो गया है। नेपाल में चल रहे उग्र विरोध प्रदर्शनों के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन बसों को सीमा के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया गया है। नतीजतन, यात्री अब नेपाल सीमा से 10 से 15 किलोमीटर पहले भारत-नेपाल बॉर्डर पर ही उतारे जा रहे हैं, और वहां से नेपाल की ओर जाने वाले यात्री भी यहीं से बस में सवार हो रहे हैं। साहिबाबाद डिपो से नेपाल के लिए दो बसें संचालित होती हैं। इनमें से एक बस नेपालगंज और दूसरी महेंद्रनगर के लिए चलती है। दोनों बसें 52 सीटर हैं, लेकिन इनमें यात्रियों की संख्या औसतन 25 से 30 के बीच रहती है। साहिबाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि नेपाल में हाल के दिनों में विरोध प्रदर्शन तेज होने के कारण परिवहन निगम ने एहतियाती कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षा कारणों से हमने बसों का नेपाल सीमा के अंदर प्रवेश पूरी तरह से वर्जित कर दिया है। बसें अब भारत-नेपाल बॉर्डर पर रुक रही हैं, जहां से यात्री अपने गंतव्य के लिए अन्य साधनों का उपयोग कर रहे हैं। इस नए नियम के कारण यात्रियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई यात्रियों का कहना है कि बॉर्डर पर उतरने के बाद उन्हें नेपाल के अंदर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए स्थानीय साधनों जैसे ऑटो, टैक्सी या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि अतिरिक्त खर्च भी वहन करना पड़ रहा है। साहिबाबाद से नेपालगंज जाने वाले एक यात्री रमेश चंद्र ने बताया, ÷पहले बस हमें सीधे नेपालगंज तक ले जाती थी, लेकिन अब बॉर्डर पर उतरने के बाद हमें अलग से गाड़ी करनी पड़ती है। यह थोड़ा असुविधाजनक है, लेकिन सुरक्षा के लिए यह जरूरी भी है। एआरएम राजेश कुमार ने बताया कि परिवहन निगम यात्रियों और चालक-परिचालक की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। नेपाल में अस्थिर स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, ÷हम लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। जैसे ही नेपाल में हालात सामान्य होंगे, बसों का संचालन फिर से पहले की तरह शुरू कर दिया जाएगा।÷ इसके साथ ही, परिवहन निगम ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले डिपो से संपर्क कर ताजा जानकारी प्राप्त कर लें। नेपाल में हाल के दिनों में राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इन प्रदर्शनों ने कई क्षेत्रों में यातायात और जनजीवन को प्रभावित किया है। खासकर सीमावर्ती इलाकों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, जिसके चलते भारत से नेपाल जाने वाले यात्री वाहनों पर भी असर पड़ा है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, लेकिन इसके कारण यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है। परिवहन निगम ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय बॉर्डर पर उतरने की स्थिति के लिए तैयार रहें। साथ ही, नेपाल में प्रवेश करने से पहले वहां की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य लें। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे अपने साथ जरूरी दस्तावेज और सामान रखें, ताकि बॉर्डर पर किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

साहिबाबाद डिपो के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था अस्थायी है और नेपाल में स्थिति सामान्य होने पर बसें फिर से पूर्ण मार्ग पर चलेंगी। तब तक यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए यात्री साहिबाबाद डिपो के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)